RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 19
नई दिल्ली, सोमवार, 21 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सूर्य कुमार का शतक भारत जीता

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# सीओपी 27: जलवायु परिवर्तन के जिम्मेदार अमीर देश देंगे मुआवजा

## ऐतिहासिक फैसला, भारत ने कहा-दुनिया ने इसके लिए लंबे समय तक इंतजार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● फैसले को गरीब देशों की जीत माना जा रहा, सभी जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल बंद करने के मुद्दे पर ज्यादा प्रगति नहीं

**सीओपी 27** जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मलेन में रविवार को एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। मिस्र में संपन्न हुए इस सम्मेलन में दुनिया भर के 200 देशों ने भाग लिया। बैठक में जलवायु परिवर्तन के लिए अमीर देशों को जिम्मेदार ठहराया गया। 14 दिन तक चली बहस के बाद फैसला किया गया अमीर देश एक कोष बनाएंगे और इससे गरीब देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए मुआवजा दिया जाएगा। इसे निर्धन देशों की बड़ी जीत माना जा रहा है।

लेकिन सभी जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल बंद करने समेत अन्य अहम मामलों पर स्कॉटलैंड में एक साल पहले हुए समझौते की तुलना में बहुत कम प्रगति देखने को मिली। सीओपी27 में उम्मीद की जा रही थी कि जैसा कि भारत ने प्रस्तावित किया था और यूरोपीय संघ एवं अमेरिका सहित कई विकसित एवं विकासशील देशों ने समर्थन दिया था- तेल और गैस सहित सभी जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किए जाने की बात को भी शामिल किया जाए, लेकिन सीओपी26 में जिस बात पर सहमति बनी थी, अंतिम समझौते में उसे आगे नहीं बढ़ाया गया। बहरहाल, सीओपी26 की तुलना में सीओपी27 ने नवीकरणीय ऊर्जा के संबंध में अधिक कड़ी भाषा का इस्तेमाल किया और ऊर्जा माध्यमों में बदलाव की बात करते हुए न्यायोचित बदलाव के सिद्धांतों को शामिल किया गया। इस योजना ने वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से करीब दो डिग्री सेल्सियस नीचे तक सीमित रखने के पेरिस समझौते के लक्ष्य की पुष्टि की।



सीओपी27 सम्मेलन में बोलते भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव

इसमें कहा गया कि यह जलवायु परिवर्तन के जोखिम और प्रभावों को काफी कम करेगा। हानि एवं क्षतिपूर्ति के समाधान के लिए वित्तपोषण या एक नया कोष बनाना भारत सहित गरीब और विकासशील देशों की लंबे समय से लंबित मांग रही है, लेकिन अमीर देशों ने एक दशक से अधिक समय से इस पर चर्चा से परहेज किया है। विकसित देशों, खासकर अमेरिका ने इस डर से इस नए कोष का विरोध किया है कि ऐसा करना जलवायु परिवर्तन के चलते हुए भारी नुकसान के लिए उन्हें कानूनी रूप से जवाबदेह बनाएगा। हानि और क्षति कोष का प्रस्ताव जी77 और चीन (भारत इस समूह का हिस्सा है), अल्प विकसित देशों और छोटे द्वीप राष्ट्रों ने रखा था। अल्प विकसित देशों ने कहा था कि वे नुकसान और क्षति कोष पर समझौते के बिना सीओपी27 से नहीं जाएंगे।

इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की वरिष्ठ सलाहकार श्रुति शर्मा ने कहा कि यह निराशाजनक है कि सीओपी27 में जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने पर कोई मजबूत संदेश देने के लिए सीओपी26 के बयान को आगे नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने कहा, सीओपी26 में पक्षकारों ने कोयले के बेरोकटोक इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कम करने की बात की थी। सीओपी27 में आशा थी कि भारत के प्रस्ताव के माध्यम से कोयला, तेल और गैस सहित सभी जीवाश्म ईंधनों को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने की बात को शामिल किया जाएगा। इस सीओपी में शायद सबसे महत्वपूर्ण हानि एवं क्षति निधि का निर्माण रहा। क्लाइमेट ट्रेंड्स (शेष पेज 8)

# कांग्रेस की यात्रा में मेधा पाटकर के शामिल होने पर मोदी हमलावर

● कहा- नर्मदा बांध विरोधी तत्व हैं कांग्रेस के साथ, लोगों से गुजरात में डबल इंजन सरकार को फिर चुनने की अपील की

**पायनियर समाचार सेवा।** धोराजी



गीर सोमनाथ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सवाल किया कि कांग्रेस किस नैतिक आधार पर गुजरात में वोट मांग रही है, जब उसके नेता की भारत जोड़ो यात्रा में वह महिला शामिल हुई जिसने तीन दशकों तक नर्मदा बांध परियोजना को बाधित किया था। मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में की जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शनिवार को महाराष्ट्र में नर्मदा बचाओ आंदोलन की कार्यकर्ता मेधा पाटकर के शामिल होने का संदर्भ देते हुए यह कहा।

गुजरात के राजकोट जिला स्थित धोराजी नगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजना में इसलिए देरी हुई कि कई लोगों ने इसे रोकने की बहुत कोशिश की। उन्होंने कहा, कच्छ और काठियावाड़ (सौराष्ट्र क्षेत्र) को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नर्मदा परियोजना ही एकमात्र समाधान थी। आपने कल देखा होगा कि कैसे कांग्रेस के एक नेता उस महिला के साथ पदयात्रा कर रहे थे, जो सरदार सरोवर बांध विरोधी कार्यकर्ता थी। उन्होंने तथा अन्य लोगों ने कानूनी बाधाएं पैदा कर तीन दशकों तक परियोजना रूकवा दी।

प्रधानमंत्री ने कहा, इन कार्यकर्ताओं ने इसलिए प्रदर्शन किया कि यहां पानी नहीं पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं पर गुजरात को इस हद तक बदनाम करने का आरोप लगाया कि विश्व बैंक ने भी इस परियोजना के लिए वित्त मुहैया करना रोक दिया था। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस आपके पास वोट मांगने आए, तो मैं चाहता हूं कि आप उनसे पूछे कि विपक्षी पार्टी किस नैतिक आधार पर वोट मांग रही है जब उनके नेता एक ऐसी महिला के साथ पदयात्रा कर रहे हैं जो नर्मदा परियोजना के खिलाफ थी। मैं आपसे कांग्रेस से यह सवाल पूछने का अनुरोध करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने छोटे बांध बनाना, नए कुएं और झीलों की खुदाई तथा पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने जैसी विभिन्न योजनाओं के जरिए पानी की कमी के मुद्दे का हल करने के लिए 20 साल तक कड़ी मेहनत की।

उन्होंने कहा, आज पूरे कच्छ-काठियावाड़ क्षेत्र को पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए पानी मिल रहा है। हम समस्याओं का स्थाई समाधान करने में यकीन रखते हैं। हम समझते हैं कि पानी और बिजली विकास के लिए जरूरी है। कांग्रेस सरकार की केवल हैंडपम्प लगाने में दिलचस्पी थी। दूसरी ओर गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के बोटाद कस्बे में एक चुनावी रैली को (शेष पेज 8)

# नई टीम के गठन में उत्तर भारत को तवज्जो देंगे खड़गे



● संगठन में फिर से जान भरने के लिए कांग्रेस चुनाव प्रबंधन और प्रशिक्षण के लिए छह नए विभाग बनाने जा रही है

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**दक्षिण** भारत से आने वाले कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी में संगठनात्मक सुधार और पुनर्गठन की कवायद तेज कर दी है। इसके साथ ही खड़गे उत्तर भारत के नेताओं को तवज्जो देने के साथ उनकी जिम्मेदारी बढ़ाने जा रहे हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सूत्र ने कहा कि खड़गे पार्टी में सुधार के लिए इस साल मई में उदयपुर घोषणा के ब्लू प्रिंट (खाका) के आधार पर तीन प्रमुख तत्वों संगठन, संचार और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए कमर कस रहे हैं। इसके लिए पार्टी में मृतप्राय: संगठन में फिर से जान भरने के लिए कांग्रेस चुनाव प्रबंधन और प्रशिक्षण आदि के लिए छह नए विभाग का बनाने जा रही है। पार्टी ने जनता के लिए एक आतंरिक विभाग के गठन का निर्णय लिया है, इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इसमें पार्टी के आधे कर्मचारियों की उम्र 50 वर्ष से कम हो।

वर्तमान संगठन में दक्षिण भारत का वर्चस्व है, जिसमें अध्यक्ष खड़गे, एआईसीसी महासचिव संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल, एआईसीसी महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश और भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास वीवी ये सभी दक्षिणी राज्यों से आते हैं। इसके अलावा मौजूदा संगठन में पार्टी के महत्वपूर्ण पदों (शेष पेज 8)

# मेंगलुरु में ऑटोरिक्शा में विस्फोट आतंकवादी कृत्य: डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रवीण सूद ने रविवार को कहा कि मेंगलुरु में एक चलते ऑटोरिक्शा में हुआ विस्फोट आतंकवाद का कृत्य है। डीजीपी ने ट्वीट किया, अब इसकी पुष्टि हो गई है। विस्फोट दुर्घटनावश नहीं हुआ, बल्कि आतंकवाद का कृत्य है जिसका उद्देश्य गंभीर नुकसान पहुंचाना था। कर्नाटक राज्य पुलिस केंद्रीय एजेंसियों के साथ गहनता से जांच कर रही है। यह विस्फोट एक थाने के पास एक ऑटोरिक्शा में शनिवार शाम को हुआ जिसमें एक यात्री और चालक घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा कि विस्फोट में घायल हुए लोगों को अच्छा इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन वे अभी बात करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमें जो सूचना मिली है उससे पता चलता है कि इस घटना के पीछे बहुत बड़ा (शेष पेज 8)

# राजकोट-सूरत में आज रैली करेंगे राहुल

● भारत जोड़ो यात्रा से दो दिन की छुट्टी लेंगे कांग्रेस नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अहमदाबाद

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से दो दिन की छुट्टी लेकर गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। राहुल गांधी सोमवार को राजकोट और सूरत में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को महाराष्ट्र का दौरा खत्म करने के बाद बुधवार को मध्य प्रदेश में प्रवेश करने से पहले भारत जोड़ो यात्रा से दो दिनों का विश्राम ले रहे हैं।

जहां यात्रा 21 और 22 नवंबर को स्थगित रहेगी, वहीं राहुल गांधी 21 नवंबर को छुट्टी का उपयोग गुजरात में प्रचार के रूप में उपयोग करेंगे। हालांकि इससे पहले हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने प्रचार नहीं किया जहां 12 नवंबर को मतदान हो चुका है।



बुलधाना में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक बच्चे को कंधों पर बिठाए राहुल गांधी

जबकि गुजरात में एक और पांच दिसंबर को दो चरणों में मतदान होना है। एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल गांधी 21 नवंबर को सूरत और राजकोट में दो चुनावी (शेष पेज 8)

# पत्नी-बेटे ने पूर्व सैनिक की हत्या कर शव के पांच टुकड़े किए

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

● घर के पास तालाब में ठिकाने लगाया, दक्षिण 24 परगना जिले का मामला

**पूरे** देश को झकझोर देने वाले दिल्ली के महरौली श्रद्धा वालकर हत्याकांड जैसा एक मामला पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में हुआ है जहां नौसेना के रिटायर सैनिक की उसकी पत्नी और बेटे ने हत्या करने के बाद शव के पांच टुकड़े कर घर पास के तालाब में ठिकाने लगा दिया। मामले में पत्नी-बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक मृतक दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर के 55 वर्षीय उज्ज्वल चक्रवर्ती थे और इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दो लोगों में उनकी पत्नी श्यामली चक्रवर्ती और बेटा जॉय चक्रवर्ती शामिल हैं। बरूईपुर पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुरुवार देर रात मोहल्ले के एक तालाब से प्लास्टिक की बोरी में लिपटा मृतक का शव बरामद किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में जॉय ने कहा कि बृहस्पतिवार रात उसने परीक्षा फीस चुकाने के लिए पिता से 3,000 रुपये मांगे थे। लेकिन पिता ने पैसे देने से इनकार करने पर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद उज्ज्वल ने जॉय को धक्का दे दिया।

इससे नाराज होकर जॉय ने उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। हत्या के बाद में मां और बेटे ने मिलकर लकड़ी काटने वाली आरी से बाथरूम में शव के पांच टुकड़े किए। इसके बाद जॉय शरीर के निचले हिस्से को अपनी साइकिल से घर से करीब एक मील दूर बरुईपुर के पास जगह ठिकाने लगा दिया। बाद में शरीर के बाकी हिस्सों को तालाब में फेंक दिया। घटना गुरुवार रात की है। उसके बाद उसने पिता के गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई और शुक्रवार को मीडिया के सामने पिता की हत्या (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,663 | |
| निफ्टी | 18,307 | |
| सोना | 53,220 | /10g |
| चांदी | 61,732 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मदर डेयरी का फुल क्रीम और टोकन दूध हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में फुल क्रीम दूध का दाम एक रुपए प्रति लीटर और टोकन वाले दूध का दाम दो रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिया है। नई दरें सोमवार से लागू होंगी। मदर डेयरी ने कहा कि लागत बढ़ने के चलते उसने यह वृद्धि की है। दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 30 लाख लीटर से अधिक दूध की आपूर्ति करने वाली मदर डेयरी ने इस साल दूध की कीमतों में चौथी बार बढ़ोतरी की है।

### शोभायात्रा में तेज रफ्तार ट्रक घुसा, 12 की मौत

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के देसरी थाना अंतर्गत सुल्तानपुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर एक धार्मिक जुलूस में घुस जाने पर महिलाओं और बच्चों सहित करीब 12 की मौत हो गई। राज्य की राजधानी पटना से लगभग 30 किमी. दूर वैशाली जिले में यह हादसा रात करीब नौ बजे हुआ।

# फुटबॉल महाकुंभ की रंगारंग शुरुआत



**पायनियर समाचार सेवा।** दोहा

**फुटबॉल** के सबसे बड़े महाकुंभ फीफा विश्व कप 2022 का आरंभ हो गया। उद्घाटन समारोह में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से हजारों प्रशंसकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। बीटीएस बैंड के जंगकुक की प्रस्तुति देखने लायक थी। ओपनिंग सेरेमनी के बाद टूर्नामेंट के पहले मैच में मेजबान कतर का सामना इक्काडोर से हुआ। फीफा वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी दोहा के अल बायेत स्टेडियम में हुई जिसकी क्षमता लगभग साठ हजार दर्शकों की है। ओपनिंग सेरेमनी में साउथ कोरिया के रॉक बैंड बीटीएस ने प्रस्तुति दी। उस बैंड के सात सदस्यों (शेष पेज 8)

# आइए व्यापार मेला और करिए मन की बात

● प्रगति मैदान में एक स्टाल यह भी, कोई भी व्यक्ति रिकॉर्ड करा सकता अपनी बात, सभी रिकॉर्डिंग जाएंगी पीएमओ

**संजय राय।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के बहुचर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब तक लोग सुनते रहे हैं, लेकिन अब आम लोग भी प्रधानमंत्री तक अपने मन की बात पहुंचा सकते हैं। प्रगति मैदान में चल रहे 41वें अंतरराराष्ट्रीय व्यापार मेले में इस बार यह सुविधा भी मुहैया कराई गई है।

हाल नंबर सात में मन की बात आपके सुझाव प्रधानमंत्री के साथ नाम से एक स्टाल लगाया गया है। इस स्टाल के अंदर एक रिकॉर्डिंग रूम बनाया गया है। इस रूम में एक माइक लगा है जहां व्यक्ति बैठ कर अपनी बात रिकॉर्ड करा सकता है। कोई भी महिला, पुरुष, बच्चा-बुजुर्ग यहां पर प्रधानमंत्री के नाम अपना संदेश दर्ज करा सकता है। ध्यान रखने वाली बात (शेष पेज 8)




अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लगा पोस्टर

## दर्शकों की संख्या पहुंची एक लाख के पार

**कोविड**-19 महामारी के दो साल बाद प्रगति मैदान में 41 वें अंतरराराष्ट्रीय व्यापार मेले के पहले रविवार को दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार देर शाम तक दर्शकों का आंकड़ा एक लाख से अधिक पहुंच गया। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आधिकारिक रूप से 42 हजार से अधिक टिकटें बिकी जबकि इससे (शेष पेज 8)

## हर तरह के सामान खरीदें

**रसोई** व बिजली उपकरणों पर दर्शकों का ज्यादा जोर रहा। राज्य मंडप और फूड कोर्ट भी खचाखच भरे दिखाई दिए। हालों में लगे स्टाल पर भी दर्शकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का खूब जायका लिया। हाल नं. 10 में ऐसी ही एक स्टाल पर पंसारी ग्रुप के निदेशक शम्मी अग्रवाल ने कहा की इन आयोजनों में भाग लेना उनके लिए उत्साहजनक होता है क्योंकि इसमें ग्राहकों से आमने-सामने संवाद करने का मौका मिलता है। दर्शक भी सभी खाद्य उत्पादों को एक ही स्थान पर देख-परख सकते हैं। ऐसे मेलों में खरीदार उत्पादों को खरीदने से पहले उनका अनुभव ले सकते हैं। आईटीपीओ के वरिष्ठ प्रबंधक (मेला) किशन (शेष पेज 8)

# यूनेस्को इंडिया अफ्रीका हैकाथॉन की तैयारियों का जायजा लेने 22 को नोएडा आएंगे मुख्यमंत्री योगी

● 25 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन

● कार्यक्रम में 22 अफ्रीकी देशों के 603 विद्यार्थी भी शामिल होंगे।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



आगामी 25 नवंबर को ग्रेटर नोएडा में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। इसी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ 22 नवंबर को ग्रेटर नोएडा आ रहे हैं।

आगामी 22 नवंबर को योगी आदित्यनाथ नई दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में प्रस्तावित बैठक के बाद ग्रेटर नोएडा आएंगे। ग्रेटर नोएडा के बाद योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में स्थित रामलीला मैदान में जाएंगे। दरअसल, ग्रेटर नोएडा के कासना में स्थित गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसका नाम यूनेस्को इंडिया अफ्रीका हैकाथॉन है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इनके अलावा इस कार्यक्रम में अफ्रीका देशों के लोग भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 22 अफ्रीकी देशों के 603 विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा आ रहे हैं। बताया जाता है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पीएम मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एक टीम इस समय गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में ही है। हाईकमान से आदेश आने के बाद गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग भी अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है।

पीएम मोदी के आगमन से पहले योगी आदित्यनाथ जिला प्रशासन, प्राधिकरण और पुलिस के द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लेने आएंगे। ग्रेटर नोएडा के बाद योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में स्थित रामलीला मैदान पहुंचेंगे।

यह जानकारी लखनऊ मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली है। मिली जानकारी के बाद गाजियाबाद में ही हिंडन एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर के जरिए वापस लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## युवक की गर्दन पर ब्लेड मारकर लूटी स्कूटी

**गाजियाबाद।** भोपुरा रोड पर शनिवार सुबह साढ़े दस बजे बदमाशों ने विक्रम एंकलेव निवासी अरमान की गर्दन पर ब्लेड मारकर स्कूटी लूट ली। घायल अवस्था में लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उपचार के बाद घर भेज दिया। आरोप है कि पुलिस ने उससे शिकायत स्कूटी गायब होने की लिखने के लिए कहा। फि लहाल पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

अरमान का कहना है कि वह एक कंपनी में सामान की सप्लाई का काम करता है। सुबह वह दोस्त की स्कूटी लेकर भोपुरा रोड पर पेट्रोल भरवाने गया था। वापस घर आते हुए रास्ते में सबसे पहले दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। फिर पीछे से दो अन्य बदमाश आए और उसकी गर्दन पर ब्लेड मारकर स्कूटी लूटकर फरार हो गया। लहूलुहान अवस्था में उसने बदमाशों को पकड़ने के लिए शोर भी मचाया, लेकिन किसी राहगीर ने मदद नहीं की।

# रेडिसन ब्लू के मालिक का नोएडा से जुड़ा कनेक्शन, कर्ज बनी आत्महत्या की मजबूरी!

● एक दिन पहले ही परिवार को नोएडा में किया था शिफ्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



कौशाम्बी रेडिसन ब्लू के मालिक अमित जैन की आत्महत्या का के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। हालांकि मौके से अभी तक किसी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इनके परिवार में पत्नी नीतू जैन, बेटी खुशी और बेटा आदित्य हैं।

पुलिस के मुताबिक, परिवार ने शुक्रवार को ही नोएडा में अपने फ्लैट में शिफ्ट किया था। पुलिस की क्राइम टीम के अलावा फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। अमित का मोबाइल और अन्य सामान कब्जे में लेकर कमरे को सील कर दिया गया है। परिजनों से पूछताछ के साथ छानबीन जारी है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।

अमित के एक परिजन ने बताया कि पिछले कई सालों से वह खेल गांव में किराए के मकान में रह रहे थे, लेकिन किसी वजह से उन्होंने दिल्ली छोड़कर नोएडा में शिफ्ट करने का मन बनाया। नोएडा सेक्टर-44 में उन्होंने दूसरा मकान किराए पर लिया। इसके बाद शुक्रवार को उन्होंने घर का ज्यादातर सामान नोएडा के मकान में शिफ्ट करवा दिया।

रात को पूरा परिवार नोएडा के मकान में रुका था। सुबह भाई को गाजियाबाद के कौशांबी में स्थित रेडिसन ब्लू होटल में छोड़ने के बाद अमित मीटिंग में जाने की बात कर खेल गांव स्थित फ्लैट पर पहुंचे। जहां खेलगांव स्थित टावर नंबर-13 में किराये के मकान में अमित जैन ने पंखे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मंडावली पुलिस कोतवाली को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से कुछ महत्वपूर्ण सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने अमित का मोबाइल और अन्य सामान कब्जे में लेकर कमरे को सील कर दिया है। शुरुआती जांच में बताया जा रहा है कि कारोबार में घाटा होने के कारण अमित जैन ने आत्महत्या की है। जैन पर करोड़ों रुपए कर्जा था। वैसे पुलिस सभी पहलू को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन की जा रही है।

# ग्रेनो के 124 गांवों में उठेगा डोर-टू-डोर कचरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 124 गांवों में जल्द ही घर-घर कचरा उठाने की सुविधा शुरू की जाएगी, जिससे यहां रहने वाले लाखों लगों का लाभ मिलेगा। साथ ही शहर को साफ रहने में भी मदद मिलेगा।

फिलहाल यह सुविधा केवल ग्रेटर नोएडा के विकसित क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है। विश्व शौचालय दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि क्षेत्र के गांवों और शहर के कुछ नए विकसित क्षेत्रों में डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण सुविधा नहीं है। माहेश्वरी ने कहा कि नए साल की शुरुआत में इन सभी गांवों और सेक्टरों में घरों से कचरा इकट्ठा करने के लिए एक प्राइवेट एजेंसी का चयन किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सीईओ रितु माहेश्वरी ने यह भी कहा कि प्राधिकरण ने 30 के अलावा 32 और सार्वजनिक शौचालय बनाने की योजना बनाई है जो पहले से ही निर्माणाधीन हैं। वर्तमान में 19 सार्वजनिक शौचालय बनकर तैयार हैं, जबकि 11 शौचालयों का काम तेजी से जारी है। इनमें से 30 पिंक शौचालय हैं, जो पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित हैं।

बाकी सामान्य सार्वजनिक शौचालय हैं। आधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा 32 सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और इनके निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। परियोजना की लागत करीब 4.28 करोड़ रुपये आंकी गई है। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर रितु माहेश्वरी ने आम जनता से खुले में शौच करने के बजाय सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ रखने में मदद करने का भी आह्वान किया।

## नोएडा के फेस-1 थाने में शराब को कराया नष्ट

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में कोर्ट के आदेश के बाद आबकारी विभाग और पुलिस द्वारा पकड़ी गई शराब को लगातार नष्ट किया जा रहा है। इसी कड़ी में नोएडा की थाना फेस.1 पुलिस ने आबकारी अधिनियम से संबंधित वर्ष 2022 के 64 अभियोग में बरामद 1200 लीटर अवैध अंग्रेजी व देशी शराब को नष्ट किया।

पुलिस के द्वारा लगातार अवैध शराब की धरपकड़ की गई है। थानों में रखी हुई शराब को नियमों के तहत नष्ट किया जाता है। उसकी प्रक्रिया गौतम बुध नगर में लगातार चल रही है। कई थानों में रखी हुई शराब को नष्ट करा दिया गया है। उसी कड़ी में नोएडा के थाना फेस.1 थाने में रखी हुई शराब को भी नष्ट किया गया।

# कवि कुमार विश्वास को धमकी देने वाला धरा

● उधम सिंह की शपथ लेकर भेजी था धमकी भरा ई-मेल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कवि कुमार विश्वास को शहीद उधम सिंह की शपथ लेकर धमकी देने वाले को गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार रात इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम लोकेश शुक्ला है।

वह इंदौर में थाना अन्नपूर्णा के सुदामा नगर का रहने वाला है। पुलिस उसे रविवार को गाजियाबाद ले आई। आरोपी ने बताया कि उसका दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से वैचारिक और भावात्मक लगाव है, इसलिए उसने जान से मारने की धमकी दी। कुमार विश्वास के मैनेजर प्रवीण पांडेय ने 18 नवंबर को थाना इंदिरापुरम में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सेक्शन-507, 295 एक्ट 66 में मुकदमा कराया था। प्रवीण पांडेय के अनुसार, कुछ दिनों से एक व्यक्ति कुमार विश्वास को ई-मेल भेजकर लगातार धमकियां दे रहा है।

ई-मेल में आरोपी ने भगवान श्रीराम पर भी आपत्तिजनक शब्द प्रयोग किए। साथ ही भगवान श्रीराम का महिमा मंडन न करने की चेतावनी दी। धमकी देने वाले शख्स ने केजरीवाल को विश्वास से बेहतर बताते हुए उन पर टिप्पणी न करने के लिए भी कहा था। ई.मेल में लिखा था कि अरविंद केजरीवाल बेहतर हैं।

गरीबों का भला किया। सरकारी स्कूल बेहतर बनाए। सबसे ताजा ई.मेल में आरोपी ने कुमार विश्वास को खुली धमकी देते हुए कहा कि शहीद उधम सिंह की शपथ खाता हूं कि मैं तुझे मारुंगा। कुमार विश्वास ने लगातार मिल रही धमकी के मामले में केजरीवाल पर कटाक्ष किया है। कुमार विश्वास ने ट्वीट कर लिखा अब उन्हें और उनके चिंटुओं को मेरे द्वारा मेरे राघवेंद्र सरकार राम का महिमा मंडन करना पसंद नहीं।

## संक्षिप्त समाचार



यातायात नियमों के उल्लघंन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते पुलिस।

### नोएडा में लगा निशुल्क मेगा स्वास्थ्य मेला

**नोएडा।** नोएडा में डायबिटिक फोरम हर महीने के तीसरे रविवार को सामाजिक संगठन और आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाता है। नवंबर डायबिटीज माह के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में मेगा स्वास्थ्य मेला लगायाा गया। सुबह 9 बजे से समाप्त होने तक 2000 लोगों की जांच की गई। इस अवसर नोएडा डायिबिटिक फोरम के अध्यक्ष डॉ जीसी वैष्णव ने बताया कि यह एक ऐसी बीमारी है, जो लाइफस्टाइल और खानपान के दुष्प्रभाव के कारण फैलती है। जंक फूड, कोला कल्चर, कंप्यूटर कल्चर और तनाव बच्चों में डायबिटीज को बढ़ा रहा है। बचपन पर डायबिटीज का साया दिखाई देने लगा है। शहर के स्कूलों के तीन प्रतिशत बच्चे डायबिटीज की चपेट में हैं। जबकि 17 प्रतिशत मोटापे और ओवरवेट का शिकार हैं। डॉ जीसी वैष्णव ने बताया कि विश्व में इस समय सबसे ज्यादा डायबिटीज के रोगी चीन में हैं। दूसरे नंबर पर भारत है। 2033 तक हम दुनिया में भी नंबर एक पर हो जायेंगे। नोएडा डायबिटीज फ ोरम के अध्यक्ष डॉक्टर जीसी वैष्णव ने कहा कि प्रदूषण का प्रभाव भी डायबिटीज पर दिखाई देने लगा है। क्योंकि प्रदूषण के कारण होने वाली बीमारियों से बचने के लिए घरों से नहीं निकलने की सलाह दी जाती है, जिस कारण ऐसा देखा गया है कि रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

### घर के बाहर खड़ी कार में लगाई आग

**नोएडा।** नोएडा में घर के बाहर खड़ी ब्रेजा कार में आग लगाने का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने सुबह.सबह घर के बाहर खड़ी कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद वहां से फ रार हो गया। घर के बाहर लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। फि लहाल फुटेज के आधार पर आग लगाने वाले युवक की तलाश कर रही है। नोएडा के 49 थाना क्षेत्र के सेक्टर 51 के होशियारपुर में मोनू की ब्रेजा कार उसके घर से कुछ ही दूरी पर खड़ी थी। उसने सुबह जाकर देखा तो उसकी कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। उसको समझ नहीं आया कि किस वजह से कार में आग लगी है। कुछ देर बाद उसने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो कार में आग लगाते एक व्यक्ति दिखाई दिया। सुबह 4 बजे के एक व्यक्ति बोतल से पेट्रोल लाकर ब्रेजा कार पर डाल देता है। फिर माचिस से गाड़ी को आग के हवाले कर देता है। कुछ क्षणों में आग इतनी तेज फैलती है कि पूरी कार को अपने आगोश में ले लेती है। कार जलकर राख हो जाती है। थाना प्रभारी सेक्टर 49 ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति कार को आग के हवाले करता दिखाई दे रहा हे। उसकी पहचान की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### वन स्टॉप अध्यात्मिक सुपरमार्केट का उद्घाटन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 11 मे माई तीर्थ इंडिया ने नोएडा में अपना छठा वन स्टॉप आध्यात्मिक सुपरमार्केट का उद्धघाटन किया। माई तीर्थ इंडिया का उद्देश्य सभी आध्यात्मिक स्थलों पर अंत से अंत तक तीर्थ यात्रा से लेकर किसी भी मंदिर में किसी भी पूजा की बुकिंग से लेकर प्रसाद की होम डिलीवरी से लेकर ज्योतिषीय और आयुर्वेदिक परामर्श कराना हमारी संस्कृति, हमारी आध्यात्मिकता, हमारी विरासत को भारत के हर घर तक पहुंचाने है। ग्रुप से लेकर कस्टमाइज्ड यात्रा से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक के विशेष ऑफर, मे माई तीर्थ इंडिया में प्रत्येक तीर्थयात्री, प्रत्येक भक्त के लिए कुछ न कुछ है।

# गाजियाबाद में दो बच्चियों पर आवारा कुत्ते का हमला

● एक मासूम के चेहरे से मांस नोंच लिया, टांके तक नहीं लग पाए, अब सर्जरी होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



राम प्रस्थ सोसाइटी के बाहर बच्ची को दौड़ाते कुत्ते।

गाजियाबाद में स्ट्रीट डॉग ने 1 साल की मासूम बच्ची के चेहरे का मांस नोंच लिया। इतना बेरहमी से काटा कि डॉक्टर टांके तक नहीं लग पाए।

अब बच्ची की सर्जरी होगी। मासूम चाइल्ड पीजीआई नोएडा में भर्ती है। दूसरी तरफ सोसाइटी के बाहर गई 11 साल की लड़की के पीछे 3 स्ट्रीट डॉग एक साथ दौड़ा लिया। एक डॉग ने लड़की के पैर में काट लिया। पहली मामला में बच्ची विजयनगर की रहने वाली थी। उसके पिता सतपाल ने बताया कि शनिवार शाम उनकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी, तभी एक आवारा कुत्तों ने उस पर हमला बोल दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग आए, तब तक एक कुत्ता उनकी बेटी को बुरी तरह नोंच चुका था। चेहरे पर काफी गहरे जख्म आए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि चेहरे पर टांके नहीं लगाए जा सकते, इसलिए सर्जरी होगी। उधर, वैशाली इलाके की राम प्रस्थ सोसाइटी निवासी विभोर गुप्ता की 11 वर्षीय बेटी सोसाइटी के बाहर चली गई थीं। सोसाइटी गेट पर ही तीन स्ट्रीट डॉग उसके पीछे दौड़ पड़े। कैमरे की फुटेज में दिख रहा है कि वो तीन कुत्तों से बचकर भाग रही है। जब तक वो सोसाइटी के गेट के अंदर घुसी, तब तक एक कुत्ते ने उसके पैर में काट लिया।

गेट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड बाहर निकलकर आए। तब जाकर कुत्ते वहां से भागे। भव्या को निजी हॉस्पिटल में रैबीज इंजेक्शन लगवाया गया है। गाजियाबाद में नगर निगम ने सोसाइटी में स्ट्रीट और पालतू डॉग के लिए तो नियम बना दिए हैं। लेकिन सोसाइटी के बाहर रहने वाले स्ट्रीट डॉग पर ये नियम लागू नहीं होते। गाजियाबाद में शनिवार को दोनों घटनाएं सोसाइटी के बाहर स्ट्रीट डॉग द्वारा की गईं। लोगों का कहना है कि नगर निगम स्ट्रीट डॉग को न तो पकड़ रहा न ही उनकी नसबन्दी करा रहा।

# झुग्गियों में लगी भीषण आग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-73 में रविवार को आग का विकराल रूप देखने को मिला। सेक्टर-73 में स्थित झुग्गियों में भीषण आग लग गई।

यह आग इतनी भीषण थी कि इसको बुझाने के लिए दमकल की आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। बड़ी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक डेढ़ से दो दर्जन झुग्गियां जलकर राख हो गई। थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 73 में काफी झुग्गी झोपड़ियां हैं। इन्हीं में से किसी झुग्गी में आग लगी और यह आग इतनी तेजी से फैली कि इसने एक दर्जन झुग्गियों को अपनी आगोश में ले लिया।

आग की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 113 पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग को बुझाने में जुट गई। दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के विकराल रूप को देखते हुए आसपास की सभी झुग्गियों को खाली करा दिया गया है। इस आग में एक से दो दर्जन झुग्गियां जलकर राख हो गई। उनमें रखा सारा सामान भी जल गया है।

## शादी में दुल्हन की मां का बैग चोरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बैंक्वेट हॉल से चार दिन के भीतर बैग चोरी की दूसरी वारदात हो गई। वसुंधरा इलाके में सूट.बूट पहने शख्स ने पहले तो दुल्हन की मां के हाथ पर खुजली वाला स्प्रे किया। खुजली लगी तो दुल्हन की मां ने बैग कंधे से उतार कर साइड में रख दिया। बस इसी मौके की तलाश में चोर था। उसने अपना कोट बैग के ऊपर डाला और चुरा ले गया। चोरी की ये वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। वसुंधरा सेक्टर-6 में स्वर्ण गंगा अपार्टमेंट में रहते हैं राजेश शर्मा और उनकी पत्नी मंजुला वत्स। उनकी बेटी नीरू की शादी 19 नवंबर को वसुंधरा गार्डन सेक्टर-8 में थी।

# गौतम बुद्ध नगर में वेंडर सोसाइटी के लोगों में मारपीट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेनो वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र की फ्यूजन होम्स सोसायटी का मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें सोसायटी के निवासियों और एक अन्य व्यक्ति के बीच जमकर मारपीट की जा रही है।

सोसाइटी में मेला लगाने के लिए वेंडर गया जिसको सोसायटी वासियों ने जमकर पीटा। कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया और वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की फ्यूजन होम्स सोसायटी के पार्क में बिल्डर द्वारा मेले का आयोजन कराया जा रहा था। मेले लगाने वाला वेंडर जब सोसायटी पहुंचा तो सोसायटी के लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और उसको सोसाइटी के अंदर नहीं घुसने दिया।

इसके साथ ही सोसायटी के लोगो ने वेंडर पर महिला से बदसलूकी का आरोप भी लोगों ने लगाया। सोसाइटी में शनिवार को बिल्डर मेले का आयोजन कर रहा था। शुक्रवार को इसकी जानकारी निवासियों हो गयी।

# सड़क हादसे में लॉ कॉलेज के दो छात्रों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र स्थित सर्विस रोड पर शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें लॉ कॉलेज के दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा के लायड लॉ कॉलेज में ला पांचवें वर्ष के छात्र अहमदाबाद के चौहान जय सिंह और पानीपत के अक्षित भटनागर सुबह बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार को क्रास करते समय दोनों की बाइक सामने जा रहे एक ट्रक में घुस गई।

इसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय बाइक की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रतिघंटा जबकि ट्रक की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वर्तमान में दोनों छात्र दिल्ली के लाजपत नगर में किराये के मकान में रह रहे थे। स्वजन से संपर्क करने पर पता चला कि दोनों घर की इकलौती संतान थे। दोनों की मौत होने की जानकारी होते ही मृतकों का पूरा परिवार ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गया। मृतकों के पास घटना के बाद ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला, जिससे उनकी पहचान की जा सके। स्वजन का रो.रोकर बुरा हाल है। ट्रक के नंबर के आधार पर कोतवाली पुलिस आरोपी चालक की पहचान कर रही है। आरोपी की तलाश में एक टीम बनाई गई है। ट्रक को कोतवाली पुलिस थाने लेकर आ गई है। मृतक युवकों में एक के माता पिता की शनिवार को सालगिरह होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि मृतक युवकों में से एक की जेब से जो एटीएम मिला था, उसे पुलिस की टीम संबंधित बैंक की एक शाखा में लेकर गई।

# वेंडिंग जोन हटने की मांग लेकर अड़े रिटायर आर्मी अफसर

● नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-37 स्थित दामोदर अपार्टमेंट सोसाइटी के निवासियों ने नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल, प्रदर्शन सोसायटी के गेट के सामने प्राधिकरण द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन को लेकर हुआ। निवासियों का आरोप है कि वेंडिंग जोन बनाने की वजह से कई तरह की परेशानियां सोसाइटी के निवासियों को झेलनी पड़ रही है।

सेक्टर-37 दामोदर अपार्टमेंट सोसाइटी में अधिकतर आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी रहते हैं। रविवार को आर्मी रिटायर अधिकारी और उनके परिवार के लोगों ने नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। सोसायटी के गेट के सामने वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है। जिसको लेकर लोग लंबे समय से प्राधिकरण से शिकायत कर रहे थे। शिकायत के बावजूद वेंडिंग जोन पर रोक नहीं लगाया गया और वेंडिंग जोन शुरू कर दिया गया। जिसके बाद सोसाइटी के लोग सोसायटी के गेट पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। दामोदर अपार्टमेंट सोसायटी के वार्ड डायरेक्टर कर्नल एजे सिंह ने कहा प्राधिकरण के द्वारा सोसायटी के गेट के सामने ग्रीन बेल्ट में वेंडिंग जोन बनाया गया है। जिसकी वजह से अपराध की खतरा बढ़ गया है। यहां आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी रहते हैं। उनके घर के सामने जब वेंडिंग जोन बनेगा तो यह रोहिंग्या बांग्लादेशी आ सकते हैं। इस वजह से हम लोग सभी रिटायर्ड आर्मी के अधिकारी आज पीसफुल प्रदर्शन कर रहे हैं। हम प्राधिकरण से मांग कर रहे हैं कि इस वेंडिंग जून को यहां से हटा दिया जाए अगर हमारी मांग नहीं मानी जाएगी तो हम लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। सोसाइटी के निवासी भावना सेठ नके ने बताया कि सोसाइटी में आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी और उनके परिवार रहते हैं।

सामने वेंडिंग जोन बना दिया गया है। सोसायटी के सामने की रोड बहुत पतली है। ग्रीन बेल्ट में वेल्डिंग जोन बनाने से रोड पर ट्रैफि क बढ़ जाएगा। ऐसे में बुजुर्ग आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी गाड़ी चलाने मे असमर्थ हो जाएंगे। इस मसले को लेकर प्राधिकरण से कई बार शिकायत कर दी गई है लेकिन उसके बावजूद यहां वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है।

# ग्रेनो वेस्ट में नेफोवा फाउंडेशन ने लगाई जनता की थाली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नेफ ोवा फ ाउंडेशन की साप्ताहिक जनता की थाली एक बार फि र से रविवार को एकमूर्ति गोलचक्कर पर लगाई गई। इस दौरान जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपये में शुद्ध खाना उपलब्ध करवाया गया।

जनता की थाली नेफोवा फाउंडेशन के सदस्यों की तरफसे रही। 5 रुपये में कड़ी चावल रखा गया था। नेफोवा फ ाउंडेशन सदस्य सागर गुप्ता ने बताया कि जनता की थाली ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक मूर्ती पर लगती है और आज मजदूर तबके के कई लोगों ने जनता की थाली की सराहना की। नेफोवा फ ाउंडेशन के द्वारा यह जनता की थाली कई वर्षों से लगाई जाती है, लेकिन कोरोना काल में इसे बंद कर दिया गया था। अब फिर से नेफोवा फाउंडेशन के लोगों ने इसकी शुरुआत की है। इसमें लोगों का भी अच्छा सहयोग देखने को मिल रहा है। जरूरतमंद लोग हर रविवार को महज 5 रुपये में भरपेट खाना खाते हैं और इस दौरान नेफोवा फाउंडेशन की वह तारीफ भी करते हैं।

खाना बनाने की टीम में अजय सिंह और राजकुमार लगातार सहयोग कर रहे हैं। जनता की थाली का खाना शुद्ध वातावरण में तैयार किया जा रहा है। इसकी सही तरीके से देखरेख की जाती है और लोगों के लिए लाया जाता है। जनता की थाली के खाना वितरण में शीतल धनोतिया, अवनीश वर्मा, सागर गुप्ता और विकाश कटियार ने सहयोग किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कांग्रेस को झटका, महाबल मिश्रा आप में शामिल

## पूर्वांचलियों के बड़े नेता मिश्रा ने सीएम केजरीवाल और सिसोदिया की मौजूदगी में थामा पार्टी का दामन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पूर्वांचलियों के बड़े नेता महाबल मिश्रा ने रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी का दामन था लिया है। महाबल का पार्टी में स्वागत करते हुए केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में पूर्वांचल के लोकप्रिय नेता महाबल मिश्रा आम आदमी पार्टी परिवार में शामिल हो गए हैं। जनता और समाज के बीच मिश्रा के अनुभव से सब मिलकर देश को आगे बढ़ाएंगे।

आप में शामिल होने के बाद महाबल मिश्रा ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

वह पिछले तीन दशकों से लगातार लोगों की सेवा की है। अब वह पूरे देश में आम आदमी पार्टी को मजबूत करेंगे। पश्चिमी दिल्ली के पूर्व लोकसभा सदस्य और द्वारका विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक मिश्रा को वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया था। वहीं, वर्ष 2020 में आप में शामिल होने वाले महाबल के बेटे विनय मिश्रा ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा था कि एक दिन उनके पिता भी आम आदमी पार्टी से जुड़ेंगे।

विनय ने ट्वीट किया, जब वह आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ था, तो पिताजी बड़े नाराज हुए थे। तब उन्होंने उनसे कहा था कि आप लोगों की पार्टी है, इनके पास जनता के लिए दृष्टिकोण है, एक दिन आपको भी आना पड़ेगा।


महाबल मिश्रा को आप में शामिल करते अरविंद केजरीवाल और साथ में मनीष सिसोदिया

### कांग्रेस को झेलना पड़ सकता है नुकसान

**नई दिल्ली।** महाबल मिश्रा कांग्रेस के बड़े पूरबिया नेता थे। उनके आम आदमी पार्टी में शामिल होने से पूर्वांचलियों का एक बड़ा वोट बैंक कांग्रेस से खिसक सकता है। पश्चिमी दिल्ली में द्वारका, डाबड़ी, पालम, सागरपुर समेत दिल्ली में अन्य इलाकों में रहते हैं। इनका दबदबा निगम की 250 सीटों में से करीब 48 सीटों पर है। मिश्रा जब कांग्रेस के साथ थे और तीन बार पालम विधानसभा से विधायक बने थे तक बड़ी संख्या में पूरबिया मतदाता उनके साथ थे। उन्हें दिल्ली का लालू भी कहा जाता था। सूत्रों का कहना कि 70 सदस्यों वाली दिल्ली विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में 12 विधायक पूर्वांचल के हैं। ऐसे में एक विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चार वार्ड आते हैं। इस हिसाब से 48 वार्डों में बड़ी संख्या में बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के रहते हैं।

# गुटबाजी में अटकी स्टार प्रचारकों की लिस्ट

- पहले राज्य चुनाव आयोग को भेजे गए 40 प्रचारकों के नाम, पार्टी नेताओं ने ही जताई आपत्ति तो फिर नए सिरे से भेजे 35 नाम

**संजय राय।** नई दिल्ली

उम्मीदवारों की सूची के बाद अब कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची भी पार्टी की गुटबाजी में उलझकर रह गई है। आलम यह है कि आम आदमी पार्टी और भाजपा ने जहां एमसीडी चुनाव में प्रचार अभियान को धार देने के लिए स्टार प्रचारकों की फौज उतार दी है। वहीं प्रदेश कांग्रेस यहां भी बुरी तरह पिछड़ती नजर आ रही है। पार्टी अभी तो स्टार प्रचारकों के नाम को भी अंतिम रूप नहीं दे पाई। बाद में उनका कार्यक्रम तय करने में भी समय लग सकता है।

नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहले रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, कई केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों ने पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया।

सीएम केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री सहित आप सरकार के मंत्रियों ने पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। लेकिन कांग्रेस रविवार का फायदा उठाने में नाकाम रही। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कुछ दिन पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्य चुनाव आयोग को 40 स्टार प्रचारकों की सूची भेजी गई थी। लेकिन उसमें शामिल कुछ नामों पर प्रदेश के नेताओं को आपत्ति थी। वजह, सूची में शामिल बहुत से नेता प्रदेश में सक्रिय ही नहीं हैं।

इसके बाद राज्य चुनाव आयोग को 35 स्टार प्रचारकों की संशोधित लिस्ट भेज दी गई। आयोग ने पार्टी को सुझाव दिया है कि वह आपसी कलह खुद सुलझाए और अपने स्टार प्रचारकों की सूची को अंतिम रूप देकर ही आयोग के पास भेजे।

''स्टार प्रचारकों की सूची में नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उम्मीद है कि एक दो दिन में ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। बहुत जल्द हमारे स्टार प्रचारक उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए भी नजर आएंगे''
**-अनिल भारद्वाज, अध्यक्ष, संचार विभाग, दिल्ली कांग्रेस**

### फ्री बिजली और बेरोजगारी पर आप सरकार को घेरेंगे माकन

माकन मंगलवार को पहली प्रेस कांफ्रेंस करेंगे। इसके जरिये वह दिल्ली में बेरोजगारी और मुफ्त बिजली को लेकर पर आप पर निशाना साधेंगे। माकन का दावा है कि दिल्ली में बिजली देशभर में सबसे सस्ती नहीं बल्कि सबसे महंगी है। यही नहीं, राजधानी में बेरोजगारी दर भी लगातार बढ़ रही है।

# विकास कार्यों को रोकने वालों को वोट मत देना : केजरीवाल

- पहाड़गंज मे चुनाव प्रचार अभियान में स्कूलों, अस्पतालों के साथ अपनी सरकार का किया बखान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव को लेकर रविवार से प्रचार अभियान शुरू हो गया है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पहाड़गंज में एक जनसभा कर भाजपा पर जमकर हमला बोला है।

उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आपने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 70 में से 67 सीटें दी थीं। ऐसे की दिल्ली नगर निगम चुनाव में भी 250 में से 230 सीट देना। पार्टी को अब ऐसी जीत का स्वाद चखने की आदत है। उन्हें इससे कम कुछ भी नहीं चाहिए।

जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल कहा कि नगर निगम चुनाव में उन लोगों को वोट न दें जो शहर में विकास और कल्याण कार्य को रोकना चाहते हैं। मध्य दिल्ली के पहाड़गंज में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव प्रचार अभियान में उन्होंने स्कूलों तथा अस्पतालों के निर्माण के साथ ही नि:शुल्क बिजली और पानी उपलब्ध कराने में अपनी सरकार उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने अफसोस जताया कि सरकार शहर में साफ-सफाई में सुधार लाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं कर पाई। उन्होंने कहा, इसकी जिम्मेदारी दिल्ली नगर निगम की है। सीएम ने भाजपा का जिक्र करते हुए कहा, उन लोगों को वोट मत दीजिए जो दिल्ली में विकास और कल्याण कार्य रोकना चाहते हैं। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली के स्कूलों तथा अस्पतालों में सुधार किया, मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराया तथा इसके अलावा सीसीटीवी लगवाए और मोहल्ला क्लिनिक बनवाए लेकिन हमें दुख होता है कि हम साफ-सफाई में सुधार लाने के लिए कुछ नहीं कर पाए क्योंकि यह एमसीडी की जिम्मेदारी है। दिल्ली को साफ करने का उन्हें एक मौका दीजिए। वह नतीजे लाकर देंगे। आप प्रमुख ने कूड़े का पहाड़ न बनने देने का भी वादा किया। उन्होंने दिल्ली सरकार के काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए उपराज्यपाल कार्यालय और भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेरा काम करने के लिए एलजी को तैनात किया है। उन लोगों को वोट मत दीजिए जो दिल्ली की प्रगति रोकना चाहते हैं। एमसीडी चुनाव जीतने का भरोसा जताते हुए केजरीवाल ने कहा, हम एमसीडी चुनावों में जीत दर्ज करेंगे, बस यह देखना चाहते हैं कि हमें कितनी सीट मिलती हैं। आप संयोजक ने दावा किया कि भाजपा ने दिल्लीवासियों की बिजली की नि:शुल्क आपूर्ति को रोकने की साजिश रची है। लेकिन उन्हें कामयाब नहीं होने देगा।




# हार को देखकर गुंडागर्दी पर उतरी आप : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** मयूर विहार में भाजपा प्रत्याशी बिपिन बिहारी सिंह और कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों की निंदा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि निगम चुनावों में संभावित हार को देखते हुए आप गुंडागर्दी पर उतर आई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा निगम चुनाव जीतने पर जनता के लिए ऐप लेकर आएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी के नेता अब तो वोट लेने के लिए रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों पर भी हमला कर रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि भाजपा बड़े अंतर से निगम के चुनावों में जीत दर्ज करने जा रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को करोलबाग से निगम प्रत्याशी तेजराम फोर के कार्यालय का उदघाटन किया और जनसम्पर्क पदयात्रा की। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने इससे पहले शाहदरा वार्ड में प्रत्याशी भरत गौतम के साथ मिलकर वहां पदयात्रा की, इसके बाद वो नारायणा वार्ड में उमंग बजाज के साथ लोगों से वोट मांगने के लिए घर घर पहुंचे।

आदेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने ठाना है दिल्ली को सबसे बेहतर शहर बनाना है। इसके लिए भाजपा को अगला कार्यकाल भी चाहिए, ताकि बहुत सारे काम और किए जा सकें। भाजपा निगम में आते ही एक एप लेकर आएगी, जिससे निगम संबंधी सारी परेशानियों को लोग सीधे अधिकारियों तक पहुंचा पाएंगे।

# जेल में जैन से मिलने वालों की जांच की जाए: मनोज तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को मांग की कि जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन से उनकी कोठरी में मिलने वाले लोगों की जांच एजेंसियां तफ्तीश करें। तिवारी की टिप्पणी उस कथित वीडियो के सामने आने के एक दिन बाद आई है, जिसमें जैन को जेल में मालिश कराते और आगंतुकों से मिलते देखा जा सकता है।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को अपने कैबिनेट सहयोगी का बचाव करते हुए कहा था कि जेल में गिरने से उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लगी थी, जिस वजह से जैन फिजियोथेरेपी करा रहे थे। उन्होंने भाजपा पर जैन के इलाज का मज़ाक उड़ाने और उन्हें तुच्छ मामले में जेल में रखने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया था।

वीडियो लीक किए जाने के संबंध में आम आदमी पार्टी के आरोप पर तिवारी ने कहा, कभी-कभी बेइमानों और अपराधियों को बेनकाब करने के लिए भगवान को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा सदस्य ने कहा, सवाल यह नहीं है कि वीडियो किसने और कैसे लीक की है, प्रश्न यह है कि जैन वहां क्या कर रहे हैं। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व प्रमुख ने मांग की कि जांच एजेंसियां उन लोगों के बारे में छानबीन करें, जो जैन से जेल में मिले हैं। उन्होंने संकेत दिया कि इससे धन शोधन मामले की जांच में मदद मिल सकती है। इसी मामले में आप नेता एवं दिल्ली सरकार के मंत्री जैन जेल में बंद हैं। तिवारी ने जैन का बचाव करने पर सिसोदिया को भी आड़े हाथों लिया।



# जय भीम योजना से वंचित हो रहे प्रतियोगी परीक्षा के छात्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना (जेबीएमपीवीवाई) से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र वंचित हो रहे है। निजी प्रतियोगी संस्थानों में उनकी कक्षाएं ठीक से नहीं लग पा रही है।

योजना का लाभ लेने वाले छात्र राजा सिंह का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वाली कुछ संस्थान उन्हें अन्य भुगतान वाले बैच के साथ परीक्षा की तैयारी में तो शामिल कर लेती है। लेकिन नियमित लाभ नहीं मिल रहा। भुगतान नहीं होने की स्थिति में कोचिंग संस्थान नया बैच नहीं शुरू कर रहे और तैयारी में असुविधा हो रही है। सितंबर 2021 से कोचिंग संस्थानों का फंड सरकार की तरफ से रोका गया है। परीक्षा की तैयारी ही नहीं भविष्य भी अधर में पड़ गया है।

ग्रुप ऑफ इम्पैनल इंस्टीट्यूट ऑफ जयभीम योजना एसोसिएशन ने धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। फुटांस आईएएस एकेडमी के डायरेक्टर विमल सिंह का कहना है कि कोविड की वजह से सबसे अधिक प्रभावित शिक्षण संस्थान हुए। लॉकडाउन में कई शिक्षण संस्थान बंद भी हो गए।

### जौहरी की दुकान में घुसकर गहने चोरी किए, महिला पकड़ी

**नई दिल्ली।** रनहौला इलाके में जौहरी की दुकान पर गहने चोरी करने वाली एक शातिर महिला चोर को पुलिस ने जौहरी की सहायता से गिरफ्तार किया है। महिला चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई। जिसकी पहचान शशी के रूप में हुई है। जिसके कब्जे से चोरी के गहने बरामद किये।

शिकायतकर्ता कृष्ण गोपाल बपरौला रोड पर जौहरी की दुकान है। एक महिला आई थी। महिला ने उससे नाक की सोने की पिन मांगी। एक बॉक्स में से जब नाक की पिन दिखाई। उसने एक पिन निकाल ली। जब वह बॉक्स को अंदर रख रहा था। उसमें से नाक की पिन कम देखी।

# निगम चुनाव में बनाएंगे डबल इंजन की सरकार: नड्डा

**भाजपा का रोड शो**

- केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत 14 बड़े नेताओं ने विजय संकल्प रोड शो निकालें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने रविवार को दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए भव्य प्रचार अभियान शुरू किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अगुवाई में पार्टी के 13 बड़े अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में मेगा रोड शो किए और जनता से भाजपा के पक्ष में आगामी निगम चुनाव में मतदान करने की अपील की। इस विजय संकल्प रोड शो का दिल्ली वालों ने जोरदार स्वागत किया। रोड शो देखने के लिए उमड़ी भारी भीड़ ने मोदी-मोदी के नारे लगाकर नेताओं का स्वागत किया।

जगत प्रकाश नड्डा का विजय संकल्प रोड शो दक्षिणी दिल्ली में हमदर्द मोड़ से शुरू हुआ और संगम विहार में जाकर खत्म हुआ।

इस दौरान सांसद रमेश बिधूड़ी, भाजपा नेता अनिल बलूनी, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, जिला अध्यक्ष रोहताश बिधूड़ी, निगम चुनाव प्रत्याशी एवं पार्टी कार्यकर्ता रोड शो में शामिल हुए। इस दौरान नड्डा ने कहा कि आज उन्होंने दिल्ली में विजय शंखनाद किया है जिसका आधार लोगों से मिल रहा प्यार है। देश भर के लोगों की तरह आज दिल्ली वाले भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर विकास एवं प्रगति के लिए देख रहे हैं। नड्डा ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार के काले कारनामें देखे हैं। रोज सुबह लोग समाचार पत्रों में सरकार के कारनामों को पढ़ते हैं।

अब तो शनिवार को मंत्री की जेल में अनैतिकता के जो वीडियो लोगों ने देखें हैं, उसके बाद उनका विश्वास केजरीवाल सरकार से पूरी तरह से उठ गया है। केजरीवाल सरकार ने राजनीतिक द्वेष से नगर निगम के फंड कटौती कर निगम के विकास कार्यों को बाधित करके लोगों को परेशान किया है और अब लोग आम आदमी पार्टी को कभी माफ नहीं करेंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का विजय संकल्प रोड शो रामा पार्क उत्तम नगर से प्रारंभ हुआ और उन्होंने उत्तम नगर और विकासपुरी निगम वार्डों में प्रचार किया। कई स्थानों पर गांव प्रमुखों एवं कॉलोनियों के वरिष्ठ नागरिकों ने सिंह को पगड़ी पहनाकर एवं फूल बरसा कर स्वागत किया। रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि दिल्ली वाले देश के चौमुखी विकास को दिल्ली में भी लाने के लिए एक बार फिर से भाजपा को नगर निगम चुनाव में सेवा का अवसर देगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता का विजय संकल्प रोड शो फतेहपुरी से प्रारंभ होकर पहाड़ी धीरज तक संपन्न हुआ।

उन्होंने लोग अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं और उन्होंने स्वयं देखा है कि कैसे केजरीवाल सरकार द्वारा उत्पन्न विषम आर्थिक संकटों के बावजूद भाजपा ने नगर निगम के माध्यम से प्राइमरी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई की सेवाएं प्रदान की हैं। लोगों का भाजपा पर पूरा विश्वास है और एक बार फिर मतदाता निगम में भाजपा की सरकार बनाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का विजय संकल्प रोड शो नरेला विधानसभा के रामदेव चौक से शुरु होकर लामपुर चौक पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि केजरीवाल हर मामले में राजनीति करते हैं पर उन्हें राज-काज करना नहीं आता है।

उनकी पार्टी पंजाब में भी सरकार में है लेकिन वहां से वे एसओएल से हरियाणा के लिए पूरा पानी नहीं छोड़ते हैं नतीजा अनेक बार हरियाणा को दिल्ली के लिए पानी देने में समस्या आती है।

केजरीवाल की पंजाब की सरकार की लापरवाही का परिणाम दिल्ली वाले भुगत रहे हैं, चाहे वह पानी का मामला हो या फिर पराली जलने से रोकने के मामले में हो।


रोड शो के दौरान भापजा अध्यक्ष को सम्मानित करते पार्टी के नेतागण।

# झज्जर में खुलेगा आईआईटी दिल्ली का एक्सटेंशन कैंपस

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा भवन में अधिकारियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के झज्जर जिला के गांव बाढ़सा में लगभग 50 एकड़ भूमि पर आईआईटी दिल्ली का एक्सटेंशन सेंटर स्थापित होगा।

इस सेंटर की स्थापना को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को दिल्ली के हरियाणा भवन में आईआईटी दिल्ली के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, तकनीकी शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा विभागों के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार, महानिदेशक राजीव रतन के अलावा आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बेनर्जी व डीन तथा अन्य प्रोफेसरगण उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने झज्जर के गांव बाढ़सा में आईआईटी दिल्ली के एक्सटेंशन सेंटर की स्थापना को मंजूरी दी और आईआईटी दिल्ली की टीम को आश्वस्त किया कि इस मामले में हरियाणा सरकार उन्हें पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़सा में स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान से मिलने वाले मरीजों के डाटा और स्वस्थ्य विज्ञान का आईआईटी दिल्ली की टेक्नोलॉजी के समावेश से नई हेल्थ केयर प्रौद्योगिकियां विकसित होंगी।

इससे मरीजों के साथ-साथ खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। इस कैंपस में एमएससी, पीएचडी के अलावा विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट कोर्स भी करवाए जाएंगे। इन विशेष कोर्सों और ट्रेनिंग प्रोग्राम से युवाओं की स्किलिंग होगी और स्थानीय युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह कैंपस भारत का प्रेसीजन मेडिसिन अर्थात मरीज विशेष को किस प्रकार की दवा की आवश्यकता है, अनुसंधान से वह दवा विकसित करने का भारत का पहला केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस कैंपस में खिलाड़ियों को और बेहतर प्रदर्शन करने में मदद देने के लिए स्पोर्टस में बेहतर प्रदर्शन और चोटिल होने से बचाने की तकनीक भी विकसित की जाएगी।

बैठक में आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने बताया गया कि इस कैंपस में निर्माण, एकेडमिक प्रोग्राम तथा राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के मरीजों पर फोकस करते हुए रिसर्च और डिजाइन फैसिलिटी आदि विकसित करने में लगभग 3 वर्ष का समय लगेगा।


मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा भवन में आईआईटी दिल्जह के अधिकारियों के साथ बैठक में।

# श्रद्धा हत्याकांड : जंगल से पुलिस ने बरामद किया खोपड़ी का हिस्सा

- महाराष्ट्र में कुछ और लोगों के बयान दर्ज

**पीएनएस।** नई दिल्ली/ मुंबई

दिल्ली पुलिस ने महरौली हत्याकांड की शिकार श्रद्धा वालकर के अवशेष का तलाशी अभियान तेज करते हुए रविवार को एक वन क्षेत्र से खोपड़ी के कुछ हिस्से और कुछ हड्डियां बरामद की तथा दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी में एक तालाब खाली करने के लिए टीम तैनात कीं।

पुलिस आरोपी आफताब पूनावाला को और सबूत जुटाने के लिए उस फ्लैट में ले गई जहां वह और श्रद्धा रहते थे। इस बीच आफताब के नार्को परीक्षण के मद्देनजर दिल्ली पुलिस और रोहिणी की फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के अधिकारियों ने एक बैठक की। इस परीक्षण के जरिए पुलिस को आरोपियों से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।

दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को पुलिस को पांच दिनों के भीतर नार्को परीक्षण पूरा करने का निर्देश दिया था और यह भी स्पष्ट कर दिया था कि वह उस पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल नहीं कर सकती है। इस बीच महाराष्ट्र के पालघर में एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की एक टीम रविवार को भी पालघर के वसई में मौजूद है और तीन लोगों को हत्याकांड के सिलसिले में उनका बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है। उन्होंने बताया कि वसई अपराध शाखा के दफ्तर में बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने पहले बताया था कि दिल्ली पुलिस की टीम ने शनिवार को पालघर में चार लोगों के बयान दर्ज किए थे।



# ऑनलाइन गुरुकुल में अध्यात्म के साथ कला, संस्कृति का भी संदेश




गुरुग्राम के फर्रूखनगर क्षेत्र में ऑनलाइन गुरुकुल में पहुंची संगत।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**डेरा** सच्चा सौदा...सिर्फ अध्यात्म ही नहीं, बल्कि देश की पौराणिक कला और संस्कृति को सहेजने के साथ देश-दुनिया के लोगों को सामाजिक बुराईयों, नशों से छुटकारा दिलाने का भी बड़ा माध्यम है। इन दिनों डेरा सच्चा सौदा के गद्दीनशीन गुरूजी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इंसा द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाइन गुरुकुल में यह सब संदेश दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को गुरुग्राम के फर्रूखनगर में डाबोदा मोड़ हेलीमंडी रोड स्थित राधे-राधे फार्म हाउस में ऑनलाइन गुरुकुल समारोह का आयोजन किया गया।

डेरा सच्चा सौदा बरनावा आश्रम से गुरूजी ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से जो धर्म का प्रचार, कर्म में रुचि, बच्चों, युवाओं में संस्कार, दान-पुण्य करने की प्रेरणा, वंचितों, जरूरतमंदों को आवश्यक सामान देने समेत न जाने कितने समाजहित के कार्यों को गति दे रहे हैं। साध-संगत उनके वचनों पर पुष्प चढ़ाते हुए उनके दिखाए मार्ग पर बदस्तूर चली जा रही है। इन दिनों गुरूजी के ऑनलाइन गुरुकुल का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि उनके कार्यक्रम सिर्फ अध्यात्म तक ही सीमित नहीं हैं। समाज को वे जहां धर्म से जोड़कर सत्य की राह चलाने की प्रेरणा दे रहे हैं, वहीं कर्म से जोड़कर मेहनत की कमाई करने का संदेश देते हैं।

रविवार को देश के अन्य राज्यों के शहरों के साथ गुरूजी ने गुरू की नगरी गुरुग्राम की भी साध-संगत से ऑनलाइन रूबरू होकर फरमाया कि हमें समाजसेवा से जुड़े रहना है। बुराइयों से बचते हुए हमें दूसरों को भी अच्छाइयों से जोड़ना है। गुरूजी के वचनों को मानने की प्रण लेते हुए साध-संगत ने गुरूजी को नमन किया। कार्यक्रम में गुरूजी के समक्ष पौराणिक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। इसमें हाथ से अनाज पीसने वाली पत्थर की चक्की, खाना बनाने के लिए मिट्टी का चूल्हा, दूध बिलौना, चटनी बनाने के लिए कुंडी-सोटा, अनाज साफ करने के लिए छाज शामिल रहे।

गुरुग्राम की शाह सतनाम सिंह जी ग्रीन एस. वेलफेयर विंग की ओर से गरीबों को सर्दियों से बचाव के लिए 250 लोगों को कम्बल वितरित

### पौराणिक वस्तुओं को गुरुजी के समक्ष किया गया प्रदर्शित

किए गए। इसके अलावा 50 जरूरतमंदों को राशन किटें भी वितरित की गई। बबीता यादव एवं विनोद यादव की बेटी अंजलि यादव ने यूएसए में बीबीए करने के लिए गुरूजी से आशीर्वाद लिया। नशों, बुराइयों को त्यागकर अच्छा जीवन जीने के लिए यहां आम और खास लोगों ने प्रण लिया। क्षेत्र से काफी पंच-सरपंच, जिला परिषद, ब्लॉक समिति का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार भी पहुंचे। सभी ने गुरुजी की इस पहल का स्वागत करते हुए स्वयं भी अपने क्षेत्रों में नशा खत्म करने की बात कही।




गुरुग्राम के फर्रूखनगर क्षेत्र में ऑनलाइन गुरुकुल में संगत द्वारा सामाजिक बुराइयों को छोड़ने के लिए बनाई गई रंगोली।

### सामाजिक बुराइयां छोड़ने का संदेश देती रंगोली भी बनाई

**इस** कार्यक्रम में बहन खुशबू, सिम्मी, शालू, टिशा, कविता, सिमरन, प्रियंका, अर्शिया, विशु, जश्न, मोनिका, आशा और बालक रुहान की ओर से पंडाल में मंच के ठीक के सामने सामाजिक बुराइयां त्यागने का संदेश देती रंगोली भी बनाई गई। रंगों, फूलों के से ये रंगोली तैयार की गई। डेप्थ स्टे फार फ्रॉम ड्रग स्लोगन से ड्रग नहीं लेने का संदेश दिया। बहनों ने यहां गुरूजी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा का भी रंगों और फूलों के मिश्रण से भव्य स्वरूप तैयार किया। ऑनलाइन गुरुकुल कार्यक्रम में रविवार को काफी संख्या में भाई-बहनों, बच्चों के अलावा दो शुभदेवी ने भी नाम-दान लिया।

### गुरुजी के गाए गीतों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**ऑनलाइन** गुरुकुल कार्यक्रम में बच्चों, बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जीयेंगे, मर-मिटेंगे देश के लिए...गीत पर सैनिकों की ड्रेस पहनकर बच्चों ने गुरूजी के समक्ष नृत्य किया। हाथों में तिरंगा लहराते बच्चों को गुरूजी ने पावन आशीर्वाद दिया। इसके अलावा जागो देश के लोगो गीत पर भी बेहतरीन नृत्य किया गया। गुरुग्राम से भंगीदास श्याम सुंदर इंसा, राजेंद्र सिरोही ने बताया कि सत्संग की समाप्ति पर सभी को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। बीमारों को बीमारी के हिसाब से गुरूजी के पावन आशीर्वाद का प्रसाद दिया गया। उन्होंने बताया कि जिलाभर से साध-संगत यहां पहुंची। सत्संग तो ग्रामीण अंचल में था, लेकिन गुरुग्राम शहर से काफी संख्या में नए लोग पहुंचे। 29 बसों में करीब 1500 नए जीव नाम-दान लेने शहर से पहुंचे। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों से भी आए नए जीवों ने गुरूजी से नाम की दीक्षा ली।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में अलग-अलग किया हुआ कचरा उठाना शुरू



गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र से अलग-अलग किया हुआ कचरा उठाते निगम कर्मचारी।

**गुरुग्राम।** ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में शुरू किए गए सेग्रीगेटिड कचरा उठान का पहला दिन सफल रहा। शहर के बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने घरों से कचरा अलग-अलग करके कचरा गाड़ियों में डाला। नगर निगम की इस पहल की सराहना की। जिन लोगों ने कचरा अलग-अलग नहीं किया, उनका कचरा उठान नहीं हुआ। उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपने कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक श्रेणी में अलग-अलग करके दें। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा पूर्व में नागरिकों से अनुरोध किया गया था कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत सभी को उनके यहां से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करना अनिवार्य है। किसी भी सूरत में मिक्स कचरा स्वीकार नहीं किया जाएगा। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने कहा कि नियम के मुताबिक सभी नागरिकों को गीले, सूखे, घरेलू हानिकारक व सैनेटरी कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में रखना अनिवार्य है। कचरा उठान गाड़ी में भी अलग-अलग कचरा ही डाला जाना चाहिए। ऐसा ना करने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का भी प्रावधान है। डा. नरेश कुमार के अनुसार नगर निगम गुरुग्राम की इस अपील का असर प्रभावी रूप से दिखाई दे रहा है। शहर के नागरिक इसका समर्थन कर रहे हैं। रविवार को अधिकतर नागरिकों ने अपने घरों में कचरा अलग-अलग किया तथा अलग-अलग कचरा ही कचरा गाड़ियों में डाला गया। कचरे की गुणवत्ता को देखते हुए पशुओं के खाने लायक कचरे की गाड़ियां गौशालाओं में भी भेजी गई हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से एक बार फिर अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने घरों में गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करें। उन्होंने कहा कि सेग्रीगेटिड कचरा उठान के लिए 50 टीमें निगरानी हेतु लगाई गई हैं। इसके साथ ही निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा द्वारा सभी संयुक्त आयुक्तों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जोन में टीमों को निगरानी के लिए लगाएं, ताकि शत-प्रतिशत कचरे का उठान सेग्रीगेटिड तरीके से हो तथा कचरा प्रबंधन आसानी से हो सके। वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक के अनुसार कचरा उठान कार्य में लगे निजी वाहनों को भी चेक किया जा रहा है। रविवार को 5 वाहनों को जब्त किया गया है।

### स्नैचिंग के मामले में फरार चल रहे 5000 का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने स्नैचिंग के मामले में फरार चल रहे 5000 की ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम समय सिंह उर्फ सोनू है आरोपी बल्लभगढ़ के गांव मुझेड़ी का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो स्नैचिंग और एक जान से मारने की धमकी देने की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी के पहले 7 साथियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ के गांव रायपुर कला से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से एक लोहे की रॉड बरामद की गई है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### परीक्षा हुई सम्पन्न, 81 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए शामिल



**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग की ओर से रविवार को नैशनल मीन्स मेरिट स्कॉलरशिप एनएमएमएस की परीक्षा कराई गई। जिले में तीन सेंटरों पर यह परीक्षा आयोजित हुई। इनमें तिकोना पार्क का सीनियर सेकंडरी स्कूल, मेट्रो एनआईटी-एक का सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल और एनआईटी-एक का ही गर्ल्स हाई स्कूल शामिल था। तीनों सेंटरों पर 892 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 722 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। 170 स्टूडेंट्स गैर हाजिर रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी और जिला गणित विशेषज्ञ धर्मेंद्र ने बताया कि एनएमएमएस की परीक्षा में राजकीय स्कूलों में कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स हिस्सा लेते हैं। परीक्षा पास करने पर स्टूडेंट्स को एक हजार रुपये प्रतिमाह हिसाब से छात्रवृत्ति दी जाती है, जो नौवीं से 12वीं कक्षा तक चार साल के लिए विभाग 48 हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में देगा। इस परीक्षा के लिए जिले में तीन केंद्र बनाए गए। जिसमें मात्र 81 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं हरियाणा बोर्ड के संयुक्त सचिव डॉ पवन कुमार ने बताया कि बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते द्वारा जिलों में औचक निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा शांतिपूर्वक चल रही थी। इस परीक्षा में प्रदेशभर में 34,109 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता व गरिमा बनाए रखने के लिए बोर्ड द्वारा सचिव उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया था और प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पूर्ण समय के लिए एक-एक आब्जर्वर नियुक्त कर नकल रहित परीक्षा कराई गई।

# अपनी हिम्मत से बदल सकते हैं अपना जीवन : किरण बेदी



गुरुग्राम में नवज्योति फाउंडेशन की ओर से आयोजित ग्रामीण मेले में महिलाओं, पुरुषों को सम्मानित करतीं किरण बेदी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नवज्योति** इण्डिया फाउंडेशन ने अपने गुरुग्राम कैंपस में ग्रामीण मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली एलुमनाई एसोसिएशन डेफसीस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, ओजोन ग्रुप ऑफ कंपनी एवं मुदिता फाउंडेशन ने भी हिस्सा लिया।

नवज्योति फाउंडेशन की संस्थापक एवं पुदुचेरी की पूर्व उप-राज्यपाल डॉ. किरण बेदी ने सोहना ब्लॉक की महिलाओं, बच्चों एवं कम्युनिटी के साथ अपने अनुभवों को सांझा किया। सभी को प्रोत्साहित किया कि वे भी अपनी हिम्मत से अपने जीवन को बदल सकते हैं। जो स्किल्स आप के पास है वह आपकी तरक्की का मार्ग है। अपने हुनर को जानो और आगे बढ़ाओ। उन्होंने ग्रामीण अंचल की महिलाओं एवं पुरुषों को इंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। नवज्योति की तरफ से ग्रामीण

### नवज्योति फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम में कही यह बात

### महिलाओं को आत्मनिर्भर करने की दिशा में करती हैं काम

प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक चांदनी बेदी ने सभी को संस्था के विजन एवं प्रोजेक्ट के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संस्था गुरुग्राम के सोहना ब्लॉक की महिलाओं, बच्चों एवं कम्युनिटी के लिए पर्यावरण, कौशल एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं ने खाने, गेम्स के स्टाल लगाकर अपना हुनर दर्शाया। कार्यक्रम में नवज्योति की तरफसे उजाला चौधरी, मोनिका धवन, अमिता दहिया एवं सोहना के आसपास के गांवों के 500 से अधिक लोगों ने शिरकत की।

## तिथि बदलने से खिलाड़ी हुए परेशान

**फरीदाबाद।** खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के ट्रायल गेम्स के ट्रायल रविवार को भी होने थे, लेकिन जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से कराए जा रहे खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के ट्रायल की तिथि को बदल दिया गया। जिसके कारण रविवार को खेल न हो सके। खेल में ट्रायल देने के लिए पहुंचे खिलाड़ियों को वापस लौटाना पड़ा। विभाग द्वारा ट्रायल की तिथियां बार-बार बदले जाने से खिलाड़ी भ्रमित और प्रशिक्षक परेशान हो रहे हैं। रविवार को खेल विभाग ने एक बार फिर ट्रायल की तिथि में परिवर्तन किया है।

# वर्ल्ड एथलेटिक गेम में सुमित चौहान ने जीता गोल्ड मेडल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ऐतिहासिक** गांव जाटोली के मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे सुमित चौहान पुत्र सतीश चौहान ने पेरिस में हुए ओपन वर्ल्ड एथलेटिक खेलों में 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया।

वर्ल्ड एथलेटिक गेम 12 नवंबर से लंदन व पेरिस में आयोजित किये गए थे। जिसमें अपनी मेहनत व लगन से आगे बढ़कर सुमित चौहान ने ओपन फार्म भरकर खुद इसमें ये



वर्ल्ड एथलेटिक खेलों में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी सुमित चौहान का स्वागत करते जाटौली के समाजसेवी।

मुकाम हासिल किया। उनकी जीत की खबर सुनते ही गांव में जश्न का माहौल बन गया। पूरे गांव में ढोल नगाड़ों से सुमित चौहान का स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी

### गृह क्षेत्र पहुंचने पर किया गया भव्य स्वागत

मास्टर सुरेंद्र चौहान व रवींद्र सिंह ने सुमित चौहान को बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गांव में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बशर्ते उनको तराशा जाना चाहिए। सुमित ने बताया कि जो भी उसने यह सफलता हासिल की है, उसके पीछे उसके माता-पिता को श्रेय जाता है।

# साल में पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा का आज तोहफा देंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** प्रदेश में अंत्योदय परिवारों अर्थात गरीब परिवारों को साल में 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। इसके लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का अंतोदय परिवारों तक विस्तार किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री मनोहर लाल 21 नवम्बर सोमवार को मानेसर में राज्य स्तरीय समारोह से करेंगे।

सोमवार को आयोजित होने वाले इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने रविवार को अंतिम रूप दिया। नोडल अधिकारी के तौर पर अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की देख रेख में तैयारियां की गई हैं। हरियाणा में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य

### हरियाणा में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का किया जा रहा है विस्तारीकरण

सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ते हुए हरियाणा सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश के ऐसे जरूरतमंद परिवारों को भी लाभ देने की शुरुआत कर रही है, जो पहले इस सूची में नहीं थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मानना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, जो उसे अवश्य मिलना चाहिए। इसलिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में एसईसीसी सूची में शामिल परिवारों के अलावा ऐसे सभी परिवारों, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। एसईसीसी डाटा के अलावा इस योजना में शामिल किए जाने वाले अन्य परिवारों का 5 लाख रुपये तक का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। इसी प्रयास को अब मूर्तरूप देते हुए मुख्यमंत्री लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित करेंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत हरियाणा के 29 लाख परिवारों के लगभग 1.24 करोड़ व्यक्तियों को लाभ मिलेगा, जिसमें गुरुग्राम के 3 लाख 80 हजार से अधिक पात्र व्यक्ति शामिल हैं।

**गुरुग्राम में तीन स्थानों पर होगा कार्यक्रम :** उपायुक्त निशांत यादव ने बताया कि सोमवार को जिला में तीन स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें मुख्य कार्यक्रम मानेसर के सेक्टर-1 के सामुदायिक केंद्र परिसर में होगा। उसी समय पर गुरुग्राम के सिविल लाईन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री और गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। तीसरा कार्यक्रम पटौदी के उपमण्डल स्तरीय नागरिक अस्पताल परिसर में आयोजित हो रहा है, जहां पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा मुख्य अतिथि होंगे।

# सोने व कांस्य के मेडल पाकर लौटी कनिष्का हुई भावुक

### कनिष्का डागर की आंखों में नाना-नानी समेत अन्य परिचितों का लाड पाकर छलके आंसू

### दक्षिण कोरिया में हुई 15वीं एशियन एयरगन चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया है डागर ने

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दक्षिण** कोरिया में हुई 15वीं एशियन एयर गन शूटिंग चैंपियनशिव गोल्ड व ब्रांस लेकर जीतकर सोहना में अपनी नैनिहाल पहुंची कनिष्का डागर को परिवार और जानकारों ने पलकों पर बैठाते हुए जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत समारोह को देख कनिष्का डागर भी भावुक हो गई और



दक्षिण कोरिया में हुई एशियन गन शूटिंग में गोल्ड व कांस्य पद जीतकर लौटी कनिष्का डागर का सोहना में जोरदार स्वागत करते परिजन।

नाना-नानी, मामा-मामी समेत अन्य परिचितों के लाड-प्यार पाकर प्रसन्नचित हो गई।

हाल ही में दक्षिण कोरिया में हुई 15वीं एशियन एयरगन चैंपियनशिप का आयोजन डेगू इंटरनेशनल शूटिंग रेंज हुई। जिसमें जिला फरीदाबाद का गांव जाजरु निवासी कनिष्का दक्षिण कोरिया से सीधा अपने नैनिहाल सोहना में नाना देवीसिंह पवार के घर पर शनिवार की रात 8 बजे पहुंची। कनिष्का डागर के स्वागत में परिजनों जोरदार स्वागत करते हुए पलकों पर बैठा लिया। नौनिहाल में अपनों का प्यार पाकर कनिष्का डागर की आंखों में खुशी के आसू छलक आए। नाना देवी सिंह पवार के मिलने वालों में पार्षद हरीश नंदा, समाज सेवी बलबीर सिंह गब्दा, उद्योग जगत से जुडे रतनपाल खटाना, बीरसिंह नंबरदार, गौरव चुग, मनोज राघव, क्षेत्रीय नेता सुभाष बंसल समेत आदि गणमान्य लोगों ने कनिष्का डागर को स्वागत किया। इस अवसर पर कनिष्का डागर ने इंवेट में गोल्ड मेडल तथा व्यक्तिगत में कांस्य पद



समाज सेवी व पार्षद हरीश नन्दा कनिष्का डागर का स्वागत करते हुए।

जीते हैं। दोनों ही गोल्ड 10 मीटर की रेंज में जीते हैं।

कनिष्का डागर ने बताया कि वह जब 7वीं कक्षा में पढ़ रही थी। कनिष्का ने अपने भावुक होने पर बताया कि जिस घर के आंगन में वह अपने बचपन में घुटरूअन चलना सीखा था। आज वहां पर अपनी जीत की खुशिया में स्वागत देखकर आंखों में झलके आसुओं को रोक नहीं सकी। आज मिला प्यार व दुलार ने उसे ओलम्पिक में जाने का शुभाशीर्वाद मिला है।

### मम्मी पूनम और कोच सिद्धू को दिया जीत का श्रेय

**तब** उसकी मम्मी पूनम डागर ने उसे पिस्टल शूंटिग का खेल खेलने के लिए प्रेरित किया था। आज मम्मी पूनम डागर द्वारा देखा गया सपना पूरा होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि कोच राकेश सिद्धू की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

### ओलंपिक- 2024 के खेलों में देश के प्रतिनिधित्व को ठोकेगी दावा

**इस** अवसर पर कनिष्का डागर ने बताया कि उसका प्रयास 2024 में होने वाले ओलम्पिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर लाना है। जल्द ही ओलम्पिक खेलों में जाने के लिए पांच मुख्य खिलाड़ियों का चयन होना है। जिसमें वह कड़ी मेहनत करके अपनी दावेदारी ठोकेगी।

# गुरुग्राम में 3988 वाहनों की जांच 163 वाहनों के चालान, 18 जब्त

### शनिवार की रात 10 बजे से रविवार की सुबह 4 बजे तक चलाया अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पुलिस** द्वारा शनिवार-रविवार की रात को नाईट डोमिनेशन अभियान चलाकर सुरक्षा पुख्ता की गई। इस दौरान 3988 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 163 वाहनों के चालान और 18 को जब्त किया गया। गुरुग्राम पुलिस के अधिकतम पुलिस बल को इस विशेष अभियान में तैनात किया गया।

शनिवार की रात 10 बजे से रविवार की सुबह 4 बजे तक नाईट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा लगाई गई कुल 475 पुलिस टीमों द्वारा प्रभावी चेकिंग की। नाईट डोमिनेशन के दौरान कुल 3988 वाहनों



गुरुग्राम में नाईट डोमिनेशन अभियान के दौरान वाहन चालक की एलकोहल जांच व वाहन की जांच करते पुलिसकर्मी।

को चेक किया गया, जिनमें 163 वाहनों के चालान किए गए और 18 वाहनों को इम्पाऊन्ड किया गया। इस अभियान के दौरान अवैध शराब की 304 बोतलें व 15 बीयर बरामद की गई। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कुल 301 सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया। कुल 478 संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया, जिनके स्ट्रेंजर रोल जारी किए गए। इस विशेष अभियान में 5 उद्घोषित अपराधियों के अलावा अन्य मामलों में भी कुल 14 आरोपियों को काबू किया गया।

# फूड सेफ्टी : दस महीने में लिये गए करीब 35 प्रतिशत सैम्पल फेल

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में किस कदर मिलावटी सामान की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। इसका अंदाजा जांच रिपोर्ट देखकर लगाया जा सकता है। जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण विभाग द्वारा वर्ष 2022 में जनवरी से अक्टूबर कुल सैम्पलों में से करीब 35 प्रतिशत सैम्पल फेल पाए गए हैं। 214 में 42 सब स्टैंडर्ड, 15 मिसब्रांड और तीन सैम्पल जांच में अनसेफ पाये गए हैं। फिलहाल जिले में अभी 22 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी बाकी है। ऐसे में विभाग की तरफ से आरोपी खाद्य विक्रेताओं के

### 214 में 42 सब स्टैंडर्ड, 15 मिसब्रांड और तीन सैम्पल जांच में पाए अनसेफ

खिलाफ कानूनी कार्रवाही करते हुए केस डाल दिया।

जानकारी के मुताबिक लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गत जनवरी 2022 से अक्टूबर 2022 तक जगह-जगह सैपलिंग की गई थी। जिसके तहत खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकण विभाग की टीम ने शहर




के कई इलाकों में छापेमारी की थी। जिसमें उन्होंने पिछले 10 महीने के दौरान करीब 214 सैम्पल जांच के लिए भरे थे। इस बारे में जानकारी देते हुए खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण अधिकारी पृथ्वी सिंह ने बताया कि उन्होंने पिछले 10 माह में कुल 214 नमूने शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर जांच के लिए भरे थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 192 सैम्पलों की रिपोर्ट आ गई है। जिसमें 60 सैम्पल फेल पाये गए हैं। वहीं 132 सैम्पल पास पाये गए हैं। फिलहाल अभी 22 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। ऐसे में फेल पाए गए नमूनों में उन्होंने बताया कि इसमें सब स्टैंडर्ड 41 सैम्पल पाए गए थे और मिस ब्रांड 15 सैम्पल जांच में पाए गए है। वहीं अनसेफ तीन सेम्पल पाये गए हैं। उन्होंने कहा कि फेल पाए गए सैम्पलों में दूध व दूध से बने खाद्य पदार्थ अधिक थे। जिसमें कम फेट और निर्धारित पोषक तत्वों की कमी थी।

**यह हैं मानक तत्व :** पृथ्वी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खोये में 30 फीसदी तक वसा का होना जरूरी है। वहीं पनीर में 50 फीसदी वसा हो। ऐसे ही गाय के दूध में चार प्रतिशत की वसा के साथ अन्य तत्व जिसमें मिल्क पाउडर (यहां मिल्क पाउडर का मतलब गाय के दूध में वसा के अलावा अन्य पोषक तत्व, प्रोटीन, कैल्शियम, पोटाशियम, मैग्नीशियम, कार्बोहाईड्रेड व अन्य) का होना जरूरी है। वहीं भैंस के दूध के बारे में बताया कि नौ प्रतिशत वसा और बाकी तत्व छह प्रतिशत तक होने चाहिए।

# एक साल में 2500 करोड़ शहर के विकास पर खर्च करेगा एफएमडीए

### फरीदाबाद-नोएडा को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पर होगा कार्य

### फरीदाबाद शहर की परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 50 नई ई-बसें जल्द मिलेंगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद में अगले एक वर्ष के दौरान एफएमडीए द्वारा ढाई हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे। इन विकास कार्यों में फरीदाबाद से नोएडा के बीच नई सड़क का निर्माण एक महत्वपूर्ण परियोजना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को सेक्टर 22-23 में एफएमडीए द्वारा पिछले एक वर्ष में पूरी की गई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद शहर को पूर्वी व पश्चिमी भाग से जोड़ने के लिए 300 करोड रुपए से लिंक रोड़ों का निर्माण किया जाएगा। इसमें दो अंडरपास भी शामिल है। उन्होंने कहा कि शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 12 नए रेनीवेल का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा ठप हो चुके 64 पुराने ट्यूबवैल को भी पुनर्जीवित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर से जेवर एयरपोर्ट जाने वाली सड़क का निर्माण भी जल्द शुरू किया जाएगा। इसे फरीदाबाद शहर को सबसे ज्यादा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि शहर की आंतरिक यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सिटी बस सर्विस में जल्द ही 50 नई ई-बसें शामिल की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि शहर के सेक्टर-61 में एक नया व अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बस टर्मिनल बनाया जाएगा और इसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी स्थानीय सांसद विधायक पार्षद सरपंच पंच वह किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा जिस भी विकास कार्य की मांग की जाएगी उसे तुरंत पूरा किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहर को अन्य विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि शहर के सेक्टर 22-23 में 8 एकड़ में पार्क का सौंदर्य करण नगर निगम द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा हृदयराम कुंड का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम से फरीदाबाद प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले जिले हैं। ऐसे में इन शहरों के विकास की तरफ ध्यान देना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हिसार, पंचकूला, सोनीपत, रोहतक सहित कई अन्य शहरों का भी विस्तार हो रहा है और इन शहरों के विकास की तरफ भी सरकार लगातार ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय देश के बड़े व्यक्त राज्यों की प्रति व्यक्ति आय से भी ज्यादा है और यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करने वाले कुछ अधिकारियों की पहचान हो चुकी है और भविष्य में जो भी कोई इस तरह की के गलत कार्यों में लिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गैंगस्टर व गलत धंधे करने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया गया और जनता का भी इसमें भरपूर समर्थन मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद के गतिशील विकास के लिए महानगर विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है।

# समस्या सुनकर विधायक ने बिल्डर को लगाई फटकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ओमैक्स** स्पा विलेज सेक्टर-78 के निवासियों ने रविवार को तिगांव के विधायक राजेश नागर को अपना मांगपत्र सौंपा। जिसमें उन्हें पेश आ रही समस्याओं को दूर करने की अपील की गई। इस पर विधायक राजेश नागर ने ओमैक्स बिल्डर को फोन कर रेजिडेंट्स की समस्याओं का निदान करने के लिए कहा।

नागर ने कहा कि आपको अनेक बार समस्याओं के बारे में बताया गया है, लेकिन आपके लोग उन्हें दूर करने में दिलचस्पी नहीं लेंगे तो हमें कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आपकी ड्यूटी है कि आप अपनी सोसाइटी के अंदर अपने फ्लैट ओनर्स की सुख सुविधाओं का ख्याल रखें। नागर ने कहा कि आप इन सभी समस्याओं को प्राथमिकता दूर करवाएं जिससे रेजिडेंट्स अच्छा महसूस कर सकें। इसके अलावा बाहर के रोड आदि की व्यवस्था भी जल्द ही सही करवाने के लिए विधायक राजेश नागर ने कहा। उन्होंने कहा कि पूरे फरीदाबाद का नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। जिससे कुछ जगहों पर लोगों को थोड़ी बहुत समस्या हो सकती है। लेकिन हम फरीदाबाद को विकास देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार ने आज भी हमारे शहर को बड़ी योजनाएं दी हैं। जिनसे लोगों का जीवन लाभांवित होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी योजनाओं को लोगों की भलाई के लिए बना और क्रियान्वित कर रहे हैं, लेकिन वर्षों के बिगड़े प्रशासनिक ढांचे को बदलने में अतिरिक्त श्रम करना पड़ रहा है। उम्मीद है कि आप लोग इस बात को समझकर हमारा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर ओमैक्स स्पा विलेस सेक्टर 78, अध्यक्ष नरेश पाठक, तारकेश्वर पांडे, विकास मदान, संदीप आनंद, विक्रम मेहरा आदि अनेक लोग मौजूद रहे।



विधायक राजेश नागर को मांगपत्र सौंपते ओमेक्स स्पा विलेज के निवासी।

# चंदावली पुल मोहना रोड को बंद किए जाने का विरोध

### चंदावली पुल पर ग्राम वासी करेंगे अनिश्चितकालीन शान्तिपूर्ण धरना प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पंचायत** वाटिका चंदावली में चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति ने एक सभा का आयोजन किया। जिसमें मोहना रोड पर पड़ने वाले गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एनएचआईए द्वारा चंदावली पुल पर मोहना रोड को बंद किए जाने का विरोध किया।

ज्ञात हो चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति ने दिल्ली-वड़ोदरा-मुम्बई एक्सप्रेसवे रोड को बनाने वाले सभी अधिकारियों, केन्द्र व हरियाणा सरकार के सभी जन प्रतिनिधियों को इस रोड को बंद ना करने के बारे में



पंचायत वाटिका में गांव चंदावली वासी मोहना रोड को बंद किए जाने के विरोध में सभा के दौरान रोष व्यक्त करते हुए।

कई बार ज्ञापन दिया। लेकिन जनता की इस भारी समस्या को अनदेखा करते हुए अभी तक न ही सरकार और न ही किसी अधिकारी ने इस समस्या का समाधान किया हैं। अब चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति ने अंत में निर्णय लिया हैं कि जब तक मोहना रोड पर एनएचआईए द्वारा पुल नहीं बनाया जायेगा। तब तक चंदावली पुल पर समस्त ग्रामवासियों द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2022 रविवार को प्रात: 9 बजे से अनिश्चितकालीन शान्तिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो रोड भी जाम किया जायेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। जैसा की सभी जानते हैं कि ये रोड आजादी से काफी पहले का बना हुआ हैं और ये रोड ही एकमात्र रोड है, जो सैकड़ो गांवों को फरीदाबाद जिले से जोड़ता हैं, लेकिन हमारे क्षेत्र की जनता को अनदेखा करके भेदभाव किया जा रहा क्योंकि अभी तक सभी रास्तों पर पुल बनाकर सरकार ने सभी क्षेत्र के लोगों को रास्ता दिया हैं। केवल एक मात्र मोहना रोड को बन्द किया गया है। सभा के अंत में चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति ने जिले के सभी लोगों से अपील की हैं कि वे इस धरना प्रदर्शन में शामिल होकर इस रास्ते को खुलवाने में अपना पूर्ण सहयोग करें।

# भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा : नीरज शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** नीरज शर्मा का कहना था कि 15 अक्टूबर 2022 को फरीदाबाद में जिला कष्ठ निवारण समिति की बैठक लेने खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहुंचे थे, जिसमें विधायक नीरज शर्मा की शिकायत पर मुख्यमंत्रीजी ने बोलते हुआ कहा की यहां विधायकों की समस्या नहीं सुनी जाएगी, इससे पहले यहां जो होता आया है उसका मुझे कुछ नहीं पता यह कहते हुए मुख्यमंत्री ने विधायक की शिकायत की अनदेखी कर दी।

इसी मामले को लेकर विधायक नीरज शर्मा ने दिनांक 16 अक्टूबर 2022 को वार्ड 5 बालकल्याण पॉकेट में गंदे पानी में स्थानीय निवासियों के साथ बैठकर मीटिंग कर कहा था कि मुख्यमंत्रीजी आप फरीदाबाद आएगे और मुझे बुलाएगे तो अगर मेरी विधानसभा में बिना बारिश के जल भराव मिला तो मै कीचढ स्नान करके आउंगा। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि आज मुख्यमंत्री के पद का भी राजनीतिकरण कर दिया गया है। मुख्यमंत्री फरीदाबाद आए सरकारी कार्यक्रम था मुख्यमंत्री जी जिस जिले में विकास कार्यो का शिलान्यास करने आए है उस जिले के विपक्ष के विधायक को निमंत्रण तक नही दिया गया और जो मुख्यमंत्री के कार्यालय से सूचना आती है। उसकी कापी सभी भाजपा और जजपा के चार जिलों के विधायकों को दी गई है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा की फिर मुख्यमंत्री कैसे कहते है सबका साथ सबका विकास।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा की भाजपा के राज में लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं चाहे एनआईटी विधानसभा का वार्ड 5 बालकल्याण



नीरज शर्मा।

स्कूल पॉकेट, वेद रोड, कुमाउ मदिंर रोड, जीवन नगर भाग 1 एवं 2, वार्ड-9 आश्रम वाला एरिया, उत्तम नगर मुर्गी फार्म वाला एरिया हो, नगंला गांव से सरूरपुर का रोड हो, भडाना चौक से सुभाष चौक वाला एरिया हो, लालू एडटीडी वाला एरिया हो हर जगह लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है पूरा एरिया सरकार द्धारा पास किया गया है और लोगो द्धारा सरकार को हर प्रकार का कर भी जमा करवा दिया गया है लेकिन उसके बावजूद कोई कार्यवाही नही।

# सेल्फी के चक्कर में गहरी खाई में गिरकर व्यक्ति की हुई मौत



खाई में गिरे युवक के शव को निकाल कर बाहर लाते पुलिस अधिकारी। इनसेट में मृत कमल का फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर पाली के निकट स्थित एक खाई के पास शनिवार की शाम सेल्फी लेना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। सेल्फी लेते समय वह करीब 250 फुट गहरी खाई में जा गिरा।

हादसा शनिवार शाम का है। रविवार को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव खाई से निकाला। मृतक की पहचान बल्लभगढ़ के आदर्श नगर में रहने वाले कमल के रूप में हुई है। मृतक अपने दो दोस्तों के साथ खाई के पास शराब पी रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस मृतक के दोस्तों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक 42 वर्षीय कमल मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला था। पिछले कई साल से वह बल्लभगढ़ आदर्श नगर में रह रहा था। परिवार में पत्नी सावित्री, दो बेटियां शामिल हैं। मृतक एसपीएल कंपनी में काम करता था। शनिवार को कमल ने कंपनी से हाफ डे लेकर दोस्त रवि व हमेंद्र घूमने निकला था। तीनों कार में सवार होकर अरावली स्थित वैंदा खान के पास पहुंचे। गुरूग्राम रोड से चंद कदमों पर खान स्थित है। तीनों खान के पास बैठकर शराब पी रहे थे।

# औद्योगिक हब बनकर उभरा हरियाणा : मूलचंद शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा एक औद्योगिक हब बनकर ऊभरा है। औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रही है, इसमें हरियाणा प्रदेश का भी महत्वपूर्ण योगदान है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में एक बेहतरीन औद्योगिक माहौल बनाया है, जिससे छोटे, मझोले व बड़े उद्योग प्रदेश में लगातार स्थापित हो रहे हैं। परिवहन मंत्री रविवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा आयोजित हरियाणा राज्य दिवस के अवसर पर बोल रहे थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है। इस नारे को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में आगे बढ़ाया

### वोकल-फॉर-लोकल के लिए बड़े स्तर पर प्रयास कर रही हरियाणा सरकार : शर्मा

है। उनके नेतृत्व में हरियाणा बुलंदी की तरफ बढ़ रहा है। इसी का असर है कि देश और प्रदेश में आए दिन नवाचार के नए-नए स्टॉर्टअप शुरू हो रहे हैं। इससे न केवल युवाओं को रोजगार मिल रहा है बल्कि यह हमारी अर्थव्यवस्था के लिए भी फायदेमंद है। नए-नए स्टॉर्टअप से स्थानीय उत्पाद बाजार में उपलब्ध हो रहे हैं। इससे वोकल-फॉर-लोकल का सपना साकार हो रहा है। कुछ भारतीय उत्पाद न केवल स्थानीय बाजारों बल्कि विदेशी बाजारों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं, इससे लोकल-टू-ग्लोबल तक हमारे उत्पाद पहुंच रहे हैं। देश विदेश की बात करें तो हरियाणा अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। परिवहन मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी वोकल-फॉर-लोकल के लिए बड़े स्तर पर प्रयास



किए हैं। प्रदेश में खादी को बढ़ावा देने के लिए खादी ग्रामोद्योग बोर्ड बनाया गया है। इस बोर्ड और तकनीकी शिक्षा के अधिकारियों को तालमेल करके खादी के आधुनिक उत्पाद तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में हरियाणा अग्रणी राज्य बनकर उभरेगा। हरियाणा में 'एक जिला-एक उत्पाद' से भी आगे बढ़कर 'एक ब्लॉक-एक उत्पाद' कार्यक्रम को लागू किया जा चुका है। प्रत्येक ब्लॉक में उस ब्लॉक के लोगों द्वारा बनाए गए बेहतरीन उत्पाद के लिए एक कलस्टर बनाया जा रहा है। हरियाणा में सभी 143 ब्लॉक में कलस्टर बनाए जा चुके हैं, जिनमें पदमा योजना के तहत चुने गए ब्लॉक के अनुसार उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

लोकल से ग्लोबल होने की जरुरत: परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हमें लोकल से ग्लोबल होने की जरुरत है।

स्थानीय उत्पादों को न केवल देश बल्कि विदेशों में भी प्रमोट करना चाहिए। देश में आज एक से बढ़कर एक उत्पाद बनाए जा रहे हैं, जो हर पैमाने पर उत्कृष्ट हैं। ऐसे उत्पादों को विदेशी बाजारों तक पहुंचाने की जरुरत है। हरियाणा सरकार ने प्रो-एक्टिव गवर्नेंस और टाइमली इम्पलीमेंटेशन (प्रगति) के तहत सभी जिलों के लिए निर्यात योजनाएं तैयार की है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएस सूरजकुंड ने मनाया 21वां स्थापना दिवस



**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के फाउंडेशनल स्कूल डीपीएस सूरजकुंड ने रॉयल इम्पेरियो, चार्मवुड विलेज, सूरजकुंड में अपनी मूल संस्था का 21वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम को जोश का नाम दिया गया जिसमें फिटनेस, संगीत व बच्चों व अभिभावकों के बीच के रिश्ते को मजबूत करना उद्देश्य रहा। सेहत और मनोरंजन का अनूठा संगम इस कार्यक्रम में देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसिपल सुरजीत खन्ना ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर अभिभावकों व बच्चों ने स्वादिष्ट व सेहतमंद पकवानों का भी लुत्फ उठाया। इस मौके पर हेल्थ ब्रिक्स द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर बच्चों ने जुंबा, योगा और ट्विस्ट एंड टर्न का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम स्थल को झंडों, तोरणों और बैनरों से बड़े पैमाने पर आकर्षक रूप दिया गया। इस अवसर पर चार्मवु विलेज के इस्टेट मैनेजर को 50 पौधे दान किए गए। इस मौके पर प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने कहा कि आज का दिन न केवल डीपीएस की मूल संस्था के स्थापना दिवस के तौर पर यादगार रहा बल्कि स्कूल, अभिभावकों व बच्चों के बीच भी अनोखा रिश्ता कायम हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में फिटनेस और मनोरंजन के साथ अभिभावकों व बच्चों ने खूब मस्ती की। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

### चार साल से फरार हत्यारोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने हत्या के मामले में 4 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज उर्फ धोलू बल्लभगढ़ की नीमका गांव का रहने वाला है। आरोपी ने वर्ष 2016 में हत्या की वारदात को अंजाम दिया था तथा वर्ष 2018 में लड़ाई झगड़े की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी दोनों ही मुकदमों में भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। आरोपी को क्राइम टीम ने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### टक्कर मारने का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा

**फरीदाबाद।** टक्कर मारने वाले कार सवारों का विरोध करना एक छात्र को महंगा पड़ गया। कार सवारों द्वारा मारपीट करने पर छात्र ने फोन कर पिता को मौके पर बुलाया। आरोपी ने भी अपने साथियों को बुला कर युवक और उसके पिता के साथ जमकर मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव तक करने का प्रयास नहीं किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेंट्रल थाने में दर्ज मामले के मुताबिक सेक्टर-17 निवासी गर्व शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह 12वीं कक्षा का छात्र है। शनिवार शाम करीब पांच बजे वह अपनी बाइक से ट्यूशन जा रहा था। रास्ते में होंडा सिटी कार चालक ने गलत दिशा से ओवरटेक किया। इस कारण कार बाइक से टकराकर गिर गई। कार मालिक नीचे उतरा और छात्र से गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। छात्र गर्व ने अपने पिता मनोज शर्मा एडवोकेट को फोन कर मौके पर बुला लिया। कार मालिक ने भी अपने कुछ साथियों के बुलाया और मनोज शर्मा व उसके बेटे को जमकर पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समस्याओं को लेकर फीएवा सौंपेगा ज्ञापन पत्र



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद एस्टेट एजेंटस वेलफेयर एसोसिएशन की समस्त कार्यकारिणी द्वारा यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि, एक मांग पत्र एचएसवीपी के चेयरमैन एवं मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार मनोहर लाल को सौंपते हुए उन्हें मुख्य प्रशासक कार्यालय एचएसवीपी सेक्टर-6 पंचकूला के आईटी सेल द्वारा सॉफ्टवेयर को अपडेशन करने के लिए पिछले 20 दिनो से बंद किए जाने से हो रही समस्याओं के संदर्भ में अवगत कराया जाएं। इस विभाग में मुख्य प्रशासक कार्यालय के आईटी सेल द्वारा ऑनलाइन एप्लीकेशंस के सॉफ्टवेयर को अपडेट करने एवं फैमिली आईडी से जोड़ने के लिए पिछले लगभग 20 दिन से सारे सिस्टम को ब्लॉक कर दिया गया है। जिसके कारण पूरे प्रदेश के सभी संपदा कार्यालयों में कोई भी प्लाट धारक अपने प्लाट के किसी भी कार्य से संबंधित ऑनलाइन आवेदन को करने के लिए असमर्थ हो चुका है। एन आर आई केस में प्लाट धारक जो अपनी संपत्ति का हस्तांतरण व अन्य कार्यों के लिए हवाई यात्रा का आने और जाने का टिकट पहले से ही बुक करवा कर आए हुए थे। विभाग की इस अदूरदर्शिता के कारण उन्हें लंबे समय तक इंतजार करने और कार्य में कुछ प्रगति ना होने के साथ-साथ इस विषय में किसी भी संबंधित अधिकारी द्वारा माकूल जवाब व आश्वासन ना दिए जाने के कारण मायूस होकर वापस लौटना पड़ा है। जबकि उनके बहुत से कार्य अपने अंतिम पड़ाव में थे।

### श्रद्धा कांड को लेकर ज्ञापन सौंप रोष प्रकट करेगा

**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान की एक सभा रजिस्टर कार्यालय सेक्टर 29 में हरीश चन्द्र आज़ाद की अध्यक्षता में समपन्न हुई। सबसे पहले टीम ने दिल्ली श्रद्धा कांड पर रोष प्रकट करते हुए अगले सप्ताह उपायुक्त फरीदाबाद को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि दिल्ली श्रद्धा कांड के दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिये हम सैक्टर 12 कार्यालय में उपायुक्त को ज्ञापन सोपेंगे और सरकार से यह मांग करेंगे कि इस अपराध का मुकदमा फास्ट ट्रैक पर चलाया जाये। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि बेटियों पर लगातार गुनाह हो रहे हैं। इनको रोकने के लिए बेटी बचाओ अभियान लगातार जागृति अभियान चलायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि श्रद्धा कांड पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए हम महिला आयोग हरियाणा की अध्यक्ष रेनू भाटिया को भी ज्ञापन देंगे ताकि हमारी आवाज हरियाणा सरकार तक भी जाए। जिला अध्यक्ष नीलम खत्री ने कहा कि अब हमारी संस्था हर बेटी को न्याय दिलाने के लिये लड़ेगी। इस मौके पर सरपरस्त यशपाल भल्ला, चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा, राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा, राष्ट्रीय महासचिव रजत लाम्बा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बावा, जिला अध्यक्ष नीलम खत्री, प्रिता आहूजा, मोनिक आज़ाद, मयूर खत्री, विनोद भरीजा,, विनोद आहूजा और अशोक भाटिया मौजूद रहे।

### पंचायत चुनाव को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**फरीदाबाद।** पंचायती,ब्लॉक और पार्षद चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार लोगो को जागरुक कर रही है। इसी क्रम में आज एसीपी ओल्ड महेंद्र वर्मा एसीपी सेंट्रल सत्यपाल के नेतृत्व थाना खेड़ी पुल और भूपानी प्रबंधक के साथ पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी एनआईटी के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। फ्लैग मार्च सेंट्रल के एरिया थाना खेड़ी पुल और भूपानी के गांव ददि्सया, चिडावली, लालपुर, मोहब्बतपुर, बसकोला, भूपानी, नचोली, कामरा, शकूरपुर, लालपुर फुलेरा, अल्लीपुर तिलोरी, सडाक, जसाना, सदरपुर शहर, ताजुपुर से होते हुए खेड़ी पुल तक पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि इस चुनाव में आप अपने मत का उपयोग करके गांव के प्रधान को चुनते हैं जो आपके गांव और समाज के लिए काम करके उसे आगे लेकर जाता है।

# राहुल की मूर्खता

## सावरकर पर बयान

**ऐसा** लगता है कि राहुल गांधी सावरकर के बारे में भ्रमित हैं और उनके बयानों से महाराष्ट्र में कांग्रेस के अपने सहयोगियों से संबंध खराब हो सकते हैं। 'हिंदुत्ववादी' प्रतीक वी.डी. सावरकार की राहुल गांधी द्वारा निरंतर आलोचना अब सैद्धान्तिक होती जा रही है, यह निश्चित रूप से राजनीतिक नहीं है और न इसमें कोई राजनीति है। इसका कारण उनके कुछ चरम वामपंथी सलाहकार हो सकते हैं जो राजनीतिक लाभों के बजाय वैचारिक शुद्धता में ज्यादा दिलचस्पी लेते हैं। राहुल गांधी सोच नहीं पा रहे हैं कि सावरकर के प्रति दुश्मनी की 'बीमारी' का कांग्रेस को कितना राजनीतिक खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। शिवसेना-उद्धव के नेता संजय राउत ने पहले ही राहुल को सावधान कर दिया था। उन्होंने संकेत किया था कि कांग्रेस नेता की 'भारत जोड़ो यात्रा' मुद्रास्फीति व बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर केन्द्रित है। राउत ने कहा था कि ऐसी स्थिति में सावरकर का विषय आने का कोई सवाल नहीं है। न केवल शिवसेना, बल्कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेता भी सावरकर पर राहुल गांधी के बयान से हतप्रभ हैं। शिवसेना नेता का यह कहना उचित है कि ऐसे मामले क्यों उछालें जिनसे आपके साझीदार आशंकित तथा जनता नाराज हो। 'हिंदुत्व' के खिलाफ अपने कठोर दृष्टिकोण से राहुल गांधी भले ही एक वैचारिक दृढ़ता सिद्ध करना चाहते हों, पर उनको कभी यह तथ्य अनदेखा नहीं करना चाहिए कि इसका भारी राजनीतिक खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। वैसे भी देश की सबसे पुरानी पार्टी पूरे देश में अपनी काफी राजनीतिक पूंजी गंवा चुकी है। वास्तव में भारतीय जनता पार्टी के उभार के



साथ ही कांग्रेस का पतन हो रहा है। इनके बीच संयोग आकस्मिक नहीं है क्योंकि भाजपा का उभार मुख्यत: कांग्रेस के पतन के कारण हुआ है।

राहुल गांधी और उनके साथियों को समझ लेना चाहिए कि देश में दशकों से जारी सेक्युलर-सांप्रदायिक विमर्श अब धुंधला होकर अतीत का हिस्सा बनता जा रहा है और इसे पुनर्जीवित करना आसान नहीं है। वैसे भाजपा को इसके पुनर्जीवित होने की चिन्ता भी नहीं है क्योंकि वह 'सेक्युलरवाद का असली अर्थ', इतिहास, संस्कृति व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, आदि पर बहस के लिए तैयार है। संक्षेप में कहा जाए तो ये सारे मुद्दे जनता के दिमाग से मुद्रास्फीति, बेरोजगारी व दुर्घटनाओं जैसे असली मुद्दों से ध्यान हटा देते हैं। वैसे सावरकर पर राहुल का हमला सटीक नहीं है क्योंकि वे 'हिंदुत्व' पर हमला करना चाहते हैं, जबकि सावरकार के विचार से इसके अर्थ अलग थे। कहा जाता है कि सावरकर 'नास्तिक' थे और वे 'गौरक्षा' की अवधारणा के भी कट्टर समर्थक नहीं थे। हालांकि, यह भी सच है कि सावरकर ने ही 'हिंदुत्व' शब्द दिया था, पर व्यवहार में आरएसएस ने इसे जमीन पर उतारा है। आरएसएस के दूसरे प्रमुख माधव सदाशिव गोलवलकर ने हिंदुत्व को परिभाषित कर इसे स्पष्ट स्वरूप दिया। वे 1940 से 1973 में अपने निधन तक संघ प्रमुख रहे। उन्होंने हिंदुत्व आंदोलन को पहचान तथा संगठनात्मक आधार प्रदान किया। यही कारण है कि पूरे संघ परिवार में उनको 'गुरुजी' के नाम से जाना जाता है। दूसरे शब्दों में, सावरकर के प्रति राहुल की आक्रामकता गलत है। यह निश्चित रूप से राजनीतिक जोखिमों से भरी है। राहुल गांधी की इसलिए प्रशंसा की जा सकती है कि वे राजनीति को केवल चुनाव जीतने के दृष्टिकोण से नहीं देखते हैं, लेकिन नैतिक व सैद्धान्तिक मुद्दों पर बहुत अधिक जोर देने से राजनीतिक आयाम प्रभावित हो सकते हैं।

# आतंकवाद के विरुद्ध समग्र दृष्टिकोण

आतंकवाद को पराजित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण जरूरी है जिसमें सभी देशों व संयुक्त राष्ट्रसंघ की सक्रिय सहभागिता शामिल है।



**जेएल कौल जलाली**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)




**वर्ष** 1986 में ही भारत ने संयुक्त राष्ट्रसंघ के समक्ष अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र वैश्विक सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव किया था। लेकिन उस समय इस वैश्विक संगठन के विभिन्न सदस्य देशों में आतंकवाद की परिभाषा जैसे मूल मुद्दे के बारे में ही एकजुट समझदारी के अभाव में यह आयोजन संभव नहीं हो सका। आतंकवाद व खासकर सीमा पार से आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित होने के कारण भारत ने संयुक्त राष्ट्रसंघ व इसके बाहर पिछले डेढ़ दशक से लगातार प्रयास जारी रखे ताकि इस विभीषिका के खिलाफ एकजुट कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। भारत लगातार आतंकवाद की परिभाषा की समान समझदारी तथा विश्व सम्मेलन कराने के प्रयासों पर जोर देता रहा। खुशी की बात है कि अब इन प्रयासों के फल मिलने शुरू हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-विरोधी समिति द्वारा 28 अक्टूबर को मुंबई के ताजमहल पैलेस होटल तथा इसके अगले दिन 29 अक्टूबर को दिल्ली में की गई बैठक में सर्वसम्मति से संरा. के सभी सदस्य देशों से यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि आतंकी गतिविधियों के प्रति पूर्ण असहिष्णुता बरती जाए। इस बैठक में आतंकी विभीषिका के खिलाफ ज्यादा जीवन्त कार्रवाई की प्रतिज्ञा की गई।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-विरोधी समिति के अध्यक्ष के रूप में भारत ने इन बैठकों का आयोजन किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्य देशों ने इस विशेष बैठक में भाग लिया। विशेष बैठक ने आतंकवाद की विभीषिका से निपटने के लिए 'दिल्ली घोषणा' स्वीकार की। इस बैठक को दिए संदेश में संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने विभिन्न आतंकी समूहों के खिलाफ चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों के प्रयोग के वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि आतंकवादी व अन्य चरमपंथी संगठन अपनी घृणापूर्ण विचारधारायें फैलाने के लिए नई व उभरती तकनीकों का प्रयोग कर रहे हैं। एंटोनियो गुटरेस ने कहा कि इन तकनीकों के दुरुपयोग से आतंकी संगठन दुष्प्रचार कर जनता के बीच वैमनस्य पैदा करते हैं, आतंकियों की भर्ती करते हैं तथा लोगों को चरमपंथी बनाते हैं। इसके साथ ही वे विभिन्न प्रकार के संसाधन एकत्र करते हैं तथा आतंकी हमलों को अंजाम देते हैं। दिल्ली घोषणा में इंटरनेट व अन्य सूचना व संचार तकनीकों के लगातार बढ़ते प्रयोग पर चिन्ता व्यक्त की गई जिसमें आतंकवादी उद्देश्यों के लिए सोशल मीडिया मंचों का प्रयोग तथा वित्तीय तकनीकों व क्राउड फंडिंग का प्रयोग शामिल है। इस प्रकार नई तकनीकें अपनाने से आतंकी फंडिंग का खतरा बढ़ता है। दिल्ली घोषणा में मानवरहित उड़ान व्यवस्थाओं-यूएवी, जैसे ड्रोन आदि के आंतकवादियों द्वारा दुरुपयोग पर चिन्ता प्रकट करते हुए इनका मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक व ढांचागत संरचनायें तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति ने इस्लामिक स्टेट व अलकायदा तथा अन्य आतंकी संगठनों द्वारा किए जाने वाले उन प्रयासों के जवाब में समुचित कार्रवाई पर जोर दिया गया जिनसे वे विभिन्न देशों की जनता के बीच आतंकी गतिविधियों को उकसाते व आतंकियों की भर्ती करते हैं। इनमें आतंकी गविधियों के लिए हथियारों, सैनिक उपकरणों व मानवरहित उड़ान प्रणालियों-यूएवी तथा इम्प्रोवाइज्ड एक्स्प्लोसिव उपकरणों-आईयूडी के निरंतर प्रवाह की निन्दा की गई। विडंबना है कि तमाम प्रयासों के बावजूद आतंकी संगठनों को ये सारी सुविधायें मिल जाती हैं। आतंकवाद-विरोधी दिल्ली घोषणा में आतंकवाद को किसी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या नस्ली समूह से जोड़ने का विरोध किया गया तथा सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य देशों का आह्वान किया गया कि वे अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ समग्र सम्मेलन बुलाने के प्रयास जारी रखें। आतंकवाद से आज न केवल अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा, बल्कि दुनिया भर में मानवाधिकारों तथा सामाजिक व आर्थिक विकास को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। बैठक में आतंकी उद्देश्यों के लिए नई व उभरती तकनीकों के प्रयोग पर आयोजित विशेष सत्र में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संकेत किया कि 26-11 मुंबई आतंकी हमले के प्रमुख षडयंत्रकारियों व योजना बनाने वालों को लगातार एक देश से सुरक्षा मिल रही है और उनको दंडित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ आतंकियों को प्रतिबंधित करने का मामला आने पर दु:ख की बात है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद कुछ मामलों पर राजनीतिक बाधाओं के कारण कार्रवाई नहीं कर सकी।

स्पष्ट रूप से उनके कथन का संकेत चीन की ओर था जिसने पाकिस्तानी आतंकियों को सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों से बचाने के प्रयास किए और उनमें बाधा डाली। चीन ने इसके लिए कई बार वीटो का प्रयोग किया। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि हमें इस विभीषिका से निपटने के लिए राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा। आतंकवाद के सभी कृत्य अपराध हैं और भले ही कारण चाहे जो हों, इनको उचित नहीं ठहराया जा सकता है। आतंकवादियों को काम करने के लिए पैसे की जरूरत होती है। बिना फंडिंग के वे हथियार व उपकरण तथा सप्लाई व सेवायें नहीं प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए आतंकवाद से लड़ने का एक महत्वपूर्ण आयाम यह है कि आतंकी फंडिंग पर प्रभावी लगाम लगाई जाए। हालांकि, संयुक्त राष्ट्रसंघ की आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध व्यवस्था काफी सीमा तक प्रभावी रही है क्योंकि इसने राज्य वित्त प्रायोजित उद्यमों के रूप में आतंकवाद को प्रोत्साहित करने वाले देशों पर निशाना लगाया है।

लेकिन इस दिशा में प्रयास और तेज करने की जरूरत है। विशेष बैठक में उद्घाटन भाषण देते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि आतंकवादियों व उनके समर्थकों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग व समन्वित कार्रवाई में आतंकवादियों के सुरक्षित स्वर्गों का नाश, उनके अभयारण्यों व प्रशिक्षण स्थलों का विनाश, वित्तीय व वैचारिक संसाधनों पर लगाम तथा समर्थक ढांचे नष्ट करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

इन लक्ष्यों को पूरी तरह प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार जरूरी हैं। इसे पूरी दुनिया का पूर्ण प्रतिनिधिक संस्थान बनाने की दिशा में यह पहला कदम होगा। वर्तमान समय में इस संगठन में पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व ठीक प्रकार से नहीं है क्योंकि इसमें पूरे अफ्रीका महाद्वीप का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है तथा 1.5 अरब जनसंख्या वाले भारत का कोई स्थाई प्रतिनिधित्व नहीं है। हालांकि, वर्तमान समय में इसे अबाधित विश्व संस्था माना जाता है, पर सुरक्षा परिषद में सुधारों से दुनिया को वीटो शक्ति के प्रयोग या उसके प्रयोग की धमकी से बंधक बनाने की प्रवृत्ति पर कुछ सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कुछ देश समय-समय पर ऐसा करते रहे हैं। सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधारों के अभाव से पाकिस्तान जैसे देशों को थोड़ी राहत मिल जाती है जो आतंकवाद का केन्द्र बने हुए हैं। राजनीतिक लाभ के लिए पाकिस्तान को सहयोगी बना लिया जाता है, जबकि वह कट्टरपंथी व चरमपंथी ताकतों का लगातार समर्थन करता रहता है। इससे विश्व संस्था को मजबूत करने के लिए इसमें तत्काल सुधारों की आवश्यकता और मजबूत होती है। सुरक्षा परिषद तथा संयुक्त राष्ट्र संघ को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील बनाने की भी जरूरत है ताकि यह वैश्विक महामारी, जलवायु परिवर्तन तथा नाभिकीय, जैविक व अन्य मामलों और मुद्दों का मुकाबला कर सके। उसे मानवजाति के समक्ष चुनौती बन चुके अन्य मुद्दों से भी मुकाबले के लिए तैयार रहना चाहिए। इन समस्याओं से निपटने के लिए एक विश्व संसद की आवश्यकता भी बलवती होती है क्योंकि वहीं मानवजाति के समक्ष आने वाले खतरों से ज्यादा प्रभावी तरीके से निपट सकती है।

# सांस्कृतिक उत्कर्ष का पर्याय काशी-तमिल संगमम

> "तमिल भाषी जिस तरीके से उत्तर प्रदेश की सुखद यादों को लेकर जा रहे हैं, वो किसी भी सेलेब्रिटी ब्रांड एंबेसडर की तुलना में अधिक प्रभावशाली है।"

**रुद्र प्रताप दुबे**
(लेखक राजनीति व सांस्कृतिक विषयों पर टिप्पणीकार हैं)



**नी**दरलैंड का एक गांव है गिथॉर्न। यहां पर डच फिल्म निर्माता बर्ट हैन्स्ट्रा ने एक फिल्म शूट की जिसका नाम था फैनफेयर। वह फिल्म सुपरहिट साबित हुई और 1958 का वो साल था जब इस गांव ने सिर्फ एक फिल्म को अपनी जमीन देकर दुनिया भर के पर्यटकों में पहचान हासिल की थी। किसानों और मछुआरों का वो गांव आज दुनिया के कुछ बेहतरीन पर्यटक जगहों में से एक है।

असल में कला और संस्कृति वो 'सॉफ्ट पावर' होती है जिसका उपयोग कर कोई भी जगह विश्व मानचित्र में आ सकती है। कोई भी देश इस सॉफ्ट पावर का इस्तेमाल करके ना केवल अर्थव्यवस्था की दृष्टि से शक्तिशाली हो जाता है बल्कि ग्लोबल रैकिंग के भी कई पायदान पर सफलतापूर्वक चढ़ जाता है।

अच्छी बात ये है कि हमारे महान देश को अब ये तथ्य पूरी तरह से स्पष्ट है। महाकाल लोक के उद्धाटन के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि 'किसी राष्ट्र का सांस्कृतिक वैभव विशाल तभी होता है, जब उसकी सफलता का परचम विश्व पटल पर लहरा रहा होता है। सफलता के शिखर तक पहुंचने के लिए ये जरूरी है कि राष्ट्र अपने सांस्कृतिक उत्कर्ष को छुए और अपनी पहचान के साथ गौरव से सर उठाकर खड़ा हो।'

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से लेकर अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण तक भारत अब विश्व में अध्यात्म और सांस्कृतिक पर्यटन के रूप में तेजी से ध्यान खींच रहा है। उत्तर प्रदेश में हो रहा 'काशी तमिल संगमम' भी महान सांस्कृतिक उत्कर्ष का एक ऐसा ही पड़ाव है। आयोजन की ये अद्भुत कल्पना ना केवल भारत के दो सुदूर राज्यों को निकट लेकर आ रही है बल्कि दुनिया भर में फैले भारतवंशियों को भी इससे जुड़ने का मोह प्रदान कर रही है। निश्चित तौर पर भारतीय सनातन संस्कृति के दो पौराणिक केंद्र विश्वेश्वर और रामेश्वर का ये मिलन सृजन और भावनात्मक संबंधों के नए द्वार को खोलेगा।

काशी तमिल संगमम कोई सहज उत्पन्न हुआ विचार मात्र नहीं है। ये सम्बन्ध है भावना और संस्कृति का और ये सम्बन्ध इतना विस्तृत और प्राचीन है कि यदि आप काशी और तमिलनाडु के संबंधों को खोजने बैठेंगे तो एक विस्तृत ग्रन्थ तैयार हो सकता है। तमिलवाासियों के मन में यह भाव अत्यंत प्रबल रहता है कि काशी की यात्रा और बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बिना हर तीर्थ निष्फल है।

प्रत्येक दक्षिण भारतीय अपने जीवन काल में एक बार काशी का तीर्थ कर लेना अपना सौभाग्य समझता है और ऐसा केवल जनसमान्य के मन में नहीं रहता। इतिहास बताता है कि अनेक तमिल राजाओं, प्रसिद्ध आध्यात्मिक संतों, कवियों और सभी क्षेत्रों के प्रसिद्ध लोगों ने तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तर प्रदेश में वाराणसी के बीच तीर्थ यात्रा की है और इसे अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार करने के लिए एक पवित्र कर्तव्य माना। साहित्य में एक शास्त्रीय तमिल काव्य कृति 'कालीथोगई' तो काशी के महत्व को अद्भुत रूप में दर्शाती है।

तमिलनाडु के नाट्कोट्टई क्षत्रम की ओर से काशी विश्वनाथ मंदिर में 210 वर्षों से निर्बाध 3 आरती की जाती हैं। आरती के लिए भस्मी और चंदन भी तमिलनाडु से ही मंगाया जाता है। वर्ष 1926 में जब देश के अधिकांश भाग दक्षिण भारत के व्यजनों के विषय में बहुत कम जानते थे उस समय काशी में अय्यर परिवार के सौजन्य से दक्षिण भारतीय व?यंजन परोसने की शुरुआत हो चुकी थी। तमिल के राष्ट्रकवि सुब्रह्मण्यम भारती जी ने 1898 में काशी आकर अपनी चार साल की पढ़ाई पूरी की थी और आप सभी के लिए ये एक रोचक तथ्य हो सकता है कि 1950 के बाद सिनेमा हॉल में सुबह का एक शो भी दक्षिण भारतीयों के लिए चला करता था।

काशी और तमिल का साहित्य, संस्कृति, गर्व का ये सम्बन्ध कई स्तर पर भावनात्मक डोरियों से भी बंधा हुआ है। काशी के हनुमान घाट इलाके से केदार घाट तक फैले लघु तमिलनाडु को हम कैसे उल्लेख से दूर रखें जहां पीढ़ियों से आकर बसे तमिल परिवार आज भी अपनी संस्कृति के साथ रह रहे हैं और रोज ही 'भजन मठ' को जी रहे हैं।

हालांकि ये आयोजन पहली नजर में सरकार की तरफ से किया जाने वाला प्रयास लगता है लेकिन काशी में पिछले तीन दिनों से चल रहे अपने प्रवास के दौरान मैंने ये पाया कि काशी के रिक्शा चालकों, ऑटो रिक्शा चालक, सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स, टूरिस्ट गाइड, व्यापारी, चाय वाले, होटल वाले सब बेहद उत्साहित हैं। सब इस समय छोटे-छोटे तमिल शब्दों को सीखने की कोशिश कर रहे हैं। एक जर्नल स्टोर वाले साहब अपने सामने खड़े तमिल दंपत्ति की बात सुनते और फोन में कुछ देखते हुए उनसे फिर कुछ बोलते और फिर मोबाइल को देखते। मैंने बाद में पूछा आप फोन में क्या देख रहे थे, तो वो मोबाइल दिखाते हुए बोले ये भाषानी ऐप है जिससे हिंदी में बोला गया शब्द तमिल और तमिल में बोला गया शब्द हिंदी में बता देता है।

तमिलनाडु से आये एक ग्रुप से अपने संवाद के दौरान मैंने पाया कि एक बुजुर्ग महिला अत्यंत भावुक हो गईं वो मोदी और योगी बोले जा रही थीं। मैंने ग्रुप के उस व्यक्ति से जो हिंदी जानते थे, उनसे पूछा अम्मा क्या कह रही हैं।

वो बोले, 'तमिल परंपरा में हम पूरे कार्तिक महीने शिव मंदिरों में दीपक जलाते हैं। इस बार मोदी योगी ने हमें काशी विश्वनाथ धाम में दीपक जलाने का सौभाग्य दे दिया है।'

इस संवाद के दौरान एक चीज जो मेरे दिमाग में उतरती जा रही थी कि कम से कम अब उत्तर प्रदेश सरकार को अपने लिए किसी ब्रांड अम्बेसडर की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्यूंकि ये तमिल भाषी जिस तरीके से उत्तर प्रदेश की सुखद यादों को लेकर जा रहे हैं, वो किसी भी सेलेब्रिटी ब्रांड एंबेसडर की तुलना में अधिक प्रभावशाली है।

## आप की बात

### स्वागतयोग्य पहल

**भारत** की प्राचीनतम आध्यात्मिक नगरी काशी में प्रधानमंत्री के द्वारा 19 नवंबर को काशी तमिल संगम कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा की गई इस पहल का स्वागत होना चाहिए क्योंकि उत्तर भारत और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक क्रियाकलापों में कोई विरोधाभास नहीं है। दोनों संस्कृति मिलकर देश में अध्यात्मिक धार्मिक सांस्कृतिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। दक्षिण भारत में अक्सर भाषा विवाद खड़ा हो जाता है निश्चित रूप से किस तरह के आयोजनों के माध्यम से तमिल भाषी भारतीयों को हिंदी के और करीब आने का एक अवसर मिलेगा। हिन्दी भाषा के प्रश्न पर भ्रामक विचार को रोकने में मदद मिलेगी एवम अनावश्यक विवाद से बचा जा सकेगा। यह कार्यक्रम काशी में 30 दिन चलेगा जहां पर विविध सांस्कृतिक व्यापारिक गतिविधियां देखने को मिलेंगी ताकि उत्तर भारतीय दक्षिण भारतीयों के कला, संस्कृति, वेशभूषा ,खानपान हस्तकला एवम हथकरघा आदि की जानकारी ले सकें और व्यापारिक साझेदारी की जा सके। भारत एकता में अनेकता एवं विविधता वाला देश है इसलिए विविधताओं के संगम से सभी भारतीय एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

– **वीके जाटव**, दिल्ली

### न्यायाधीश की स्वीकारोक्ति

**भारत** के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि जघन्य मामलों में जमानत देने के लिए टारगेट किए जाने के डर से जमीनी स्तर पर जज जमानत देने से हिचकते हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के एक सम्मान समारोह में चीफ जस्टिस ने ये बात कही। जस्टिस चंद्रचूड़ की यह बात चौंकाने वाली है, कि जज टारगेट किए जाने के डर से जमानत देने से डरते हैं। यदि न्याय के मंदिर में ही ऐसा डर और झीझक हैं तो फिर न्याय के इन मंदिरों में सच्चा और खरा न्याय कैसे मिलेगा? सीजेआई चंद्रचूड़ लंबे समय से जज हैं और यदि वह ऐसी बात बोल रहे हैं तो जाहिर है कि न्यायालयों के जज न्यायालय के अंदर होने वाली बहस को और संविधान की पुस्तकों के अलावा भी देश और समाज के बाहरी वातावरण से, मीडिया से प्रभावित होते हैं, जो कि निष्पक्ष न्याय के लिए अच्छी बात नहीं है! एक जज को भले ही कितनी ही आलोचनाओं का सामना करना पड़े उसे संविधान के अनुरूप ही चलना चाहिए और यदि वह ऐसा करने का साहस नहीं जुटा पाता है तो उसे न्यायाधीश जैसे पवित्र पद को त्याग देना चाहिए!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### महिला विरोधी अपराध

**देश** में लगातार महिला विरुद्ध साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। महिला पीड़ितों द्वारा पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज न कराना ही साइबर अपराधियों के बढ़ते हुए हौसलों का कारण है। कई मामलों में पीड़िता बदनामी के डर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराती हैं। एक बड़ी संख्या उन युवतियों की है जो मां-बाप के डर से साइबर अपराध व ब्लैकमेलिंग सहती रहती हैं। स्कूल या कॉलेज जाने वाली युवतियों को यह डर रहता है कि यदि वो अपने साथ घटित अपराध की सूचना पुलिस को देंगी तो परिवार द्वारा उनकी पढ़ाई न रोक दी जाए। ऐसे अपराधों से रोकने के लिए पुलिस को काम का ढंग बदलना होगा। पुलिस को ऐसी ऑनलाइन या सेवा शुरू करनी चाहिए जिसमें महिला बिना पुलिस स्टेशन जाए ई-मेल या कॉल के माध्यम से अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सके। जांच-पड़ताल के नाम पर किसी की निजता का हनन नहीं किया जाना चाहिए। अगर महिला पुलिस स्टेशन नहीं आना चाहती है तो पुलिस को पीड़िता से ई-मेल, वाट्सऐप चैट या कॉल के माध्यम से ही बयान दर्ज करना चाहिए।

– **विट्ठल शुक्ला**, कानपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**कांग्रेस** ने हमेशा सरदार साहब के योगदान से इनकार किया। अब चुनावी मजबूरियों के कारण वे सरदार पटेल की बात करते हैं।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**दुनिया** ब्राजील की प्रतीक्षा कर रही थी। अब ब्राजील निर्वनीकरण व ग्लोबल वार्मिंग का सामना करने के लिए वापस आ गया है।

– **लूला द सिल्वा**
ब्राजील के राष्ट्रपति



**राजस्थान** सरकार हर जिले में नौजवानों के लिए रोजगार मेले आयोजित करेगी।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

# स्वास्थ्य सेवा को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें, विश्वसनीयता बढ़ाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- योगी ने उप्र लोक सेवा आयोग से चयनित 1354 स्टाफनर्सों को वितरित किए नियुक्ति पत्र
- स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ होती हैं स्टाफ नर्स, कोरोना कालखंड में पेश की मिसालः मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन के सभागार में मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नव चयनित 1354 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। स्टाफ नर्सों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टाफ नर्स अस्पताल की रीढ़ हैं। स्वास्थ्य सेवा को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। इसकी विश्वसनीयता बढ़ाएं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने व अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वह रविवार सुबह नर्सों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व अस्पताल से जुड़े अन्य कर्मचारी अपना व्यवहार ठीक करें। अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ सद्भाव रखें। उनकी भावनाओं को समझें। यदि मरीज के प्रति स्टाफ का व्यवहार ठीक होगा तो उनकी मनोदशा बेहतर होगी और बीमारी का असर कम होगा।

उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों पर कहा कि वर्ष 2017 से पहले जो प्रदेश देश के अंदर एक बीमारू राज्य माना जाता था यानी यहां मनुष्य ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश ही बीमार था।आज वह प्रदेश देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करने की ओर तेजी के साथ अग्रसर हुआ है। यह टीम भाव से ही संभव हुआ है। आज 25 करोड़ की आबादी वाला प्रदेश एक साथ बोलता है निर्णय लेता और एक साथ चलता है। उसके परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित स्टाफनर्सों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में शासन की शासकीय सेवाओं में पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के माध्यम से पांच लाख से अधिक युवाओं को शासकीय सेवा में विभिन्न पदों पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। इसके जरिए उन्हे जो सम्मान प्राप्त हुआ है इससे उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ प्रदेश की जनता को मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में नौकरी और रोजगार की संभावनाएं कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि प्रदेश अनंत संभावनाओं वाला प्रदेश है। दुनिया की सबसे अच्छी उर्वरा भूमि और जल संसाधन हमारे पास हैं। यही नहीं सबसे अच्छे सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम से जुड़े हुए उद्योग प्रदेश में हैं तो फिर नौजवान पलायन क्यों करेगा। हमारे पास पहले से वो पोटेंशियल थी लेकिन उसे सामने लाने के साथ समय के अनुरूप ढालने, तकनीक से जोड़ने का ईमानदारी पूर्वक प्रयास नहीं हो पाया था। ऐसे में प्रदेश सरकार ने विगत साढ़े पांच वर्षों में विभिन्न कदम उठाए जिसके परिणाम आपके सामने हैं।



सीएम योगी ने कहा कि कोरोना काल खंड के दौरान लॉकडाउन लगते ही दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब समेत तमाम जगहों पर प्रदेश के कामगार और श्रमिक के साथ भेदभाव होने लगा। इस पर उन्होंने अपने घरों की ओर रूख किया। ऐसे में भारत सरकार ने चिंता जाहिर की कि इतने बड़े पैमाने पर ये लोग उत्तर प्रदेश जाएंगे, वहां कैसे रहेंगे। हमने कहा कि हम सबको लेंगे और इनके लिए सारी व्यवस्था करेंगे। इस दौरान इनकी स्किल मैपिंग कराई गई। एमएसएमई के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत चालीस लाख लोगों को कहीं न कहीं रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया। वहीं केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से एक करोड़ 61 लाख से अधिक रोजगार का सृजन विभिन्न सेक्टर में किया गया तो 60 लाख से अधिक स्वरोजगार भी उपलब्ध कराए गए। सीएम योगी ने कहा कि स्टाफ नर्सेज को उत्तम प्रशिक्षण देने के लिए आज हर सरकारी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में इस तरह के प्रशिक्षण के कार्यक्रम को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

# योगी सरकार मध्य और पश्चिमी यूपी में बनाएगी बीफॉर्मा मेडिकल डिवाइस पार्क

- मेडिकल कंपनी को ब्याज व कुल लागत पर मिलेगी सब्सिडी
- यूपी में बनी मेडिकल डिवाइस और दवाएं विदेशों में की जाएंगी सप्लाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए मेडिकल इंडस्ट्री की ओर रूख किया है। इससे जहां एक ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एकाएक उछाल आएगा वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सस्ता इलाज, दवा और जांच की बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके लिए योगी सरकार प्रदेश के मध्य और पश्चिमी यूपी को बीफॉर्मा और मेडिकल डिवाइस पार्क के रूप में विकसित करेगी। इतना ही नहीं योगी सरकार फॉर्मा पार्क जमीन खरीदने पर कंपनी को ब्याज पर सब्सिडी, बुनियादी सुविधाओं के निर्माण पर ब्याज पर सब्सिडी देगी। इसके साथ ही कंपनी को कुल लागत पर 15 प्रतिशत सब्सिडी के साथ स्टांप शुल्क पर भी छूट दी जा सकती है। यूपी में बने मेडिकल डिवाइस और दवाओं को जर्मनी, फ्रांस, साउथ एशिया और यूएसए में सप्लाई किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि वर्तमान में मेडिकल इंडस्ट्री में काफी ऑपर्च्युनिटी है क्योंकि यह हाईटेक और डिमांडिंग इंडस्ट्री है। वहीं पूरे देश में यूपी में सबसे ज्यादा सालाना लगभग 74 हजार फॉर्मा ग्रेजुएशन की पढ़ाई बच्चे पूरी करते हैं। ऐसे में यूपी को मेडिकल हब के रूप में आसानी से विकसित किया जा सकता है। इसके लिए मध्य और पश्चिमी यूपी के कुछ शहर ज्यादा मुफीद हैं। यह शहर एक्सप्रेस-वे के आस-पास मौजूद हैं। साथ ही यहां पर पहले से छोटी-छोटी मेडिकल कंपनियां हैं। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में मेडिकल के क्षेत्र में यूपी ग्रोथ स्टेट वैल्यू एडिशन जीएसवीएन वन बिलियन डॉलर से कम है इसे बढ़ाकर 2 से 3 बिलियन डॉलर करने की जरूरत है। ऐसे में इसे बढ़ाने के लिए मेडिकल डिवाइस पार्क को विकसित करने के लिए गौतमबुद्धनगर को चुना गया है। इसके लिए गौतमबुद्धनगर स्थित जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। इसके अलावा गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर और हापुड़ में फॉर्मा पार्क का निर्माण किया जाएगा। योगी सरकार मेडिकल इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनियों को यूपी में फॉर्मा पार्क की स्थापना के लिए जमीन खरीद पर 50 प्रतिशत तक ब्याज पर सब्सिडी और फॉर्मा पार्कों के अंदर बुनियादी सुविधाओं के साथ सामान्य सुविधाओं के निर्माण पर 60 प्रतिशत तक ब्याज पर सब्सिडी देगी। इसके अलावा कुल लागत पर 15 प्रतिशत तक सब्सिडी देने के साथ जमीन खरीद पर स्टांप शुल्क में छूट देगी। यूपी को मेडिकल इंडस्ट्री के रूप में विकसित करने के लिए करीब एक हजार से लेकर 17 सौ एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी।

### यूएसए, फ्रांस और जर्मनी में सप्लाई होंगे मेडिकल डिवाइस

यूपी में बने मेडिकल डिवाइस और मेडिसिन को यूएसए, फ्रांस, जर्मनी और साउथ एशिया में सप्लाई किया जाएगा। यहां पर चिकित्सीय उपकरण, उपकरण और दवा की काफी डिमांड है। यहां पर चिकित्सीय उपकरण में लैब उपकरण, नीडल, डेंटल किट आदि की सप्लाई की जा सकती है जबकि उपकरण में एक्स रे मशीन के पार्टस आदि शामिल हैं। वहीं प्रदेश में मेडिकल इंडस्ट्री की स्थापना से मेटल, मशीनरी, कांच, केमिकल और प्लास्टिक इंडस्ट्री में भी ग्रोथ होगी क्योंकि बिना इन इंडस्ट्री के फॉर्मा कंपनी अपने प्रोडक्ट को तैयार नहीं कर सकती है। इससे रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे। एक अनुमान के अनुसार प्रदेश में मेडिकल इंडस्ट्री की स्थापना से प्रति वर्ष 60 हजार रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे जबकि अभी यह आकड़ा 20 हजार से 40 हजार प्रति वर्ष ही है। यह रोजगार प्रोडेक्शन, पैकेजिंग, सुपरवाइजर, प्रोडेक्शन मशीन ऑपरेटर, क्वालिटी कंट्रोल केमिस्ट और मैनेजर आदि के क्षेत्र में सबसे अधिक उपलब्ध होंगे।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए सहकारिता की साख को मजबूत करना पड़ेगाः शाही

- 69वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता निरन्तर ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व विगत 8 वर्षों में आमूल चूल परिवर्तन हुये है। जनधन योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों के खाते खोले गये है। योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा अथक प्रयास करके सहकारिता में भ्रष्टाचार को खत्म किया गया है। उनके द्वारा सहकारिता में विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है एवं अधिक क्रियाशील करने हेतु रणनीति तैयार की गयी है तथा सहकारिता मंत्री द्वारा इस रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर गांव एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सहकारिता की साख को मजबूत करना पड़ेगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह बात रविवार को सहकारिता भवन के पीसीयू सभागार में 69 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह समापन अवसर पर कही। इस मौके पर सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर भी मौजूद थे।

अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के आखिरी दिन रविवार को सहकारिता भवन के पीसीयू सभागार में को ओपरेटिव बैंक लि. तथा यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय समावेशन, पैक्स का डिजिटलीकरण और सुदृढ़ सहकारी डेटाबेस विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सहकारी सप्ताह के अवसर पर पिछले सात दिनों में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, निरूसंदेह इसका लाभ सहकारिता क्षेत्र को आगे बढ़ाने में होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में वित्तीय समावेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन लोगों तक आसानी से तथा कम लागत के साथ वित्तीय सेवाओं को पहुंचाना है, जो अभी तक इससे अछूते है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन के असली कर्णधार हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि को आपरेटिव बैंकिग को सुदृढ किया जा रहा हैए उन्होने इसके लिए नाबार्ड तथा आरबीई से सहयोग की अपेक्षा की। श्री राठौर ने कहा कि सहकारिता को गांव.गांव तक पहुंचाना है, जिससे इसका लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी मिल सके, इसमें कई समस्यायें एवं चुनौतियों सामने आयेंगी। लेकिन अगर हम मन में संकल्प ले लेंए तो कोई कार्य मुश्किल नहीं होगा। श्री राठौर ने कहा कि प्राथमिक सहकारी समितियों को सक्रिय किये जाने तथा डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक पैक्स पर कर्मचारियों की नियुक्ति की जायेगी तथा इनको बहुउद्देशीय बनाया जायेगा। सभी पैक्स का डेटाबेस आधुनिक तरीके से तैयार किया जा रहा है। गोष्ठी में महाप्रबंधक नाबार्ड संजय कुमार बोरा ने कहा कि वित्तीय समावेशन में को.ओपरेटिव बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका है। गोष्ठी को क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक डॉ. बालू केनचप्पा, पूर्व मुख्य प्रबंधक नाबार्ड के.के गुप्ता, सभापति एलडीबी सन्तराज यादव, सभापति यूपीसीबी तेजवीर सिंह तथा उप सभापति यूपीसीबी जितेन्द्र बहादुर सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर यूपी ग्राम सहकारी बैंक के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र तथा कृषि अवस्थापना निधि एआईएफ के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। गोष्ठी में प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीणा, विशेष सचिव सहकारिता अच्छेलाल यादव, अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक प्रशासन केपी सिंह, प्रबन्ध निदेशक एलडीबी आर. के. कुलश्रेष्ठ, प्रबन्ध निदेशक यूपीसीबी बीके मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# आज से शुरू होगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- चार दिसंबर तक दो चरणों में चलेगा

**अब** पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारी। इस थीम के साथ स्वास्थ्य विभाग परिवार नियोजन को लेकर बड़ा अभियान चलाने जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग आगामी 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मनाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मनोज अग्रवाल ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर पुरुष नसबंदी पखवारा शुरू किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को कामयाब बनाने के लिए सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालयए और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला अस्पताल में सभी कार्य दिवसों पर तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लाभार्थियों की संख्या के अनुसार नियत सेवा दिवस के माध्यम से पुरुष नसबंदी की सेवाएं दी जाती हैं ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में खासतौर से पुरुषों को जागरूक करना है और उन्हें परिवार नियोजन के बारे में बता कर नसबंदी अपनाने के लिए तैयार करना है। प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर वी सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन बहुत जरूरी है। इसमें पुरुषों को बढ़.चढ़कर शामिल होना चाहिए। उनका कहना है कि ऐसा कोई भी व्यक्ति नसबंदी करा कर परिवार नियोजन का हिस्सा बन सकता है, जिसके एक साल से ऊपर एक भी जीवित संतान हो।

उन्होंने बताया कि नसबंदी कराने वाले पुरुष लाभार्थी को 3000 प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है। साथ ही नसबंदी के लिए प्रोत्साहित करने वाले प्रेरक को 400 रुपये प्रति लाभार्थी दिया जाता है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दूसरे चरण में इच्छुक पुरुषों को नसबंदी की सेवा दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4576 लोगों को मिला परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4576 लोगों ने चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4576 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1709 पुरुष, 2085 महिलायें और 782 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 20लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 83 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए। एमवेड के सहयोग से डेंगू से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया गया।

# बेसिक की तर्ज पर अब माध्यमिक स्कूलों का भी होगा कायाकल्प




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा दोनों का नियंत्रण महानिदेशक स्कूली शिक्षा के पास जाने के बाद अब परिषद स्कूलों की तर्ज पर अब माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूलों का भी कायाकल्प किया जाएगा। जिससे माध्यमिक स्कूलों में अव्स्थापना सुविधाओं का विकास हो सके। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने माध्यमिक शिक्षा विभाग आगामी साल के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश सभी जिलों के अधिकारियों को दिए हैं। प्रदेश मौजूदा समय में 2675 राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जाता है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इन सभी राजकीय स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशाला व न्यूनतम 10 कंप्यूटरों का एक कंप्यूटर लैब स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ हर स्कूल में टेबलेट उपलब्ध कराए जाने तथा स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था कराए के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा में सभी जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के लिए आवंटित बजट का 75 फीसद भी इस वित्त वर्ष में खर्च नहीं हो सका है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि जिला समन्वयक बालिका शिक्षा द्वारा कार्यक्रम का क्रियान्वयन तथा सहायक वित्त व लेखाधिकारी द्वारा वित्तीय कार्यों का तय समय पर जारी आदेशों का तरीके से पालन नहीं किया जा रहा है। इन सभी कार्यों की मानीटरिंग कराया जाय, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन हो सके।

# बुनियादी ढांचे पर जोर से प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ी

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के प्राथमिक विद्यालयों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय बनवाने और अन्य बुनियादी ढांचा विकसित करने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नीत सरकार की पहल से छात्रों के नामांकन और उपस्थिति में भारी वृद्धि हुई है। राज्य सरकार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2019 में राज्यभर के प्राथमिक विद्यालयों में लड़कियों के लिए शौचालयों की संख्या 61 प्रतिशत थी, जो इस साल नवंबर में बढ़कर 97 फीसदी हो गई। दूसरी तरफ स्कूलों में नामांकन और उपस्थिति 2016-17 में 1.52 करोड़ की तुलना में 2022-23 में बढ़कर 1.91 करोड़ पर पहुंच गई। इसकी बड़ी वजह यह है कि प्राथमिक विद्यालयों में कई हैंडवाश यूनिटों (हाथ धोने वाली इकाइयों) की स्थापना सहित अन्य बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया गया है। हालांकि, जिलों की रिपोर्ट ने शौचालयों के रखरखाव में आने वाली समस्याओं को भी उजागर किया है। कई स्कूलों के छात्रों और स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि शौचालय या तो बंद रखे जाते हैं या फिर रोजाना उनकी सफाई नहीं होती।

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के 1.33 लाख प्राथमिक विद्यालयों में 19 बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए जून 2018 में ऑपरेशन कायाकल्प शुरू किया था। इस अभियान के तहत स्कूलों में विशेष जरूरतों वाले बच्चों (दिव्यांगों) के लिए मूत्रालय के साथ-साथ लड़कों और लड़कियों के अलग शौचालयों, स्वच्छ पेयजल, हाथ धोने की इकाइयों, कार्यात्मक बिजली कनेक्शन, कक्षाओं में फर्नीचर और अन्य चीजों के साथ चारदीवारी के निर्माण की व्यवस्था की गई। स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति की समीक्षा के लिए सभी मंडलों के आयुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ मासिक बैठक करते हैं। उन्होंने बताया कि कार्य की प्रगति पर नजर रखने के लिए राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, सरकार द्वारा स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को मासिक आईवीआरएस (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम) कॉल कर उनकी प्रतिक्रिया जानने और चुनौतियां समझने का प्रयास किया जा रहा है।

आनंद के मुताबिक, राज्य से ब्लॉक स्तर तक प्रेरणा डैशबोर्ड के माध्यम से तीन स्तरीय व्यापक निगरानी तंत्र भी विकसित किया गया है, ताकि सभी स्कूलों में बच्चों के अनुकूल आवश्यक बुनियादी ढांचे को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प को सर्वश्रेष्ठ अभ्यास श्रेणी में चुना गया था और जून में इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक प्रस्तुति दी गई थी। बलिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद के तहत 2,249 स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिला समन्वयक (निर्माण) सतएंद्र राय ने बताया कि हर स्कूल में छात्राओं के लिए कम से कम एक शौचालय है, जबकि कुछ स्कूलों में उनके लिए एक से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। बिल्थर रोड स्थित एक सरकारी स्कूल की छात्रा ज्योति ने बताया कि लड़कों और लड़कियों, दोनों के लिए एक पंक्ति में तीन शौचालय हैं, लेकिन उनका प्रवेश द्वार एक होने के कारण छात्राओं को असहज महसूस होता है। एक ही स्कूल में पढ़ने वाली तान्या और अनुराधा ने कहा कि शौचालयों की कभी-कभार ही सफाई होती है। ककरासो गांव के सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य सुशील यादव ने बताया, चार शौचालयों वाले स्कूल में 514 छात्र-छात्राएं हैं। विभाग ने कोई भी सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराया है, इसलिए सफाई के लिए उन्हें ग्राम पंचायत के कर्मचारियों पर निर्भर रहना पड़ता है। झांसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नीलम यादव ने कहा कि ग्राम प्रधान या प्रधानाध्यापक शौचालयों को दैनिक आधार पर साफ करने की व्यवस्था करते हैं। यादव के अनुसार, अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराए जाने से स्कूल आने वाली छात्राओं की संख्या बढ़ गई है। दिखोली की कक्षा पांच की एक छात्रा ने कहा कि शौचालय बनने के बाद उसे और उसकी सहेलियों को शौच के लिए घर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। शाहजहांपुर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जिले में 2,720 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से 2,704 में पिछले साल नए शौचालय और मूत्रालय बनाए गए थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायत के सफाई कर्मचारी स्कूलों में मौजूद शौचालयों की सफाई करते हैं। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ विद्यालयों में शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। जलालाबाद बाड़ा ब्लॉक के कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि स्कूलों में शौचालय ज्यादातर समय बंद रहते हैं, जिससे छात्रों को शौच के लिए पास के खेतों में जाने को मजबूर होना पड़ता है। बागपत की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कीर्ति ने कहा कि जिले के स्कूलों में पहले से ही लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय हैं। बागपत के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य आशुतोष मिश्रा ने दावा किया कि शौचालयों की रोजाना सफाई की जाती है। मेरठ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़कियों के लिए अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण के कारण स्कूलों में नामांकन बढ़ा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरेंद्र शर्मा ने बताया कि मेरठ में ।,072 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से 32 किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां सरकारी भवनों के स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय हैं, वहीं किराए के परिसर में चल रहे कुछ स्कूलों में केवल एक शौचालय है। शर्मा के मुताबिक, पंचायतें रोजाना साफ-सफाई का ध्यान रखती हैं। अब्दुलपुर प्रखंड के एक सरकारी स्कूल की प्रधानाध्यापिका हेमलता ने कहा कि अलग शौचालय होने के कारण लड़कियों की उपस्थिति लड़कों की तुलना में अधिक है।

# यात्रा के दौरान यात्रियों को मिलेगी साफ-सुथरी बसेंः परिवहन मंत्री

**लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत परिवहन निगम द्वारा चारबाग एवं बाराबंकी बस स्टेशन पर अन्य जनपदों से आने वाली बसों की भी साफ-सफाई एवं धुलाई किए जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पहले बसों को अपने डिपो के वर्कशॉप में धुलाई के लिए जाना पड़ता था। लंबी दूरी की बसों में साफ -सफाई बेहतर रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया है कि लंबी दूरी की बसों में यात्रियों को बेहतर साफ-सफाई मिले और उन्हें बसों में गंदगी का न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा अभी लखनऊ एवं बाराबंकी में शुरू की गई है। जल्द ही अन्य बड़े बस स्टेशनो पर भी यह सुविधा शुरू किये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश परिवहन निगम के अधिकारियों को दे दिए गए हैं । उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी कि इस प्रकार बसों की लघु साफ सफाई की व्यवस्था शुरुआती तौर पर लखनऊ एवं बाराबंकी बस स्टेशनों पर की गई हैए जिसके अंतर्गत कोई भी चालक अपनी बस मात्र 40 रुपया में धुलवा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 50 बसे धुली जायेंगी।

# दो दिवसीय भ्रमण पर खीरी पहुंची राज्यपाल

## अफसरों ने किया स्वागत



**लखीमपुर-खीरी।** रविवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने दो दिवसीय भ्रमण के लिए हेलीकॉप्टर से जनपद खीरी पहुंची, जहां पुलिस लाइन हेलीपैड पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक सदर योगेश वर्मा एवं खीरी सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय ने भी पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने पुलिस लाइन में गारद की सलामी ली। इसके बाद उनका काफिला कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ। जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों का परिचय प्राप्त किया, जहां डीएम एसपी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका प्रशासन की ओर से अभिनंदन किया।

## अफसरों संग की योजनाओं की समीक्षा



**रविवार** को कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की गहन समीक्षा की, उनकी प्रगति जानी। खीरी में हुए नवाचार एवं अभिनव प्रयासों के संबंध में पीपीटी प्रेजेंटेशन का प्रस्तुतीकरण देखा। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने जनपद में हुए नवाचारों एवं अभिनव प्रयासों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के आवाहन एवं राज्यपाल की प्रेरणा से जनपद में 1943 टीबी रोगियों को गोद लिया। जिसमें 585 से क्षयमुक्त हो चुके। 1383 उपचाराधीन है। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि जिन लोगों द्वारा गोद लिए बच्चे ठीक हो गए हैं, उन्हें अन्य बच्चे गोद दिलाए जाएं। सीएमओ ने नियमित टीकाकरण की प्रगति बताइ, उन्हें नियमित टीकाकरण के गहन अनुश्रवण करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। रक्तदान के संबंध में उपलब्धता एवं रक्तदान शिविरों की जानकारी दी। 346 कुष्ठ रोगी चिन्हित है जिसमें 273 उपचारित हो चुके और 73 उपचाराधीन है।



## राज्यपाल ने किया बीसी सखी व प्रगतिशील किसानों से संवाद

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने बीसी सखी पिंकी देवी एवं शबनम से संवाद किया। उन्होंने जाना कि उनके द्वारा कितना लेनदेन किया गया और उसके सापेक्ष उन्हें कितना कमीशन प्राप्त हुआ। वार्तालाप के दौरान पिंकी ने बताया कि उसका काम बहुत ही बेहतर चल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि बीसी सखी समय-समय पर प्राप्त होने वाले कमीशन को चेक करते रहें। अपने इस काम को जारी रखते हुए आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने तथास्तु एफपीओ प्रतिनिधि प्रहलाद वर्मा से संवाद किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 05 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी प्रदान कर सम्मानित किया। उनके हाथों से चाबी पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी का ठिकाना ना रहा। प्रधानमंत्री जी के आवाहन, राज्यपाल के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा गोद लिए गए क्षय (टीबी) रोगियों के अभिभावकों को राज्यपाल ने किट प्रदान किया। राज्यपाल ने रोगियों के अभिभावकों से बातचीत कर उनकी बच्चे की कुशल क्षेम जानी तथा उन्हें उपचार के दौरान नियमित पौष्टिक आहार व आराम लेने की सलाह दी।

## मेधावियों को किया पुरस्कृत



**रविवार** को पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड एवं सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज का संयुक्त मेघा अलंकरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पहुंचकर सर्वप्रथम राज्यपाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुवात हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि खीरी आकर बहुत ही खुशी महसूस कर रही हूं। पिछले चार-पांच माह से प्रयास करती थी कि नेपाल सीमा पर बसे जनपद खीरी जाकर वहां के लोगों से मिलू। किन्ही कारणों से ना आ सकी। आज यह अवसर प्राप्त हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में बेटे-बेटियों से मिलने का मौका मिला। शिक्षा के लिए अनवर प्रयासों के लिए विद्या भारती एवं संघ को बधाई देती हू। विद्याभारती लगातार शिक्षा देने और देश को आगे बढ़ाने का काम कर रही। आज मेधावी छात्र-छात्राओं, आदर्श बच्चों व कला संस्कृति के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जा रहा है।

# अब पुरुष निभाएंगे परिवार नियोजन की जिम्मेदारी



**लखीमपुर-खीरी।** अब पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारी, इस थीम के साथ स्वास्थ्य विभाग परिवार नियोजन को लेकर बड़ा अभियान चलाने जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग आगामी 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवारा मनाएगा। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने बाकायदा मातहत अफसरों को निर्देशित कर दिया है, ताकि समय से इस अभियान को लेकर कवायद शुरू कर दी जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर पुरुष नसबंदी पखवारा शुरू किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को कामयाब बनाने के लिए सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल सहित 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर पुरुष नसबंदी की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में खासतौर से पुरुषों को जागरूक करना है और उन्हें परिवार नियोजन के बारे में बता कर नसबंदी अपनाने के लिए तैयार करना है।

### नसबंदी करा कर परिवार नियोजन का हिस्सा बने पुरुष:डॉ अश्वनी कुमार

परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन बहुत जरूरी है। इसमें पुरुषों को बढ़-चढ़कर शामिल होना चाहिए। उनका कहना है कि ऐसा कोई भी व्यक्ति नसबंदी करा कर परिवार नियोजन का हिस्सा बन सकता है, जिसके एक साल से ऊपर एक भी जीवित संतान हो। उन्होंने बताया कि नसबंदी कराने वाले पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है। साथ ही नसबंदी के लिए प्रोत्साहित करने वाली आशा को 400 रुपये और नसबंदी करने वाले चिकित्सक को 300 रुपये प्रति लाभार्थी दिया जाता है।

परिवार नियोजन के जिला प्रबंधक पद्माकर त्रिपाठी ने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दूसरे चरण में इच्छुक पुरुषों को नसबंदी की सेवा दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जागरूकता के लिए ई-रिक्शा के माध्यम से गांव गांव जाकर लोगों को नसबंदी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रोत्साहन के लिए आशा को भी लगाया गया है। जिन पुरुषों की नसबंदी हो चुकी है, उन पुरुषों को जागरूकता फैलाने के लिए एंबेसडर भी बनाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पुरुषों को नसबंदी के लिए तैयार कराया जा सके।

## आवारा पशुओं के ज़ुल्म से परेशान किसान

**निघासन-खीरी।** तहसील क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में आवारा पशुओं से किसान पूरी तरह बर्बाद हो रहा हैं। कस्बा सहित पूरे तहसील क्षेत्र में चारों और आवारा जानवरो से किसानों की फसल सम्पूर्ण रुप से बर्बाद हो रही हैं।वहीं सरकार ने चुनाव में वादा भी किया था,किसानों से कहा था कि दोबारा सरकार आते ही हम सबसे पहले आवारा छुट्टा जानवरों के संरक्षण के लिए हर ग्राम पंचायत स्तर पर गौशालाओं निर्माण कर उनसे किसानों को पूरी तरह निजात दिलाएंगे।इसी बात को लेकर किसानों ने दूसरी बार फिर सरकार पर भरोसा जताते हुए पुन: सरकार बनाई लेकिन अभी तक किसानों का सबसे बड़े सवाल का जवाब नही दे पाई हैं,सरकार यानी अभी तक आवारा पशुओं के बारे में कोई ब्यवस्था नही की गई हैं।जिससे गायों और सांडों की असमय मौत और जख्मी होकर भी आवारा पशुओं की फौज किसानों की फसलों को बर्बाद करते हुए नजर आ रहे हैं।यह एक अपने आप में बड़ा सवाल खड़ा हैं,किसानों का सरकार और तहसील स्तर के उच्च अधिकारियों से।

# टूर्नामेंट से खासा उत्साहित हैं फुटबाल प्रेमी



**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी फुटबाल टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह है और भारी संख्या में क्षेत्रवासी अपने कामधाम निपटा कर मैचों कों देखने पहुंच रहे हैं। इसको लेकर कस्बे के कई लोगों से परिचर्चा कर उनके विचार जाने। इसमें राजा प्रताप के पूर्व प्रधानाचार्य मोहयुद्दीन अंसारी ने कहा कि हमारे क्षेत्र में सारे खेल लोकप्रिय हैं लेकिन हमारे यहां फुटबाल क्रेज अभी भी नही कम हुआ। इतना ही नहीं सिंगाही के दर्शक सासें थामकर मैच देखते हैं और जो भी खिलाड़ी या टीम अच्छा खेलती है।

बरबस ही उसकी तारीफमें तालियां बजने लगी है। कस्बे के वरिष्ठ नागरिक उत्तम सोनी कहते हैं कि बार-बार आने की इच्छा यहां होती है।

हर जगह इतनी अच्छी जनता और ऐसा टूर्नामेंट नहीं मिल सकता। तालियों की तड़तड़ाहत से पूरा खेल मैदान गूंजने लगता है। विवेक श्रीवास्तव का मानना है कि इस जहां एक और सारे देश में खेल की प्रतिभा को आगे लाने की बात राजनीति और अन्य क्षेत्रों में हो रही है तो ऐसे समय में इस छोटे से कस्बे महारानी सुरथ कुमारी फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ है यह खिलाडियों के लिये एक सराहनीय योगदान है।

क़स्बे के वरिष्ठ व्यापारी संजय जैन का कहना है कि टूर्नामेंट आयोजन में जब सिंगाही क़स्बे के भेरौड़ा जैसे क्षेत्र के खिलाडियों ने भेरौड़ा सपोर्टिंग क्लब की टीम बनाकर खेल में भाग लिया हो इससे यह सिद्व हो गया हे कि यहां खिलाडियों भी भी खेल लेकर लगाव व लगन है इनको आगे बढाने के लिये ऐसे ही ओर आयोजनो की आवश्यकता है।

इसके बाद जब महारानी सुरथ कुमारी फुटबाल टूर्नामेंट के आयोजक सुनील बत्रा से इस आयोजन के बारे में वार्ता हुयी तो उन्होने कहा कि उन्होने इस टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा वर्ष 2012 में महारानी सुरथ कुमारी फुटबाल टूर्नामेंट के जिम्मेदारी महामन्त्री बन कर ली थी जिसको मैने हमेशा की तरह इस बार महारानी सुरथ कुमारी फुटबाल टूर्नामेंट आयोजित कराने में सफलता मिल रही है और अगले साल और भी अच्छा होगा और इसके पीछे खेल क्षेत्र में खिलाड़ियों को आगे लाना है।

# गालीबाज प्रधानाध्यापक को बीएसए ने किया निलम्बित

**● सकरन ब्लाक में तैनात था गालीबाज प्रधानाध्यापक**

संवाददाता। सीतापुर

**विकास खण्ड** सकरन के प्राथमिक विद्यालय टेड़वा में तैनात गालीबाज प्रधानाध्यापक को बीएसए अजीत कुमार ने निलंबित कर दिया है। प्रधानाध्यापक रईस अहमद पर यह कार्रवाई बीईओ सरकन द्वारा की गयी जांच के बाद दोषी पाये जाने पर की गयी है। प्रधानाध्यापक रईस अहमद द्वारा प्राथमिक विद्यालय टेड़वाकला में तैनात सहायक अध्यापक दिनेश सोनकर का एक दिन का वेतन काट दिये जाने पर जब प्राथमिक विद्यालय रेवान में तैनात सहायक अध्यापक दिलीप कुमार शुक्ला ने प्रधानाध्यापक रईस अहमद से बात की तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की और उनको धमकी दी। जिसकी लिखित शिकायत प्राथमिक विद्यालय रेवान में तैनात सहायक अध्यापक दिलीप कुमार शुक्ला ने बीईओ से की थी। उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करने और धमकी देने का आरोप लगाया था। बीईओ सकरन की जांच में प्रधानाध्यापक रईस अहमद के दोषी पाये जाने पर बीएसए अजीत कुमार ने उनको निलंबित कर दिया है।

## निपुण भारत मिशन के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत 4 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन खंड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवंत सिंह ने सत्र को संबोधित करते हुए उपस्थित समस्त अध्यापकों का उत्साहवर्धन किया। ब्लॉक संसाधन केन्द्र बेहटा में एस.आर.जी. करुणेश मिश्रा, ए.आर.पी. असलम, ए.आर.पी.अवेज अहमद खान ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान धीरेंद्र विक्रम सिंह, डॉ इंद्रसेन सिंह, सुरेंद्र कुमार राजवंशी, सत्य प्रकाश सिंह, बृजेश जयसवाल, शिव प्रताप सिंह, सालवी त्रिपाठी, अंजली सिंह, धनंजय सिंह, इंद्रेश कुमार वर्मा, अभिषेक मिश्रा, पंकज साक्य, रितेश गुप्ता,आकाश यादव आदि मौजूद रहे। बता दें कि प्रशिक्षण का शुभारंभ 16 नवम्बर को हुआ था।

## मंदिर, धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण कराए जाने का डिप्टी सीएम ने लिया सज्ञान

**सीतापुर।** ब्लॉक गोंदलामऊ क्षेत्र के मंदिरों, धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के लिए लिखे गए प्रार्थना पत्र का डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने त्वरित संज्ञान लिया है। डिप्टी सीएम ने इस सम्बन्ध में पर्यटन विभाग के निजी सचिव को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है। बता दें कि भाजपा नेता धीरेन्द्र अवस्थी ने राम जानकी मंदिर, आश्रम पहला रामगढ आदि प्राचीन मंदिरों के सुंदरीकरण व विकास के संबंध में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 11 नवम्बर 2022 को प्रार्थना पत्र भेजा था। पत्र में ब्लॉक गोंदलामऊ क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ में स्थित प्राचीन मंदिरों का सौन्दर्यीकरण कराने की मांग की थी। सचिव को लिखे गए पत्र की जानकारी जब धीरेन्द्र अवस्थी को हुई तो उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब इन प्राचीन मंदिरों का विकास होगा।

## अवध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में हुआ सम्मान समारोह

**अटरिया सीतापुर।** अटरिया कस्बा स्थित अवध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अटरिया थाना के उपनिरीक्षक नयन सिंह व समाज सेवी वायुनायक कश्यप व उत्तम कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंस्टीट्यूट में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र छात्राएं नीलम कुमारी, रेखा, वंदना, जीनत, रोहनी, अनन्य, पूर्ति तिवारी मुज्जमिल ,राहुल सहित अन्य कई विद्यार्थियों को सार्टिफिक्रेट वितरण किया गया। इंस्टीट्यूट के प्रबंधक मनोज पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान अध्यापक आशुतोष पाण्डेय, आराधना सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## जयगुरूदेव के अनुयायियों ने श्रमदान कर बनाई सड़क

संवाददाता। सीतापुर

**जय गुरुदेव** के अनुयाईयों ने सीतापुर शहर के कई मोहल्लों में शाकाहार के प्रति जागरूक किया। कमला नगर, खूबपुर, विकास नगर कॉलोनी, से होते हुए जय गुरुदेव आश्रम विकास नगर कॉलोनी खूब पुर कमला नगर जाने वाली रोड पर जयगुरुदेव के भक्तों ने रोड की मरम्मत का कार्य भी किया। जयगुरुदेव संगत के लोगों के द्वारा सहयोग राशि इकट्ठा करके रोड़ा और मिट्टी डलाई गई। उसके बाद जयगुरुदेव संगत के भक्तों ने श्रमदान किया। यह मार्ग काफी समय से खराब पड़ा था। इस मौके पर राकेश कुमार वर्मा एडवोकेट, सत्येंद्र कुमार सिंह, विनय मिश्रा, विवेक मिश्रा, देबू मिश्रा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, अनुराग कुमार वर्मा, गुड़िया वर्मा, राम देवी वर्मा, शिवानी वर्मा ,आनंद सिंह, राजू राठौर, रामचंद्र राठौर, दुर्गेश कुमारी वर्मा, वेदी मिश्रा श्री राम पाल, कलावती, हरिहर, मीना सम्भू, सहित काफी सत्संगियों ने श्रमदान किया।

# स्टडी प्वाइंट लगी प्रदर्शनी, अतिथियों का मोहामन

**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद नगर के स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज मिया सराय में विज्ञान एवं ग्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल एवं क्राफ्ट के स्टाल लगाकर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रदेश शिक्षक भारती शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के संतोष कुमार सिंह ने सभी स्टालों पर जाकर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि विज्ञान ने आज वह करके दिखाया है जिसकी हम सभी लोग कल्पना कर सकते थे। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडलों में डायनासोर का कंकाल कुमार रोबोट सबसे ज्यादा सराहा गया, इस अवसर पर इंटर कॉलेज के प्रबंधक, स्टडी पॉइंट इंटर कॉलेज के प्राचार्य अभिकरण अवस्थी, बीसीएम नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल सिस्टर नेगी, समाज सेवी जावेद मुस्तफा, टीटू खान, शिक्षक काजिम हुसैन, शिक्षक जुनेद आलम, कस्बा इंचार्ज संजय सिंह, मछरेहटा चौकी इंचार्ज अवधेश कुमार यादव, समाजसेवी पत्रकार बलराम कृष्ण पांडे, समाजसेवी मो सनी, समाजसेवी सभासद दिलीप जोशी, समाजसेवी आसिफगाजी सहित शिक्षक व अभिभावक गणों ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा की।

# पेज एक का शेष

## सीओपी 27...

की निदेशक आरती खोसला ने कहा, सीओपी27 में समझौते को स्वीकार करना मुश्किल था लेकिन अंत में अनुमान से अधिक प्रगति हुई है। पावर शिफ्ट अफ्रीका के कार्यकारी निदेशक मोहम्मद एडो ने कहा कि देशों को ग्लासगो में पिछले साल हुए सीओपी26 के परिणाम की नकल करते देखना दुखद है। ऐतिहासिक हानि एवं क्षति समझौते को मंजूरी मिलने का भारत में विशेषज्ञों ने स्वागत किया। इस समझौतों के लिए भारत ने रचनात्मक और सक्रिय भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन में शामिल वार्ताकारों ने भारतीय समयानुसार रविवार करीब पौने आठ बजे उस ऐतिहासिक सौदे को मंजूरी दे दी, जिसके तहत विकसित देशों के कार्बन प्रदूषण के कारण पैदा हुई मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावित हुए अल्प विकसित देशों को मुआवजा देने के लिए एक निधि तैयार की जाएगी। कोष स्थापित करना उन अल्प विकसित देशों के लिए एक बड़ी जीत है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए लंबे समय से नकदी की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित आपदाओं का सामना कर रहे गरीब देश अमीर देशों से जलवायु अनुकूलन के लिए धन देने की मांग कर रहे हैं। गरीब देशों का मानना है कि अमीर देश जो कार्बन उत्सर्जन कर रहे हैं, उसके चलते मौसम संबंधी हालात बदतर हुए हैं, इसलिए उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, शर्म-अल-शेख में आज सीओपी27 में इतिहास रचा गया। पक्षकार उन विकासशील देशों की सहायता के लिए बहुप्रतीक्षित हानि और क्षति कोष की स्थापना पर सहमत हुए जिन पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों का विशेष रूप से असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि सीओपी27 ने न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## कांग्रेस की...

संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से राज्य को हमेशा बदनाम करने वालों को खारिज करने की अपील की। उन्होंने कहा, पहले, चुनावों के दौरान घोटालों के आरोप मुख्य मुद्दा हुआ करते थे। हालांकि, गुजरात में भाजपा के उदय के बाद, मुख्य मुद्दा घोटालों के बजाय विकास बन गया है। हमने देश के अन्य सभी राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान विकास के बारे में बात करने के लिए मजबूर किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं से वादा किया कि बोटाद, धोलेरा और भावनगर सहित पूरा क्षेत्र जल्द ही गुजरात का ऐसा औद्योगिक क्षेत्र बन जाएगा, जहां हवाई जहाज भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक और पांच दिसंबर को दो चरणों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव अगले पांच साल के लिए नहीं, बल्कि 25 साल के लिए गुजरात की राह तय करेंगे। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में, एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा। मतगणना आठ दिसंबर को होगी। धोराजी इलाके में मतदान एक दिसंबर को होगा।

## नई टीम...

पर आसीन लोग जैसे मणिकम टैगोर (संचालन समिति के सदस्य और राहुल गांधी के करीबी विश्वासपात्र), पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी (अनुशासनात्मक समिति के प्रमुख), और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ये सभी दक्षिण भारत से ही आते हैं। पार्टी में हिंदी पट्टी से ताल्लुक रखने वाले एक महासचिव ने कहा कि उत्तर भारत से उचित प्रतिनिधित्व के लिए एक ऐसा फॉर्मूला तैयार किया जा रहा है जिससे सचिन पायलट, तारिक अनवर, हरीश रावत, अजय माकन, रणदीप सुरजेवाला, निर्भर हुड्डा जैसे नेताओं को पार्टी में महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारी दी जा सके। एक महासचिव ने पायनियर को बताया कि हम जर्जर पारंपरिक रणनीति को छोड़ने के साथ आक्रामक रणनीति अपनाएंगे और चुनाव के क्षेत्र में इसी तरह के लोगों को शामिल करेंगे। वर्तमान में पार्टी नए चेहरे, नए विचार, नए तरीकों के साथ नवीनतम तकनीक पर विचार किया जा रहा है।

## मेंगलुरु में...

षड्यंत्र था। दोषियों के आतंकवादी संगठनों से ताल्लुक होने की बात स्पष्ट है। ज्ञानेंद्र ने कहा कि राज्य की पुलिस केंद्रीय एजेंसियों के संपर्क में है तथा एक या दो दिन में सभी जानकारियां सामने आ जाएंगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विस्फोट एक कुकर में हुआ जिसमें डेटोनेटर, तार और बैटरी लगी हुई थीं। उन्होंने कहा कि विस्फोट के कारण ऑटोरिक्शा को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह भी संदेह है कि यह अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश में आत्मघाती धमाके का एक नाकाम प्रयास हो। पुलिस ने बताया कि मेंगलुरु में हुआ विस्फोट कोयंबटूर में हुए कार विस्फोट से मिलता-जुलता है। शहर के पुलिस आयुक्त एन शशि कुमार ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचने की अपील की। वहीं कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि मंगलुरु में कथित तौर पर बम विस्फोट करने वाले संदिग्ध के आतंकी संबंध थे क्योंकि वह पड़ोसी तमिलनाडु के कोयंबटूर सहित विभिन्न स्थानों पर गया था।

## राजकोट-सूरत...

रैलियों को संबोधित करेंगे, जब भारत जोड़ो यात्रा का विश्राम होगा। गुजरात में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की कांग्रेस लगातार कोशिश कर रही है, जहां भाजपा पिछले 27 वर्षों से लगातार शासन में है। कांग्रेस ने 2017 में गुजरात में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को अच्छी टक्कर दी थी, जब कांग्रेस ने 77 और भाजपा ने 99 सीटें जीती थीं। पदयात्रा के महाराष्ट्र चरण के अंतिम दिन संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने दावा किया कि लोग एक विकल्प की तलाश कर रहे और भाजपा और आरएसएस से छुटकारा पाना चाहते हैं। रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को राष्ट्रीय राजनीति के साथ-साथ पार्टी के लिए एक क्रांतिकारी क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इसे चुनावी सफलता में बदलने में कुछ समय लगेगा। रमेश ने कहा कि यात्रा महाराष्ट्र में 21 और 22 नवंबर को विराम लेगी और 23 नवंबर को मध्य प्रदेश के लिए रवाना होगी।

## पत्नी-बेटे...

के नाम पर रोया भी। पुलिस द्वारा खोजे जाने के बाद रविवार को श्यामली और जॉय को गिरफ्तार कर लिया गया। जहां पूछताछ में दोनों के बयान में अंतर होने पर हत्याकांड का सच सामने आया। पत्नी श्यामली ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कहा कि मेरा बेटा और मैं कभी भी चैन से नहीं रह पाए। वह 20 साल पहले रिटायर होने के बाद से वह हमें मारता पीटता था।

## फुटबॉल महाकुंभ...

में से एक जंगकुक ने सबका मन मोह लिया। इसके अलावा स्थानीय कलाकार फहद अल कुबैसी का भी जलवा देखने को मिला। लगभग एक महीने तक चलने वाले फीफा वर्ल्ड कप में मौजूदा चैम्पियन फ्रांस समेत कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। इन टीमों को चार-चार के कुल आठ समूहों में बांटा गया है। समूह चक्र के जरिए 16 टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद नॉकआउट मैच शुरू हो जाएंगे। 18 दिसंबर को होने वाले फाइनल मैच के साथ इस टूर्नामेंट की समाप्ति होगी।

## आइए व्यापार...

यह है कि मन की बात के रूप में आप केवल सुझाव दे सकते हैं, शिकायत रख सकते हैं, उनकी कही अथवा की हुई किसी बात या कार्य से असहमति भी जता सकते हैं। लेकिन अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते। ऐसा करने पर उसे रिकॉर्डिंग से हटा दिया जाएगा। शेष सभी बातें रिकॉर्डिंग के जरिये प्रधानमंत्री कार्यालय भेजी जा रही हैं। जानकारी के अनुसार इनमें से उपयोगी और काम की बातों या सुझावों को प्रधानमंत्री आने वाले दिनों में मन की बात के जरिये देशवासियों के सामने भी रख सकते हैं। इसके अलावा सुझावों एवं शिकायतों को कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दिया जाएगा। अभी तक व्यापार मेले के छह दिनों में कई हजार लोग प्रधानमंत्री के नाम अपने मन की बात रिकॉर्ड करवा चुके हैं। मन की बात कहने के साथ-साथ मेला दर्शक यहां पर अपनी फोटो भी खूब खिंचवा रहे हैं।

## दर्शकों की...

दोगुनी संख्या में विभिन्न श्रेणियों के पास वाले दर्शक रहे। रविवार सुबह 10 बजे जैसे ही मेले में प्रवेश शुरू हुआ, लोगों की भीड़ जमने लगी। दर्शकों ने मेला परिसर में भ्रमण ही नहीं किया बल्कि जमकर देशी विदेशी सामानों की खरीदारी भी की। ज्यादातर दर्शकों के हाथों में खरीदे गए सामान के पैकेट नजर आ रहे थे।

## हर तरह...

कुमार ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के मददेनजर एक बार में पांच हजार से अधिक टिकटें नहीं बेची गईं। थोड़े-थोड़े समयांतराल के बाद दोबारा से टिकटों की बिक्री शुरू की गई। हर एक घंटे के भीतर हालात का विश्लेषण किया जाएगा। बीच-बीच में हाल और मंडपों में दर्शकों का प्रवेश रोकना भी पड़ा।

# पटेल समुदाय की कई समस्याओं का समाधान हुआः हार्दिक

**भाषा।** अहमदाबाद

**भाजपा** के नेता हार्दिक पटेल का कहना है कि केंद्र द्वारा मौजूदा कोटे में छेड़छाड़ किए, बिना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण करने के फैसले से गुजरात में पटेल समुदाय के कई मुद्दे हल हो गए हैं और समुदाय आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारी जीत सुनिश्चित करेगा। गुजरात में 2015 के पाटीदार आरक्षण आंदोलन के अगुआ रहे पटेल ने कहा कि आंदोलन ने 2017 के गुजरात चुनाव में लगभग 20 विधानसभा क्षेत्रों को सीधे प्रभावित किया था। उन्होंने 2017 के चुनावों के दौरान कांग्रेस का समर्थन किया था।

केंद्र ने जनवरी 2019 में संविधान में संशोधन कर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 फीसदी आरक्षण लागू किया था। उसने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों की आनुपातिक सीटों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में सीटों की कुल संख्या बढ़ाने के निर्देश भी जारी किए। इस महीने की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय ने 3:2 के बहुमत के फैसले में प्रवेश और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखा, जिसमें एससी, एसटी और ओबीसी गरीबों को शामिल नहीं किया गया था।

पटेल ने साक्षात्कार में कहा, पाटीदार एकजुट हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने का फैसला किया है। 2017 के चुनावों में, मुद्दा अलग था। 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटे ने गुजरात के पटेलों सहित अन्य वर्गों के गरीबों और वंचितों के लिए आरक्षण का लाभ बढ़ाया है। इस बार पटेल यह



सुनिश्चित करेंगे कि भाजपा को प्रचंड बहुमत मिले। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की और ईडब्ल्यूएस कोटे को उनके फैसले को ऐतिहासिक करार दिया इससे 50 से अधिक समुदायों के गरीबों को लाभ होगा।

पटेल ने कहा, इससे (ईडब्ल्यूएस आरक्षण से) भाजपा को काफी फायदा होगा। पिछली बार, पाटीदार आंदोलन ने लगभग 20 सीटों पर प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव डाला था और कई अन्य सीटों पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा था। लेकिन अब न केवल पटेल बल्कि कई समुदायों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। गुजरात विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने कहा कि वह अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को भाजपा के लिए किसी खास चुनौती के रूप में नहीं देखते हैं। उनके मुताबिक, कांग्रेस निकटतम प्रतिद्वंद्वी है, हालांकि चुनावों में वह काफी अंतर से दूसरे स्थान पर रहेगी।

उन्होंने कहा, आप चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन भगवान विष्णु और महेश के खिलाफ उसके नेताओं की टिप्पणियों ने गुजरात के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहेगी। भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस छोड़ने के मुद्दे पर, 29 वर्षीय पटेल ने कहा कि उनके मुद्दों का समाधान हो गया है और वह हमेशा भाजपा-की सोच वाले और वैचारिक रूप से हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के करीब थे।

हार्दिक पटेल 2015 और 2016 के बीच गुजरात में पाटीदार आंदोलन के चेहरे के रूप में प्रमुखता से उभरे। वह 2020 में कांग्रेस में शामिल हुए और इसकी गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इस साल की शुरुआत में, वह भाजपा में शामिल हो गए, जिसने उन्हें अहमदाबाद के वीरमगाम निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी के नेता उन्हें जुझारू नेता बताते रहे हैं।

गुजरात में मुख्यमंत्रियों को बदलने के बारे में पूछे जाने पर, हार्दिक ने कहा कि भाजपा पूरे गुजराती समाज की पार्टी है और यह उचित समय पर हर जाति को प्रतिनिधित्व देती है। उन्होंने कहा, गुजरात के लोगों को भाजपा पर पूरा भरोसा है। वे इसके सभी फैसलों को स्वीकार करते हैं और पार्टी को वोट देते समय प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को देखते हैं।



गोवा में सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, केन्द्रीय मंत्री डॉ एल. मुरूगन और अपूर्व चावला व अन्य 53वें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म उत्सव (आईएफएफआई) उद्घाटन के अवसर पर कार्यक्रम में जाते हुए।

## पटेल भारत को एकजुट कर सकें तो इसका श्रेय शंकराचार्य को जाता है : आरिफ मोहम्मद खान

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को कहा कि अगर सरदार वल्लभभाई पटेल 1947 के बाद भारत को एकजुट कर पाए, तो इसका श्रेय वास्तव में केरल के सपूत शंकराचार्य को जाता है, जिन्होंने 1,000 साल से भी पहले लोगों को अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता से अवगत कराया था। खान ने पीटीआई-भाषा को यहां दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि केरल ज्ञान की खोज करने वालों के लिए बहुत अनुकूल जगह है। उन्होंने कहा कि यद्यपि भारत में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता है, लेकिन देश लंबे समय तक राजनीतिक रूप से बंटा रहा। राज्यपाल ने कहा, राजनीतिक एकता, राष्ट्रीय एकता हालिया घटनाक्रम है और लाखों वर्षों तक हम राजनीतिक रूप से बंटे रहे।

उप्र से ताल्लुक रखने वाले खान ने केरल को लेकर कहा कि वहां महान परंपरा है और यह भारत के सबसे अच्छे राज्यों में से एक है। यह समाज ही है, जिसे हमें श्रेय देना चाहिए। केरल का समाज ऐसा है, जहां लोगों को श्रेय दिया जाना चाहिए। यह श्री नारायण गुरु जैसे लोग हैं। केरल में बहुत ही दमनकारी ऐसी सामंती प्रथा थी कि बड़ी संख्या में महिलाओं को अपने ऊपरी वस्त्र पहनने की भी अनुमति नहीं थी... जब भी संकट की घड़ी आती है, तो किसी महान आत्मा का आगमन होता है। राज्यपाल ने कहा, यदि सरदार पटेल 1947 के बाद भारत को एकजुट कर सके और हम सबसे बड़ा लोकतंत्र और एक राष्ट्र बन सके, तो इसका श्रेय वास्तव में केरल के सपूत शंकराचार्य को जाता है। मैं ऐसा पहली बार नहीं कह रहा हूं। शंकराचार्य, जिन्हें आदि शंकराचार्य के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म 788 ईस्वी में केरल के कालडि में हुआ था। वह अद्वैत दर्शन के विद्वान और व्याख्याता थे। राज्य के शिक्षा क्षेत्र पर संभावित प्रभाव से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा कि केरल न केवल भारत, बल्कि दुनिया का ज्ञान केंद्र बनने के लिए उपयुक्त है क्योंकि वहां का माहौल ज्ञान के साधकों के लिए अनुकूल है।

## भाजपा ने अल्पसंख्यक तुष्टिकरण पर वीडियो को लेकर कांग्रेस विधायक की आलोचना की

**अहमदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ने एक वीडियो सामने आने के बाद चुनावी राज्य गुजरात में कांग्रेस पर अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया है। वीडियो में विपक्षी दल के एक विधायक को यह दावा करते हुए कथित तौर पर सुना जा सकता है कि केवल मुसलमान ही देश और कांग्रेस को बचा सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस ने दावा किया कि वीडियो तीन साल पुराना है और इसमें छेड़छाड़ की गई है। कांग्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि पाटन जिले के सिद्धपुर से उसके मौजूदा विधायक और उसी सीट से अभी उम्मीदवार चंदनजी ठाकोर उस समय एक बैठक में देश की प्रगति के लिए हिंदू-मुस्लिम एकता के बारे में बोल रहे थे तथा इस बात को वीडियो क्लिप से हटा दिया गया। भाजपा शासित गुजरात में 182 सदस्ईय विधानसभा के लिए दो चरणों में होने वाले चुनाव में एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा। वीडियो में ठाकोर द्वारा कथित तौर पर कहते सुना जा सकता है, हमने उन्हें (भाजपा को) इस भरोसे पर वोट दिया कि वे कुछ नया करेंगे, लेकिन सिर्फ हमें ही नहीं, पूरे देश को धोखा दिया गया। वीडियो में उन्होंने कहा, केवल मुस्लिम समुदाय ही देश और कांग्रेस पार्टी को बचा सकता है।

विधायक द्वारा यह कहते सुना जा सकता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ सामने आए, जबकि 18 अन्य राजनीतिक दलों में से कोई भी नेता मुसलमानों के साथ नहीं खड़ा था। ठाकोर को वीडियो क्लिप में यह कहते हुए भी सुना जा सकता है कि भाजपा ने मुस्लिम समुदाय को कई तरह से परेशान करने का प्रयास किया और तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध, हज के लिए सब्सिडी बंद करने और मुस्लिम युवाओं के लिए छात्रवृत्ति का हवाला दिया। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार रात एक ट्वीट में कहा, शर्मनाक शब्दउ हार के डर से कांग्रेस एक बार फिर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का सहारा ले रही है। लेकिन कांग्रेस को पता होना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी को हार से कोई नहीं बचा पाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट के साथ ठाकोर का वीडियो भी संलग्न किया। भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी. आर. पाटिल ने भी अपने ट्विटर अकाउंट पर वीडियो अपलोड कर कहा, कांग्रेस अपनी हार को भूलकर धर्म की राजनीति कर रही है। कांग्रेस विधायक का ऐसा ओछा भाषण किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। यहां तक कि कांग्रेस भी अब कांग्रेस को नहीं बचा सकती। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण कर रही कांग्रेस की हार तय है। कांग्रेस प्रवक्ता मनीष दोशी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत करते हुए दावा किया कि वीडियो 2019 का है और इसमें छेड़छाड़ की गई है।

## उद्योपति मुकेश अंबानी की बेटी ईशा ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया

**नई दिल्ली।** जानेमाने उद्योगपति अरबपति मुकेश अंबानी की बेटी ईशा ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। इन जुड़वां बच्चों में से एक लड़का और एक लड़की है। यह जानकारी परिवार ने रविवार को दी। इन दोनों बच्चों का नाम आदिया और कृष्णा रखा गया है। परिवार की ओर से मीडिया को जारी बयान में कहा गया है, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे बच्चों ईशा और आनंद को 19 नवंबर 2022 को जुड़वां बच्चे हुए हैं। हालांकि, बयान में यह नहीं बताया गया कि बच्चों का जन्म कहां हुआ। सूत्रों ने कहा कि बच्चों का जन्म अमेरिका में हुआ। बयान में यह भी बताया गया है कि ईशा और आनंद को एक बेटा और एक बेटी हुई है। बयान में कहा गया है, ईशा और बच्चे यानी आदिया और कृष्णा स्वस्थ हैं। मुकेश अंबानी के तीन बच्चे हैं – जुड़वां आकाश और ईशा (31 साल) और बेटा अनंत (27 साल)। पीरामल ग्रुप के अजय और स्वाति पीरामल के बेटे आनंद से ईशा का विवाह हुआ था।

## पूर्वोत्तर भारत को मिला पहला यूनानी चिकित्सा संस्थान

**सिलचर।** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने रविवार को असम के सिलचर शहर में क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन किया। पूर्वोत्तर भारत में यूनानी चिकित्सा पर आधारित अपनी तरह का यह पहला संस्थान है। क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आरआरआईयूएम) 3.5 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसका निर्माण 48 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। सोनोवाल ने कहा, चिकित्सा की आयुष प्रणाली ने महामारी के दौरान लाखों लोगों को लाभान्वित करने के प्रमाणित परिणामों के बाद एक बार फिर से लोगों के बीच इस प्रणाली की स्वीकार्यता में वृद्धि की है। लोगों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में चिकित्सा की आयुष प्रणाली ने प्रभावशीलता को सिद्ध कर दिया है। हम इस चिकित्सा प्रणाली पर कार्य कर रहे है, जहां आयुष की परंपरागत औषधीय पद्धतियों के साथ श्रेष्ठ समकालीन चिकित्सा का भी सर्वोत्तम पूरक हो सकता है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल्पना की गई है, आयुष की पारंपरिक औषधीय पद्धतियों के साथ समकालीन चिकित्सा का सबसे अच्छा पूरक हो सकता है। यूनानी पद्धति न केवल भारत में, बल्कि अन्य देशों में भी सबसे प्रसिद्ध पारंपरिक दवाओं में से एक है। आरआरआईयूएम का नवनिर्मित परिसर, सीसीआरयूएम के तहत कार्य करेगा। यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान के लिए यह शीर्ष सरकारी संगठन है। यह यूनानी चिकित्सा के विभिन्न, मौलिक और व्यावहारिक पहलुओं पर उन बीमारियों के बारे में जो उत्तर पूर्व और विशेष रूप से असम में प्रचलित है, वैज्ञानिक अनुसंधान करने के साथ-साथ रोगी देखभाल सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा। यह केंद्र कार्डियक, पल्मोनरी, स्ट्रोक, कैंसर और मधुमेह जैसे गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के रोगियों की जांच के लिए भी पूरी तरह तमाम सुविधाओं से लैस है। बच्चों पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ यह केंद्र स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच भी करेगा और बीमार पाए गए लोगों को प्रभावी उपचार भी प्रदान करेगा।

## राजस्थान में मुठभेड़ के बाद छठा आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/जयपुर।** डेरा सच्चा सौदा के एक अनुयाई की हत्या में शामिल संदिग्ध शूटर को जयपुर में पंजाब और राजस्थान पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान हुई मामूली मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के गैंगस्टर-रोधी कार्यबल के प्रमुख प्रमोद बान ने कहा कि मुठभेड़ में घायल आरोपी की पहचान रमजान खान उर्फ राज हुड्डा के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि आरोपी के पैर में गोली लगी है। वही, जयपुर में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अवनीश शर्मा ने बताया, हुड्डा दो अन्य लोगों के साथ यहां एक फ्लैट में छिपा हुआ था। पंजाब पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर फ्लैट पर छापा मारा गया। आरोपी ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी गोलीबारी में वह घायल हो गया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि अभियान केंद्रीय एजेंसियों और राजस्थान पुलिस के समन्वय से चलाया गया। पुलिस ने हुड्डा के दो साथियों हैप्पी मेहला (19) और साहिल मेहला (18) को भी गिरफ्तार किया, दोनों राजस्थान के हनुमानगढ़ के रहने वाले हैं। यादव ने कहा कि इनके कब्जे से दो पिस्तौल भी बरामद की गई हैं। बान ने ट्वीट किया, गैंगस्टर-रोधी कार्यबल ने एक सफल अभियान में फरीदकोट के डेरा अनुयाई हत्याकांड के मुख्य शूटर को जयपुर से गिरफ्तार किया है। संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद राज हुड्डा को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसमें वह घायल हो गया है। 2015 के बारगढ़ी बेअदबी मामले में आरोपी रहे डेरा सच्चा सौदा के अनुयाई प्रदीप सिंह की 10 नवंबर को फरीदकोट के कोटकपूरा में उनकी दुकान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के छह हमलावरों में से पांच को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। इनमें से दो नाबालिग सहित तीन को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने, जबकि दो को पंजाब पुलिस ने पकड़ा था।

## अंतरधार्मिक जोड़ों को दी गई अंतरिम राहत के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएगी मप्र सरकार

**जबलपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश सरकार उच्च न्यायालय के उस अंतरिम आदेश को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख करने जा रही है, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को सूचित किए बिना विवाह करने वाले अंतरधार्मिक जोड़ों पर कार्वाई नही करने की बात कही गई है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह अपनी मर्जी से शादी करने वाले वयस्कों के खिलाफ मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 10 के तहत कार्वाई नही करे। न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पीसी गुप्ता की खंडपीठ ने कहा कि धारा 10, धर्मांतरण करना चाह रहे एक नागरिक के लिए यह अनिवार्य करता है कि वह इस सिलसिले में एक पूर्व सूचना जिला मजिस्ट्रेट को दे, लेकिन हमारे विचार से यह इस अदालत के पूर्व के फैसलों के आलोक में असंवैधानिक है। उच्च न्यायालय के 14 नवंबर के इस आदेश में कहा गया है कि इसलिए प्रतिवादी (राज्य सरकार) अपनी मर्जी से शादी करने वाले वयस्कों के खिलाफ मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 10 के उल्लंघन को लेकर उसके (अदालत के) अगले आदेश तक दंडात्मक कार्वाई नही करे। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने रविवार को बताया, राज्य सरकार उच्च न्यायालय के उस अंतरिम आदेश को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय जा रही है, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को सूचित किए बिना विवाह करने वाले अंतरधार्मिक जोड़ों पर मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 10 के तहत कार्वाई नही करने की बात कही गई है।

## अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत कल्याण-डोंबिवली में शिवसेना (यूबीटी) का कार्यालय ढहाया गया

**ठाणे।** ठाणे जिले में कल्याण-डोंबिवली नगर निगम के अधिकारियों ने अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत आठ दुकानों को ध्वस्त कर दिया, जिनमें से एक में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) का स्थानीय कार्यालय था। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शिवसेना (यूबीटी) के स्थानीय नेता रमाकांत देवलेकर ने हालांकि कहा कि शनिवार की विध्वंस की कार्वाई उनके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल होने से इनकार करने के कारण की गई। उन्होंने कहा कि इलाके के अन्य अवैध ढांचों को कार्वाई के दौरान नहीं छुआ गया। इस कार्वाई के खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस बीच, केडीएमसी वार्ड अधिकारी कविता हिले ने कहा कि ढांचे अतिक्रमण कर बनाए गए थे और नोटिस जारी करने सहित सभी नागरिक नियमों का पालन करने के बाद उन्हें ढहाने की कार्वाई की गई।

## राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर टोक्यो में अध्यक्षता हस्तांरण समारोह में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुनिया** की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संघ जी-20 की अध्यक्षता संभालने के बाद भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ग्लोबल पार्टनरशिप (जीपीएआई) की भी अध्यक्षता करने जा रहा है। जीपीएआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जिम्मेदार और मानव-केंद्रित विकास एवं उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक अंतर्राष्ट्रीय पहल है। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता प्रौद्योगिकी के परिदृश्य को उत्प्रेरित करने के साथ-साथ मानवीय संभावनाओं के दायरे को भी आगे बढ़ा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में एआई का हिस्सा 2035 तक बढ़कर 967 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा, जबकि 2025 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में इसका हिस्सा 450-500 अरब डॉललर होगा। जो देश की लक्षित जीडीपी 5 ट्रिलियन डॉलर (पांच लाख करोड़ डॉलर) का 10 फीसदी होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत के प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम के विकास को गति प्रदान करने और प्रबल बनाने में गुणक प्रभाव वाली ताकत है जिससे 2025 तक एक ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल होगा।

जीपीएआई में अमेरिका,यूके, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मैक्सिको, न्यूजीलैंड, रिपब्लिक ऑफ कोरिया और सिंगापुर सहित 25 सदस्य देशों का एक समूह है। भारत 2020 में एक संस्थापक सदस्य के रूप में इस समूह में शामिल हुआ था। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर टोक्यो में 21 नवंबर, 2022 को होने वाली जीपीएआई की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## अब प्यासी नहीं रहेगी विंध्य की धरती

### रबी की फसल भी कर सकेंगे किसान, बाणसागर में टनल की खुदाई पूरी, जल्द मिलेगा पानी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/भोपाल

**मध्यप्रदेश** के विंध्य में रीवा और सतना के किसानों के लिए नये साल की सबसे बड़ी खुशखबरी आयी है। बाण सागर बहुउददेश्यीय सिंचाई परियोजना के तहत बहुती नहर परियोजना का सबसे अहम काम पूरा हो गया है, यानी लघु सुरंग बनाने में बड़ी सफलता मिली है। इस सुरंग को दोनों तरफ से मिलाने के लिए जरूरी डे ब्रेकिंग या सुरंग मिलान का काम शनिवार को पूरा कर लिया गया। केवल एक-डेढ़ महीने के अंदर ही इससे पानी का वितरण किया जा सकेगा। इस परियोजना के पूरा होने पर रीवा की पांच तहसीलों और सतना की दो तहसीलों के करीब 65 हजार हेक्टेयर और तीन लाख किसानों को फायदा मिलेगा। नई टनल से पानी का प्रवाह भी पहले की अपेक्षा ज्यादा होगा। बाणसागर बांध का पानी बहुती नहर परियोजना में पहुंचाने केलिए छुहिया घाटी गोविंदगढ़ में बनाई जा रही जल सुरंग का निर्माण कार्य का अहम हिस्सा यानी नहर के दोनों तरफ से पानी के लिए डे ब्रेकिंग का काम पूरा हो गया है। बाकी नहर में विस्तार और निकास के बाकी काम जल्दी ही पूरे करके पानी के वितरण को संभव बनाया जा सकेगा। इस सुरंग का काम बहुत कठिन था क्योंकि छुइया घाटी का पहाड़ हार्डराक और मिटटी का बना है इसलिए खुदाई के दौरान कई जगहों पर तो कड़ी चटटान थी तो कहीं पर मिट्टी थी। ऐसे में अत्याधुनिक बूमर मशीन का इस्तेमाल किया गया। पूरी सावधानी और सुरक्षा के साथ ही सुरंग को आर-पार निकाला गया।

## कांग्रेस समाप्त करने की महात्मा गांधी की इच्छा पूरी कर रहा दूसरा गांधी : राम माधव

● भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि गांधी जी चाहते थे कि कांग्रेस राजनीतिक दल के रूप में काम न करे

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राम माधव ने रविवार को कहा कि महात्मा गांधी का मानना था कि भारत 15 अगस्त, 1947 को राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हो गया था और वह चाहते थे कि कांग्रेस राजनीतिक दल के रूप में काम करने के बजाय सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए काम करे। राम माधव ने यहां आयोजित साहित्य परब 2022 में यह भी दावा किया कि चूंकि कांग्रेस नेताओं ने गांधीजी की बातों पर ध्यान देना बंद कर दिया था, इसलिए यह सुझाव उन्हें स्वीकार्य नहीं था। राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की कांग्रेस को भंग करने की इच्छा एक अन्य गांधी द्वारा पूरी होती दिख रही है। माधव ने कहा, 15 अगस्त 1947 को जब भारत को स्वतंत्रता मिली तो सभी ने इसे आजादी और स्वतंत्रता कहा। लेकिन महात्मा गांधी ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने ऐसा कहने से इनकार किया और कहा कि भारत राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हो गया है।

गांधी की मृत्यु से तीन दिन पहले उन्होंने एक प्रस्ताव तैयार करवाया और वह चाहते थे कि इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अगले सम्मेलन में पारित किया जाए। सम्मेलन आयोजित नहीं किया गया था, क्योंकि गांधीजी की हत्या कर दी गई थी। गांधी की 30 जनवरी, 1948 को हत्या कर दी गई थी। उस प्रस्ताव में गांधीजी ने लिखा था कि भारत ने केवल राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की है, लेकिन भारतीय समाज में सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्वतंत्रता अभी हासिल नहीं हुई है।

माधव ने कहा कि गांधीजी ने एक और आंदोलन (सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए) शुरू करने और इसे राजनीति के दायरे से बाहर रखने का सुझाव दिया था। कांग्रेस नेताओं ने गांधी जी की बातों पर ध्यान देना बंद कर दिया था और इसलिए उनके इस सुझाव को स्वीकार नहीं किया गया था। (महात्मा) गांधीजी की कांग्रेस को भंग करने की इच्छा एक अन्य गांधी द्वारा पूरी होती दिख रही है। माधव ने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी राम वन गमन पथ परियोजना की सराहना की। माधव ने कहा कि उन्होंने रायपुर में राम वन गमन पथ के जीर्णोद्धार कार्य के बड़े-बड़े होर्डिंग देखे हैं, जो अच्छा है क्योंकि देश की विरासत को संरक्षित और पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। किसी का नाम लिए बिना माधव ने कहा कि भगवान राम का वनवास राजनीतिक बलिदान का उदाहरण है, लेकिन छत्तीसगढ़ में वह पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

## राजनाथ 23 को कंबोडिया में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम-प्लस) और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए 22 से 23 नवंबर तक कंबोडिया की यात्रा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि सिंह कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री समदेच पिचे सेना टीईए बान्ह के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। बयान में कहा गया है कि कंबोडिया एडीएमएम-प्लस के अध्यक्ष के रूप में कंबोडिया के सिएम रीप में नौवीं वार्षिक बैठक की मेजबानी कर रहा है और सिंह 23 नवंबर को इसको संबोधित करेंगे। इसमें कहा गया कि वह कंबोडिया के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात करेंगे।

बयान में कहा गया है, भारत-आसियान संबंधों के 30 साल पूरे होने के मौके पर भारत और कंबोडिया 22 नवंबर को राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में पहली भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक के दौरान भारत-आसियान साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा किए जाने की योजना है। बयान के अनुसार, भारत 1992 में आसियान का संवाद भागीदार बना और 12 अक्टूबर, 2010 को वियतनाम के हनोई में एडीएमएम-प्लस का उद्घाटन किया गया। वर्ष 2017 से एडीएमएम-प्लस मंत्रियों की सालाना बैठक आसियान और प्लस देशों के बीच संवाद एवं सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए होती रही है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एडीएमएम-प्लस बैठक और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के अलावा रक्षा मंत्री भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि वार्ता के दौरान, सिंह रक्षा सहयोग के मामलों और पारस्परिक रूप से संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा से पैदा हुई सकारात्मक ऊर्जा पर सावरकर की आलोचना ने पानी फेर दियाः राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी वी डी सावरकर की आलोचना ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के कारण पैदा हुई सकारात्मक ऊर्जा पर पानी फेर दिया। पार्टी के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक स्तंभ रोखठोक में राज्यसभा सदस्य राउत ने सवाल किया कि राहुल गांधी लोगों की भावनाओं को छूने वाले मुद्दे उठा कर भाजपा को ध्यान भटकाने का मौका क्यों दे रहे हैं।

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र में इस सप्ताह की शुरुआत में सावरकर पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया था कि सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी और भय के चलते उन्हें माफीनामा लिखा था। धनशोधन के मामले में हाल में जमानत पर जेल से बाहर आए राउत ने कहा, मैंने जेल में तीन महीने बिताए। कई स्वतंत्रता सेनानियों को मुंबई में आर्थर रोड जेल में बंद किया गया था। वहां एक स्मारक है। एक आम कैदी के रूप में, जेल में एक दिन भी बिताना मुश्किल है।

सामना के कार्यकारी संपादक राउत ने कहा, सावरकर ने अंडमान सेल्युलर जेल में 10 से अधिक साल बिताए और कई मुश्किलों का सामना किया। ब्रिटिश शासन ने उन्हें धन शोधन के झूठे आरोपों पर गिरफ्तार नहीं किया था। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र क्रांति की मशाल जलाई थी, इसलिए उन्हें अंडमान की जेल में रखा गया। उन्होंने कहा कि उम्रकैद की दो सजा का मतलब है कि जेल में 50 साल काटना। सावरकर के भाई नारायणराव को बिना शर्त रिहा कर दिया गया, जबकि सावरकर को शर्तों के साथ रिहा किया गया। इसे माफी नहीं कहा जा सकता।

राउत ने लेखक वाई डी फडके की किताब में एक उद्धरण का जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि सावरकर द्वारा लिखे पत्र का क्षमा याचना के रूप में गलत अर्थ निकाला गया। उन्होंने इसका जिक्र करते हुए कहा कि यह जेल से रिहा होने की रणनीति थी उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी 26 मई 1920 को यंग इंडिया में लिखे अपने लेख के जरिए सावरकर और उनके भाई को रिहा करने की मांग की थी।

राउत ने यह भी कहा कि अगर सावरकर ने जेल से रिहा होने के लिए ब्रिटिश शासन के खिलाफ हिंसक तरीके पर खेद भी जताया था तो इसे आत्मसमर्पण करना नहीं, बल्कि एक रणनीति समझा जाना चाहिए। शिवसेना के उद्धव ठाकरे खेमे के नेता ने कहा, आज कई नेता डर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष आत्मसमर्पण कर देते हैं, दल बदल लेते हैं और ईमानदारी गंवा देते हैं। सावरकर ने देश की आजादी के लिए 10 से अधिक वर्ष अंडमान जेल में बिताए।

# नेपाल में संसद विस के चुनाव के लिए पड़े वोट

भाषा। काठमांडू



**नेपाल में** नई संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। नेपाल में मतदाता उस राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त करने की उम्मीद में मतदान कर रहे हैं, जो एक दशक से अधिक समय से देश के लिए चिंता का कारण बनी हुई है और जिसने विकास को बाधित किया है। देशभर में 22,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। देश के गृह सचिव बिनोद प्रकाश सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि स्थानीय समयानुसार अपराह्न दो बजे तक देशभर में 46 प्रतिशत मतदान हुआ था। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। अधिकारियों ने बताया कि कैलाली जिले के धनगढ़ी उप-महानगरीय शहर में शारदा माध्यमिक विद्यालय मतदान केंद्र के पास एक मामूली विस्फोट हुआ। इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट के कारण मतदान केंद्र में आधे घंटे के व्यवधान के बाद मतदान फिर शुरू हो गया। धनगढ़ी, गोरखा और दोलखा जिलों के 11 इलाकों से विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक होने की कुछ घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन इनका मतदान पर कोई असर नहीं पड़ा। इस बीच, देश के प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा ने अपने गृह जिले दादेलधुरा में मतदान किया। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने काठमांडू के पास भक्तपुर जिले की सूर्यबिनायक नगर पालिका स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने चितवन जिले की भरतपुर नगर पालिका स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। इस बीच, 113 वर्षीय गोपी माया पोखरेल अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर देश में मतदान करने वाली सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गईं। पोखरेल ने काठमांडू से 220 किलोमीटर पश्चिम में स्थित तनहुं जिले में मतदान किया। अधिकारियों ने बताया कि पोखरेल के नागरिकता प्रमाण पत्र के अनुसार उनकी जन्मतिथि 22 जून, 1909 है। उन्होंने तनहुं जिले में भानु नगरपालिका के सेपाबगैचा स्थित महादेबता प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। इसी तरह, 107 वर्षीय जसमणि कामी ने मयागढ़ी जिले के राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश कुमार थपलियाल ने बताया कि मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार रात नौ बजे से शुरू होगी। थपलियाल ने भक्तपुर में एक मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद कहा कि मतदान संपन्न होने के बाद सभी मत पेटियां शाम सात बजे तक मतगणना केंद्रों पर एकत्र की जाएंगी। नेपाली मीडिया ने उनके हवाले से कहा, इसके बाद हम करीब एक घंटे तक सभी दलों के साथ बैठक करेंगे और हमें रात नौ बजे तक मतगणना शुरू होने की उम्मीद है। चुनाव के लिए 10,892 मतदान केंद्र बनाए गए और 17,988,570 लोग मतदान करने के लिए योग्य बताए गए हैं।थपलियाल ने कहा कि आयोग अगले आठ दिन में चुनाव के सभी नतीजों की घोषणा कर देगा, जबकि आनुपातिक प्रतिनिधित्व चुनाव प्रणाली के नतीजों की घोषणा आठ दिसंबर तक होगी। नेपाल में संघीय संसद की 275 सीटों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीट के लिए चुनाव हो रहे हैं। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चयन प्रत्यक्ष मतदान के जरिए होगा, जबकि बाकी 110 को आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुना जाएगा। इसी तरह, प्रांतीय विधानसभाओं के कुल 550 सदस्यों में से 330 का चयन प्रत्यक्ष, जबकि 220 का चयन आनुपातिक प्रणाली से होगा।

## दक्षिण चीन सागर से सटे फिलीपीन के द्वीपीय प्रांत का दौरा करेंगी कमला हैरिस

**मनीला (फिलीपीन)।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने रविवार को फिलीपीन की अपनी यात्रा शुरू की। इस दौरान वह देश की रक्षा की अमेरिकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करेंगी। हैरिस फिलीपीन की अपनी इस यात्रा के दौरान एक द्वीपीय प्रांत पालावान भी जाएंगी, जिसका एक तट विवादित दक्षिण चीन सागर से लगा हुआ है। अमेरिका, चीन पर दक्षिण चीन सागर के छोटे दावेदार देशों को धमकाने का आरोप लगाता रहा है। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यात्रा से पहले ऑनलाइन प्रेस वार्ता में कहा कि थाईलैंड में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, हैरिस रविवार रात मनीला के लिए उड़ान भरेंगी और सोमवार को राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर से मुलाकात करेंगी। इस बातचीत का उद्देश्य एशिया में वाशिंगटन के सबसे पुराने संधि गठबंधन को मजबूत करना और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है। थाईलैंड की उनकी यात्रा काफी सफलै रही।

## ब्लॉगर हत्याकांड में मौत की सजा का सामना कर रहे दो आतंकी फरार

**ढाका।** प्रमुख बांग्लादेशी-अमेरिकी धर्मनिरपेक्ष ब्लॉगर अविजीत रॉय और उनके प्रकाशक की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए दो इस्लामी आतंकवादी रविवार को यहां एक अदालत परिसर से नाटकीय ढंग से फरार हो गए। दोनों आतंकवादियों को मामले में मौत की सजा सुनाई गई है। इस घटना के कुछ घंटों बाद बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल ने संवाददाताओं से कहा कि आतंकवादियों को फिर से पकड़ने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अलर्ट जारी किया गया है और यह पता लगाने के लिए एक जांच शुरू की गई है कि यह घटना कैसे हुई। दोनों आतंकवादी मोटरसाइकिल पर आए कुछ अज्ञात लोगों की मदद से अदालत परिसर से फरार हो गए। मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात लोगों ने पुलिस पर कुछ रसायन का छिड़काव किया और उन्हें अपने साथ ले गए। पुलिस के प्रवक्ता ने मौके पर मौजूद एक संवाददाता से कहा, हमने आतंकवादियों और उनके सहायकों को फिर से पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मोइनुल हसन शमीम उर्फ समीर उर्फ इमरान और अबू सिद्दीक सोहेल - दोनों प्रतिबंधित आतंकवादी समूह अंसारुल्ला बांग्ला टीम (एबीटी) के सदस्य थे। दोनों को एक अलग मामले में सुनवाई के लिए अदालत में लाया गया था। पुलिस ने कहा कि एबीटी के दोनों आतंकवादियों को बांग्लादेश में जन्मे अमेरिकी धर्मनिरपेक्ष ब्लॉगर अविजीत रॉय (42) और उनके प्रकाशक फैसल अरेफिन दीपन की हत्या के मामले में पिछले साल मौत की सजा सुनाई गई थी।

## विवादास्पद आतंकवाद-रोधी कानून को रद्द करने पर विचार कर रहा है श्रीलंका

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार विवादास्पद आतंकवाद रोकथाम कानून (पीटीए) की जगह नए आतंकवाद-रोधी कानून का मसौदा तैयार कर रही है। न्याय मंत्री विजयदास राजपक्षे ने रविवार को यह जानकारी दी। पीटीए को तमिल अल्पसंख्यक चरमपंथी समूहों की हिंसा का मुकाबला करने के लिए वर्ष 1979 में एक अस्थाई व्यवस्था के रूप में पेश किया गया था। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों और तमिल पक्षकारों ने इसे एक कठोर कानून करार दिया है, जिसके तहत अदालतों में आरोपपत्र दायर किए बिना दशकों तक तमिलों को हिरासत में रखा गया। कैंडी जिले में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजपक्षे ने कहा, विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा गहन पड़ताल के बाद एक नए अधिनियम का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। मंत्री ने कहा, हम आतंकवाद-रोधी कानून लाने के इच्छुक हैं ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यूरोपीय संघ (ईयू) ने श्रीलंका सरकार पर पीटीए को निरस्त करने का दबाव डाला था।

## अफगानिस्तान में 19 लोगों को कोड़े मारने की सजा दी गई

**काबुल।** पूर्वोत्तर अफगानिस्तान में व्यभिचार, चोरी और घर से भागने के आरोप में 19 लोगों को कोड़े मारने की सजा दी गई है। उच्चतम न्यायालय के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह जानकारी सामने आने के बाद तालिबान के शरिया कानून लागू करने पर अड़े रहने के रुख की पुष्टि हुई है। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर कब्जा के बाद से अफगानिस्तान में कोड़े मारने की सजा दिए जाने की यह पहली आधिकारिक पुष्टि प्रतीत हो रही है। अदालत के एक अधिकारी अब्दुल रहीम राशिद ने कहा कि 11 नवंबर को पूर्वोत्तर ताखर प्रांत के तलोकान शहर में 10 पुरुषों और नौ महिलाओं में से प्रत्एक को 39 कोड़े मारने की सजा दी गई। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की नमाज के बाद शहर की मुख्य मस्जिद में बुजुर्गों, विद्वानों और स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में यह सजा दी गई। अधिकारी ने कहा कि दोषी ठहराए जाने से पहले इन सभी 19 लोगों के मामलों की सुनवाई दो अदालतों में हुई थी।

## अमेरिका के एक विश्वविद्यालय ने सिख छात्रों को कृपाण धारण करने की सशर्त अनुमति दी

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका के एक** प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि वह सिख छात्रों को परिसर में कृपाण धारण करने की अनुमति देगा। सिख धर्म में कृपाण एक धार्मिक वस्तु है। यह कदम करीब दो महीने पहले कृपाण रखने की वजह से चार्लोट में यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना के एक छात्र को हथकड़ी लगाए जाने की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद उठाया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि छात्रों को परिसर में कृपाण धारण करने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते कृपाण के ब्लेड की लंबाई तीन इंच से ज्यादा न हो और इसे हर वक्त कपड़ों के अंदर शरीर से चिपकाकर रखा जाए। बयान में कहा गया है, विविधता तथा समावेशन कार्यालय ने इंस्टिट्यूशनल इंटीग्रिटी के सहयोग से हमारे पुलिस विभाग में इस सप्ताह अतिरिक्त जागरूकता प्रशिक्षण भी दिया और परिसर में सभी को सांस्कृतिक शिक्षा तथा प्रशिक्षिण के अवसर देने के लिए काम किया जाता रहेगा। विश्वविद्यालय ने इस कदम में मदद देने के लिए गैर लाभकारी संगठन द सिख कोलिशन और ग्लोबल सिख काउंसिल समेत सिख नेताओं का आभार व्यक्त किया।

## मलेशिया में नई सरकार बनाने की ओर बढ़ते प्रतीत हो रहे हैं राष्ट्रवादी

भाषा। कुआलालंपुर

**मलेशिया में** चुनाव के कड़े मुकाबले में किसी को स्पष्ट जनादेश नहीं मिलने के बाद अगली सरकार धार्मिक झुकाव के आधार बनती नजर आ रही है क्योंकि मलय राष्ट्रवादियों के गठबंधन को रविवार एक प्रभावशाली धड़े का समर्थन मिल गया। कड़े मुकाबले वाले आम चुनाव के बाद सामने आई त्रिशंकु संसद में मलय केंद्रित पेरिकतान नेशनल या नेशनल अलायंस का उदय हुआ जिसके अगुवा पूर्व प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन हैं। चुनाव परिणाम ने कई मलेशियावासियों को हैरान कर दिया जिन्हें राजनीतिक उथल-पुथल के बाद स्थायित्व एवं एकता की उम्मीद थी। देश में 2018 के बाद से तीन प्रधानमंत्री हुए हैं। मुहिद्दीन यासीन के नेतृत्व वाले नेशनल अलायंस को संसद की 220 सीट में से 73 सीट मिली हैं। इसकी सहयागी पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी या पीएएस 49 सीट जीतकर अहम विजेता बनकर उभरी है। उसे 2018 की तुलना में दोगुणा से अधिक सीट मिली है। पीएएस का तीन प्रांतों में शासन है और वह अब सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। उसके उभार से देश में व्यापक इस्लामीकरण का भय पैदा हो गया है। विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम के सुधारवादी गठबंधन को सबसे अधिक 82 सीट मिली हैं लेकिन वह बहुमत के आंकड़े 112 से दूर रह गई। रविवार को वार्ता में मुहिद्दीन का गठबंधन बोरनियो द्वीप के दो प्रांतों में राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल करके जीत के करीब पहुंच गया है। उसे अब भी बहुमत के लिए एक अन्य गठबंधन यूनाइटेड मलयज नेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ की जरूरत है। यदि इस समीकरण पर राजा की मुहर लग जाती है तो इसका मतलब होगा कि मुहिद्दीन प्रधानमंत्री के तौर पर लौटेंगे। यूएमएनओ ने ब्रिटेन से आजादी मिलने से लेकर 2018 तक मलेशिया पर शासन किया। यूएमएनओ को महज 30 सीट मिली हैं। चुनाव में हार का सामना करने वाले लोगों में दो बार के पूर्व प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद (97) भी शामिल हैं जो एक अलग मलय आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। मलेशिया की 3.3 करोड़ आबादी के दो तिहाई ग्रामीण मलय लोगों को डर है कि अधिक बहुलता के साथ वे अपने अधिकारों को खो सकते हैं।



कजाकस्तान में एक पोलिंग बूथ पर वोट डालते लोग

## मंदी की आशंका नहीं : राजीव कुमार

### कहा, 2023-24 में 6-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

भाषा। नई दिल्ली



**नीति आयोग के** पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने दुनिया के मंदी में जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच कहा है कि भारत इससे अछूता रहेगा। उन्होंने कहा कि अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों से भारतीय अर्थव्यवस्था प्रभावित तो जरूर हो सकती है, लेकिन अगले वित्त वर्ष यानी 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। कुमार ने कहा कि अमेरिका, यूरोप, जापान और चीन की अर्थव्यवस्थाएं नीचे आ रही हैं। ऐसे में यह स्थिति आने वाले महीनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर ले जा सकती है।

उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि भारत में मंदी की ऐसी कोई आशंका नहीं है, क्योंकि भले ही हमारी वृद्धि वैश्विक परिस्थितियों से नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकती है, इसके बावजूद 2023-24 में हम 6-7 प्रतिशत की दर वृद्धि दर्ज करने में सफल रहेंगे। विश्व बैंक ने छह अक्टूबर को बिगड़ती अंतरराष्ट्रीय स्थिति का हवाला देते हुए 2022-23 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। जून, 2022 में उसने भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने 2022 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जिवा ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अधिक अनिश्चितता की ओर बढ़ रही है। ऊंची मुद्रास्फीति पर एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति संभवत: कुछ और समय के लिए 6-7 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। उसके बाद, मेरा अनुमान है कि यह चरम पर जाने के बाद नीचे आना शुरू होगी। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.7 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं खाद्य वस्तुओं के दाम घटने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति घटकर अपने 19 माह के निचले स्तर पर आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के दायरे में रखने का लक्ष्य दिया गया है। कमजोर होते रुपए के आम आदमी पर प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा कि आम भारतीय बहुत अधिक संख्या में आयातित वस्तुओं और सेवाओं का इस्तेमाल नहीं करते हैं। शुक्रवार को रुपया छह पैसे के नुकसान से 81.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत के बढ़ते व्यापार घाटे पर कुमार ने कहा कि अक्टूबर में निर्यात वृद्धि नकारात्मक रही है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.5-7.1 प्रतिशत रहेगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बीच भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2022-23) में 6.5 से 7.1 प्रतिशत के बीच रहेगी। डेलॉयट इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कुछ माह से ऊंची मुद्रास्फीति नीति-निर्माताओं के लिए चुनौती बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल, 2022 से मुद्रास्फीति पर अंकुश के लिए प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। रिपोर्ट कहती है कि इसके अलावा डॉलर के चढ़ने से आयात बिल बढ़ रहा है जिससे महंगाई भी बढ़ रही है। इसमें कहा गया है कि कुछ विकसित देशों में 2022 के अंत या अगले साल की शुरुआत में मंदी से स्थिति और खराब हो सकती है। डेलॉयट ने कहा, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के लगातार जारी रहने से भारत के वृद्धि के कारकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना शुरू होगा। डेलॉयट का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.5 से 7.1 प्रतिशत के बीच रहेगी। जबकि अगले साल यह 5.5 से 6.1 प्रतिशत के बीच रहेगी। भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 2021-22 में 8.7 प्रतिशत रही थी। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा, हमारा अनुमान है कि आगामी त्योहारी सीजन से उपभोक्ता क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। यह क्षेत्र अभी सतत पुनरुद्धार नहीं दिखा पाया है। उद्योग और सेवा क्षेत्र में ऋण उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है, जिससे पता चलता है कि निजी क्षेत्र की निवेश संभावनाएं बेहतर हैं। उन्होंने कहा, निवेश को बढ़ाने के लिए सतत मांग वृद्धि जरूरी है। घटती वैश्विक मांग और सीमित संसाधनों की वजह से निर्यात और सरकारी खर्च से वृद्धि को संभवत: समर्थन नहीं मिलेगा।

## आईपीसी के दायरे में आने वाले अपराधों को जीएसटी कानून से बाहर किया जाएगा

भाषा। नई दिल्ली

**माल एवं सेवा कर** (जीएसटी) अधिनियम को करदाताओं के लिए और सुगम बनाने के लिए सरकार ऐसे दंडात्मक अपराधों को इससे हटाने पर विचार कर रही है जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के दायरे में पहले से ही आते हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह प्रस्ताव जीएसटी कानून के दायरे से कुछ अपराधों को बाहर करने की कवायद के तहत लाया गया है और जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इसे रखे जाने की संभावना है। प्रस्ताव को जीएसटी परिषद की मंजूरी मिल जाती है तो वित्त मंत्रालय जीएसटी कानून में संशोधन का प्रस्ताव देगा जिसे अगले महीने से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में रखा जाएगा। जीएसटी कानून के दायरे से अपराध को बाहर करने की कवायद के तहत विधि समिति ने इसकी धारा 132 में बदलावों को अंतिम रूप दे दिया है

## एफपीआई ने नवंबर में अबतक भारतीय शेयरों में 30,385 करोड़ रुपए डाले

भाषा। नई दिल्ली

**विदेशी पोर्टफोलियो** निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में आक्रामक लिवाली का सिलसिला जारी है। नवंबर में अबतक उन्होंने शेयरों में 30,385 करोड़ रुपए का निवेश किया है। भारतीय रुपए के स्थिर होने तथा दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत होने की वजह से विदेशी निवेशक एक बार फिर भारत पर दांव लगा रहे हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का रुख बहुत आक्रामक नहीं रहेगा, क्योंकि ऊंचे मूल्यांकन की वजह से वे अधिक लिवाली से बचेंगे।

उन्होंने कहा कि इस समय चीन, दक्षिण कोरिया और ताइवान के बाजारों में मूल्यांकन काफी आकर्षक है और एफपीआई का पैसा उन बाजारों की ओर जा सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से 18 नवंबर के दौरान एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 30,385 करोड़ रुपए डाले हैं। इससे पहले पिछले महीने यानी अक्टूबर में उन्होंने भारतीय बाजारों से शुद्ध रूप से आठ करोड़ रुपए निकाले थे। सितंबर में उन्होंने 7,624 करोड़ रुपए की निकासी की थी। सितंबर से पहले अगस्त में एफपीआई ने 51,200 करोड़ रुपए की खरीदारी की थी। वहीं जुलाई में वे 5,000 करोड़ रुपए के लिवाल रहे थे।

इससे पहले पिछले साल अक्टूबर से लगातार नौ माह तक एफपीआई बिकवाल बने रहे थे। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई के हालिया निवेश की वजह भारतीय शेयर बाजारों में तेजी, अर्थव्यवस्था में स्थिरता और अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपए की स्थिति बेहतर रहना है।


**सार्वजनिक सूचना**

ट्यूलिप 3पी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : एफ-14/22, माडल टाउन-।।, नई दिल्ली-110009
कार्पोरेट कार्यालय : 207-बी, द्वितीय तल, एनडीएम-2, प्लॉट नंबर डी-1, 2 एवं 3, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034
सीआईएन : U74300DL2006PTC154575
ई-मेल आईडी : pj@tulip3media.in फोन : +91-9811349424

प्रपत्र आईएनसी - 26
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (क) के विषय में
तथा
ट्यूलिप 3पी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के विषय में, जिसका पंजीकृत कार्यालय एफ-14/22, माडल टाउन-।।, नई दिल्ली-110009 में स्थित है
..........याचिकादाता

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा 19 नवम्बर, 2022 को सम्पन्न इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों में कम्पनी को इसका पंजीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से हरियाणा राज्य में स्थानांतरित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन, केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को नीचे वर्णित पते पर स्थित इसके पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए।

पंजी. कार्यालय - एफ-14/22, माडल टाउन-।।, नई दिल्ली-110009

कृते एवं हिते आवेदक
ट्यूलिप 3पी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
परवीन कुमार जैन (निदेशक)
डीआईएन : 00222255

तिथि : 21-11-2022
स्थान : नई दिल्ली


## ईपीएफओ ने सितंबर में 16.82 लाख सदस्य जोड़े

भाषा। नई दिल्ली

**कर्मचारी भविष्य** निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सितंबर 2022 में 16.82 लाख सदस्य जोड़े हैं। यह संख्या सितंबर 2021 की तुलना में 9.14 प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक करीब 2,861 नए प्रतिष्ठानों ने अपने कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवर सुनिश्चित करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम,1952 का अनुपालन शुरू किया है। ईपीएफओ के मुताबिक नियमित वेतन पर रखे गए कर्मचारियों (पेरोल) की संख्या सालाना आधार पर सितंबर 2022 के दौरान 21.85 फीसदी अधिक रही। सितंबर के दौरान कुल 16.82 लाख सदस्यों में से लगभग 9.34 लाख नए सदस्य पहली बार ईपीएफओ के दायरे में आए हैं।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Azeem Ahmad, S/o. Naseem Ahmad, R/o. D-1/2, Abul Fazal Enclave-II, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my Daughter's name has been wrongly mentioned in her School's record as Alizah Khan instead of Alizah Ahmad.

PD(90203)A


## एयर इंडिया एक्सप्रेस बहरीन, दम्मम के लिए शुरू करेगी उड़ान सेवा

**तिरुवनंतपुरम।** एयर इंडिया एक्सप्रेस तिरुवंतपुरम से अगले दो हफ्ते में पश्चिम एशिया तक दो नई अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा शुरू करेगी। तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यहां से सऊदी अरब के दम्मम तक नई उड़ान एक दिसंबर से और बहरीन तक 30 नवंबर से शुरू होगी। इसमें बताया गया कि तिरुवनंतपुरम-बहरीन मार्ग पर हवाई सेवाओं का संचालन करने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस दूसरी एयरलाइन है, इससे पहले यहां केवल गल्फ एयर ही परिचालन करती है और इस मार्ग पर एक हफ्ते में उसकी सात उड़ानें हैं। वहीं तिरुवनंतपुरम-दम्मम मार्ग पर यह पहली सेवा होगी।

बहरीन के लिए उड़ान सेवा बुधवार और रविवार को मिलेगी, वहीं दम्मम के लिए विमान यहां से मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को रवाना होगा। दोनों सेवाओं के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है।

## ओएनजीसी तेल, गैस उत्पादन में गिरावट के रुख को पलटेगी

### नई खोजों में अरबों डॉलर का निवेश करेगी

भाषा। नई दिल्ली

**देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस** उत्पादक कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) इस साल उत्पादन में गिरावट के पिछले कई वर्षों से जारी सिलसिले को पलटेगी। कंपनी का इरादा धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ाने का है। कंपनी नई खोजों से उत्पादन के लिए अरबों डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी के प्रबंधन ने निवेशकों को यह जानकारी दी। ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 2.17 करोड़ टन कच्चे तेल का उत्पादन किया। इसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। इसके अलावा कंपनी ने 21.68 अरब घनमीटर (बीसीएम) प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया जाता है। इसका उपयोग बिजली, उर्वरक के उत्पादन में किया जाता है। साथ ही इसका इस्तेमाल वाहनों में सीएनजी के रूप में किया जाता है। चालू वित्त वर्ष (2022-23) में कच्चे तेल का उत्पादन बढ़कर 2.28 करोड़ टन और गैस का उत्पादन 22.09 अरब घनमीटर होने का अनुमान है। कंपनी प्रबंधन ने पिछले सप्ताह दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। अगले वित्त वर्ष में तेल का उत्पादन 2.46 करोड़ टन और 2024-25 में 2.56 करोड़ टन तक बढ़ने का अनुमान है। प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2023-24 में 25.68 बीसीएम और 2024-25 में 27.52 अरब घनमीटर तक बढ़ने की उम्मीद है। ओएनजीसी की निदेशक (वित्त) पोमिला जसपाल ने कहा, हमने गिरावट के रुख को पलटा है। ओएनजीसी का देश के घरेलू उत्पादन में करीब 71 प्रतिशत योगदान है। ओएनजीसी के उत्पादन क्षेत्र काफी पुराने हैं। इस वजह से पिछले एक दशक से अधिक से कंपनी का उत्पादन धीरे-धीरे घट रहा है। सरकार उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत ओएनजीसी के बड़े तेल और गैस क्षेत्रों को निजी और विदेशी कंपनियों को देने पर विचार कर रही थी, लेकिन इसपर उसे आंतरिक रूप से विरोध का सामना करना पड़ा है।

# अखिलेश ने मंच पर शिवपाल के पैर छुए चाचा बोले-भतीजे से कभी दूरियां नहीं रहीं

भाषा। इटावा

**उत्तर प्रदेश** की मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (प्रसपा) के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव के बीच मनमुटाव दूर होने का दृश्य रविवार को देखने को मिला, जब मंच पर अखिलेश ने शिवपाल के पैर छुए और जोर देकर कहा कि चाचा-भतीजे के बीच दूरियां कभी नहीं रहीं।

शिवपाल ने भी अपने संबोधन में सपा उम्मीदवार डिंपल यादव की बड़ी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद उनके प्रतिनिधित्व वाली मैनपुरी सीट पर उपचुनाव के लिए पांच दिसंबर को मतदान होना है। सपा ने इस सीट पर अखिलेश की पत्नी और मुलायम की पुत्रवधू डिंपल यादव को उम्मीदवार बनाया है। रविवार को पारिवारिक गढ़ सैफई में आयोजित एक चुनावी रैली में अखिलेश यादव ने कहा, उपचुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब नेताजी (मुलायम सिंह यादव) हमारे बीच नहीं हैं। पूरे देश की नजरें इस उपचुनाव पर हैं और मैं कह सकता हूं कि पूरा देश समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत का गवाह बनेगा। अखिलेश ने भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, कई बार लोग कहते हैं कि बहुत दूरियां हैं। आप सबको बता दूं कि चाचा-भतीजे में कभी दूरियां नहीं थीं। हमारी राजनीति में दूरियां थीं। उन्होंने कहा, मैंने कभी चाचा-भतीजे के रिश्ते में दूरियां नहीं मानीं और मुझे इस बात की खुशी है कि राजनीति की दूरियां भी आज खत्म हो गईं। इसलिए उसे (भाजपा को) घबराहट हो रही होगी, क्योंकि वह जानती है कि जसवंतनगर ने मन बना लिया है, करहल साथ चल दिया है, मैनपुरी के लोग समर्थन में हैं और भोगांव भी सपा के पक्ष में है। अखिलेश की इस टिप्पणी के बाद रैली में उमड़ी भीड़ ने जोरदार तालियां बजाईं। उत्तर प्रदेश विधानसभा में जसवंत नगर और करहल सीट का प्रतिनिधित्व क्रमशः शिवपाल और अखिलेश करते हैं। रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान अखिलेश ने शिवपाल और सपा महासचिव राम गोपाल यादव के साथ मंच साझा किया। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव से पहले अखिलेश ने बृहस्पतिवार को अपनी पत्नी और पार्टी उम्मीदवार डिंपल यादव के साथ शिवपाल से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने ट्वीट किया था, नेताजी और परिवार के बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ-साथ मैनपुरी की जनता भी हमारे साथ है। अखिलेश ने शिवपाल के साथ ली गई एक तस्वीर भी साझा की थी। वहीं, शिवपाल ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की थी और उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। चुनाव में शिवपाल की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनका विधानसभा क्षेत्र जसवंत नगर मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। शिवपाल का मैनपुरी की जनता से गहरा नाता है और सपा संस्थापक के न रहने पर क्षेत्र मं होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में वह मुलायम के प्रतिनिधि के तौर पर जाते थे। शिवपाल का डिंपल के पक्ष में प्रचार करना इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि भाजपा ने रघुराज सिंह शाक्य को टिकट दिया है, जो कभी शिवपाल के करीबी रहे थे। मैनपुरी में मतदान पांच दिसंबर को होगा, जबकि वोटों की गिनती आठ दिसंबर को की जाएगी। क्षेत्र में मुकाबला मुख्य रूप से सपा की डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य के बीच है। मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र-मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल और जसवंत नगर आते हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में सपा ने करहल, किशनी और जसवंत नगर सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि मैनपुरी और भोगांव सीटों में भाजपा को विजय हासिल हुई थी। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि यह पहली सरकार है, जो अपने वादों को भूल गई है। सपा प्रमुख ने अपना हमला और तेज करते हुए कहा, जब दूरी होती है तो कहते हैं कि झगड़ा है और जब हम एक हो जाते हैं तो वे हमें परिवारवादी पार्टी कहते हैं, यही समस्या भाजपा के लोगों की है और रहेगी, क्योंकि वे हर जगह कमियां ढूंढते हैं। भाजपा पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाते हुए यादव ने कहा कि हमें नेताजी ने हमेशा भाईचारे और सौहार्द की राजनीति सिखाई है। सपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को नेताजी के दिखाए रास्ते पर चलना होगा और देश और समाज की दिशा बदलनी होगी। उन्होंने कहा, अगर नेताजी अड़े न होते तो लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे 23 महीने के अंतराल में नहीं बन पाता। इस एक्सप्रेस-वे को देश का सबसे अच्छा एक्सप्रेस-वे पाया गया। जब उन्हें (नेताजी) शिलान्यास के लिए आमंत्रित किया गया था तो शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा था कि वे शिलान्यास तभी करेंगे, जब उन्हें उद्घाटन की तारीख पता होगी. जिस दिन शिलान्यास हुआ था, उस दिन नेताजी का जन्मदिन था, और जिस दिन उसका उद्घाटन हुआ था, उसी दिन भी उनका जन्मदिन था। अपने संबोधन में शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा ने गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और उसने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान करने का काम किया है, जनता को किसी भी कार्यालय में जाना पड़े तो रिश्वत देनी पड़ती है।

# मुलायम के सम्मान में एकतरफा वोटिंग के लिए तैयार है मैनपुरी:गोप



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व कैबिनेट मन्त्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप' ने लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी के चुनाव में सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव के प्रचार में प्रवास के दौरान सघन जनसम्पर्क कर वोट मांगा। इस मौके पर पूर्व मन्त्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप' के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह एवं अमेठी गौरीगंज विधायक राकेश सिंह समेत पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहे। इस दौरान अरविन्द कुमार सिंह 'गोप' ने जनता से सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील किया साथ ही सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य सभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव से मुलाक़ात कर चुनाव प्रचार की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर श्री गोप ने कहा कि नेताजी जब पहली बारा चुनाव लड़े थे तब से मैं मैनपुरी के चुनाव में हर बार आता रहा हूँ, पहली बार ऐसा देख रहा हूँ कि मैनपुरी की जनता एक स्वर में नेता जी (मुलायम सिंह यादव) को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये सपा के पक्ष में एक तरफा मतदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यहाँ के लोग मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा किये गये ऐतिहासिक विकास कार्यों की चहुँओर सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि मैनपुरी की जनता ने मन बना लिया है कि डिम्पल यादव को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर लोकसभा भेजना है। श्री गोप ने कहा कि हमारे नेता और कार्यकर्ता भाजपा के दुष्प्रचार से सावधान रहें। नेताजी ने हम सब को भाईचारे और सौहार्द की राजनीति सिखाई है। सिखाया है कि सभी का सम्मान कैसे किया जाए। हम लोगों को सभी जातिए वर्गए धर्म के लोगों को साथ लेकर चलना है और विकास की राजनीति करनी है।

# मैनपुरी लोकसभा सीट सपा से छीन लेगी भाजपा :जयवीर सिंह

**मैनपुरी।** मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव की एकजुटता के बीच उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दावा किया कि भाजपा उपचुनाव में सपा से यह सीट छीन लेगी।

मंत्री ने यह भी कहा कि सपा उम्मीदवार डिंपल यादव को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र करहल और शिवपाल यादव के निर्वाचन क्षेत्र जसवंतनगर में भी हार का सामना करना पड़ेगा। पर्यटन मंत्री ने यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, यहां के लोग सपा की गुंडागर्दी, संपत्तियों पर अवैध कब्जे, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों और रंगदारी वसूली से परेशान हो चुके हैं। ए कुछ उदाहरण मात्र हैं जिनकी वजह से यहां के लोग डर और आतंक के साए में जीने को मजबूर हैं। भाजपा निश्चित रूप से सपा की डिंपल यादव को हराकर यह सीट छीन लेगी। उन्होंने कहा कि उपचुनाव



में भाजपा के उम्मीदवार रघुराज सिंह शाक्य जसवंतनगर क्षेत्र से हैं। उन्हें हर जाति, वर्ग और धर्म के लोगों का सम्मान हासिल है। वह लोगों की समस्याएं सुनने के लिए मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई है। इस सीट के उपचुनाव के तहत आगामी पांच दिसंबर को मतदान होगा जबकि परिणाम आठ दिसंबर को घोषित होगा। इस उपचुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव आपसी तनातनी के बाद पहली बार एक मंच पर दिखाई दिए और अखिलेश ने अर्से बाद सार्वजनिक मंच पर शिवपाल के पैर छुए। मंत्री जयवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार का दावा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कि सरकार के शासन में लड़कियां और महिलाएं रात में भी बिना किसी भय के सुरक्षित बाहर निकल सकती हैं। लड़कियां गुंडों के भय से मुक्त होकर अपने स्कूल जा सकती हैं।

# हिंदूवादी नेता की हत्या के मामले में प्रभारी निरीक्षक, एसआई लाइनहाजिर

**बदायूं।** जिले के मूसाझाग थाना क्षेत्र में विश्व हिंदू सेवा दल की जिला इकाई के अध्यक्ष व हिंदूवादी नेता प्रदीप कश्यप की हत्या के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने थाना मूसाझाग के प्रभारी एवं संबंधित क्षेत्र के उपनिरीक्षक को लाइन हाजिर (पुलिस लाइन से संबद्ध) करते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने रविवार को बताया कि मूसाझाग थाना क्षेत्र के तहत आने वाले गिधौल गांव में विश्व हिंदू सेवा दल के जिलाध्यक्ष प्रदीप कश्यप (30) की मौत मामले में प्रथम दृष्टया शिथिलता पाए जाने पर प्रभारी निरीक्षक मूसाझाग राजेश कुमार और हल्का उपनिरीक्षक चंद्र पाल सिंह को लाइन हाजिर करते हुए विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राशन कोटे को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद का समझौता कराने पहुंचे प्रदीप कश्यप की शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को गांव से लौटते समय हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने पुलिस पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा था कि चार दिन पूर्व ही मृतक थाने में अपनी हत्या की आशंका को लेकर प्रार्थना पत्र देकर आया था और पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों का आरोप है कि अगर पुलिस ने थोड़ी सी भी गंभीरता दिखाई होती तो प्रदीप की हत्या नहीं हुई होती। परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर सूत्रों ने बताया कि मूसाझाग थाना क्षेत्र के गिधौल गांव निवासी कश्यप ने अनियमितताओं को लेकर गांव के कोटेदार की हाल ही में मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत की थी और इसी बात को लेकर कोटेदार से उनकी रंजिश थी। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ओ पी सिंह ने बताया कि कश्यप के शव के पास उनका चौपहिया वाहन एवं एक तमंचा भी मिला है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने गांव के कोटेदार धीरेंद्र पर हत्या का शक जाहिर किया है।

**बलिया में हत्या के छह साल पुराने मामले में पांच दोषियों को आजीवन कारावास:** बलिया। बलिया जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति की हत्या के छह साल पुराने मामले में पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने रविवार को यह जानकारी दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पाल राणा की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद लोहा राम, देवेंद्र राम, जितेंद्र राम, शिवकुमारी देवी और गीता को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। एक अन्य आरोपी बीरबल की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। अभियोजन पक्ष ने बताया कि बलिया के नगरा थाना क्षेत्र के चचया गांव के मालीराम (55) की सात मार्च 2016 को हत्या कर दी गई थी। पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के मुताबिक, मालीराम अपने खेत की तरफ गया था, तभी गांव के ही रहने वाले लोहा, देवेंद्र, जितेंद्र, बीरबल, शिवकुमारी और गीता ने लाठी व डंडों से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में मालीराम के पुत्र की तहरीर पर लोहा, देवेंद्र, जितेंद्र, बीरबल, शिवकुमारी और गीता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद सभी छह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पाल राणा की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला दिया।

## दुल्हन जेवरात लेकर फरार, दूल्हे ने दर्ज कराई एफआईआर

**बांदा।** फिल्मी स्टाइल पर चट मंगनी पट ब्याह में महोबा जिले का एक युवक ठगी का शिकार हो गया। दुल्हन बीच रास्ते से बहिन को कपडे दिलाने के बहाना करके नगदी और जेवरात लेकर परिजनों के साथ फरार हो गयी। दूल्हा खाली हाथ मलता रह गया दुल्हन फुर्र से फरार हो गईएपीड़ित परिवार ने बिसंडा थाना में मामले की शिकायत करके एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आपको बताते चलें कि महोबा तहसील के कुलपहाड़ के नौगांव के रहने वाले मुरालीलाल ने पुलिस में शिकायत करने के दौरान कहा कि वो अपने बेटे मदनपाल की शादी के लिए रिश्ता खोज रहे थे, तभी एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति से मुलाकात हुईए जो बिचौलिया था उन्होंने चित्रकूट जिले में बेटे की शादी के लिए लड़की दिखाने के लिए भरतकूप बुलायाए जहां एक परिवार की 2 लड़कियां दिखाई गईंए इत्तेफाक ऐसा था कि दोनों पसंद नही आईं। इस पर उसी व्यक्ति ने दूसरे दिन 2 और लड़कियों को दिखाने के लिए अतर्रा थाना क्षेत्र में बुलायाए जहां 2 लड़कियों की देखासुनी हुई, जिसमे से 24 वर्षीय लड़की पसंद आ गयी बस शादी की बातचीत शुरू हो गयीए लड़के वालों ने रिश्ता तय करने के लिए तैयार हुए और एक माह बाद शादी की बात कहीं लेकिन बिचौलिए ने तुरंत उसी दिन शादी करने का प्रस्ताव किया और शादी में गरीबी बताकर जेवर और कपड़े खरीदने के लिए पैसों की डिमांड की गई। लड़के वालों ने सभी की बातों में विश्वास करके 50 हजार रुपये दे दिए और दिन में एक दूसरे को माला डालकर शादी हुई। बाकायदा उसी दिन विदाई भी हो गयी। मुरालीलाल ने यह भी बताया कि शादी बौद्ध धर्म के मुताबिक हुईए विदाई के वक्त दुल्हन के साथ उसकी छोटी बहन और चाचा साथ चलकर दूल्हे के घर देखने की बात कहकर साथ ऑटो से चल दियेए बीच रास्ते पर दुल्हन की बहन को कपड़े खरीदने के लिए रास्ते मे रुक गएए दुल्हन अपनी बहन के साथ कपड़े खरीदने के बहाने निकलकर रफूचक्कर हो गयी और कुछ देर बाद चाचा भी खोजने के बहाने भाग निकला। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत कर दुल्हन, उसकी बहन, चाचा और शादी के बिचौलिए करने वाले के खिलाफ420 और 406 यानी ठगी और विश्वास में धोखा देना की धाराओं में केस दर्ज कराया है। अप्पर पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास मिश्र ने बताया कि एक मामला संज्ञान में आया थाए जिसमे वादी पक्ष ने लड़कियों के शादी के बाद कुछ सामान लेकर लापता होने की शिकायत की हैए जिसमे बिचौलिए सहित 4 लोगो के खिलाफकेस दर्ज कर लिया हैए आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## मैरिंगो हॉस्पिटल ने वाराणसी में शुरू की अपनी पहली ओपीडी

**वाराणसी।** फरीदाबाद.एनसीआर के अग्रणी अस्पतालों में शुमार मैरिंगो क्यूएआरएजी हॉस्पिटल ने अब उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अपना विस्तार किया हैण् मैरिंगो ने यहां अपनी मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी शुरू की हैण् इस ओपीडी की शुरुआत शहर के एपेक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ मिलकर की गई है›आज से ही इस ओपीडी की शुरुआत हो गई है और हर महीने के पहले व तीसरे शनिवार को ये ओपीडी सेवा उपलब्ध रहेगीण् दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक मरीज यहां आकर डॉक्टरों को दिखा सकेंगेण् जिन्हें भी दिल से जुड़ी बीमारीए लिवरए गैस्ट्रो और फेफड़ों से संबंधित कोई दिक्कत हो तो वे यहां जाकर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से परामर्श ले सकेंगे।ओपीडी के शुभारंभ के मौके पर मैरिंगो क्यूएआरएजी हॉस्पिटल व एपेक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कई डॉक्टर मौजूद रहेण् मैरिंगो हॉस्पिटल में एडल्ट कार्डियक सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट व एचओडी डॉक्टर आदित्य कुमार सिंहए कार्डियोथोरेसिक एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर कामरान अलीए पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट व एचओडी डॉक्टर श्रीनिवास एमण् किनी यहां मौजूद रहें।

## ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** भारत के सबसे भरोसेमंद जर्म प्रोटेक्शन ब्रांड डेटॉल ने अपनी मल्टी.यूज डेटॉल एंटीसेप्टिक क्रीम के लॉन्च के साथ एक नई कैटेगरी में कदम रखा है। डेटॉल की यह एंटीसेप्टिक क्रीम विभिन्न प्रकार के मामूली घावोंए कटनेए खरोंचों में इन्फेक्शन को रोकती है। डेटॉल एंटीसेप्टिक क्रीम डेटॉल पोर्टफोलियो में शामिल एकमात्र प्रोडक्ट है जो पूरे भारत में दवा की दुकानों और फार्मेसियों में एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध है। यह खास श्मेड इन इंडियाश् प्रोडक्ट हैए जो विशेष रूप से भारतीय ग्राहकों की फर्स्ट एड से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

## बांदा में 9 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किया



**बाँदा।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 1354 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।जनपद बांदा में 9 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। नियुक्ति पत्र वितरण के इस कार्यक्रम में विधायक सदर बांदा के प्रतिनिधि श्री रजत सेठ द्वारा एनआईसी में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर एडिशनल सीएमओ एडिप्टी सीएमओए चिकित्सा विभाग के अन्य चिकित्सक एवं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य एनआईसी में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा समस्त स्टाफनर्सों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों पर खरा उतरने का संदेश दिया गया तथा सभी चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों एवं स्टाफनर्स से अपेक्षा की गई कि वे प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था में गुणवत्ता पूर्वक सुधार लाएंगे तथा देश में अपने प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

# बहू से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में ससुर सहित 3 के खिलाफ एफआईआर

**बांदा।** रिटायर्ड फौजी ने अपने फौजी बेटे की बहु के साथ शराब के नशे रात में सोते समय छेड़छाड़ साथ ही जबरन बलात्कार करने का प्रयास किया। महिला ने ससुर के आंख में लाल मिर्ची झोंककर अपनी इज्जत भागकर किसी तरह बचाई और पुलिस थाना पहुँच मामले की शिकायत की हैए बहू की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओ में केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला का पति थल सेना हवलदार के पद पर दिल्ली कैंट में तैनात हैए महिला भी दिल्ली रहती हैए ससुराल आने पर ससुर ने ऐसी घिनौनी हरकत कर दिया। मामला देहात कोतवाली के एक गांव का है। जहां एक महिला ने पुलिस शिकायत के दौरान कहा कि उसके पति दिल्ली कैंट में हवलदार के पद पर तैनात हैंए ससुर भी रिटायर्ड फौजी हैंए बीते दिन वो ससुराल आयी थीए महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि रात में कमरे में सोने के दौरान शराब के नशे में ससुर घुस आया और गलत नियत से पकड़ लियाए अश्लीलता करने लगेए जबरन बलात्कार की कोशिश कर रहा था द्य लाल मिर्ची ने बहू की इज्जत बचा पाए वरना उसकी हालत आज क्या होती है यह कल्पना से परे था घर पर प्रेजेंस आफ माइंड का प्रयोग करने से आप बहुत बड़ी समस्या से निकल सकते हैं आज पीड़िता की सूझबूझ से आज बहुत बड़े संकट से 3 लोगों के चंगुल से बचकर पुलिस थाने तक पहुंच गई यह सत्य कहा गया है नारी सशक्तिकरण यह ठान ले तो कोई चीज असंभव नहीं है अच्छी.अच्छी बुराई नारी सशक्ति करण के सामने ध्वस्त हो जाति हैं तुरंत 112 पर फोन मिलाना तथा अपनी समस्या को तत्काल बिजली की तरह कार्य को अंजाम देना चाहिए जिससे सामने वाले को अटैक करने का मौका ना मिल सके उसको इस पीड़िता ने फॉलो किया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि पूरे प्रकरण को समझते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विवेचना जारी है ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम दंडनात्मक कार्रवाई की जायेगी जिससे इस तरह की पुनरावर्ती ना हो सके कोई भी ससुर इस तरह का कृत्य ना कर सके।

# काशी-तमिल समागम से उत्तर-दक्षिण की साझी संस्कृति और करीब आएगी

भाषा। वाराणसी

**काशी** हिंदू विश्वविद्यालय में एक माह तक चलने वाले काशी-तमिल समागम से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ा है और संबंधित लोग कहने लगे हैं कि इस समागम से उत्तर और दक्षिण की साझी संस्कृति और नजदीक आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फी थिएटर ग्राउंड में पूरे एक महीने तक चलने वाले काशी तमिल समागम की शुरुआत की। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, इस समागम में तमिलनाडु के तीन केंद्रों से 12 समूहों में लगभग 2,500 लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। काशी के केदार घाट पर पांच पीढ़ियों से रहने वाले तमिलनाडु के चंद्रशेखर द्रविड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलों के लिए जो प्रयास किए हैं, उससे विश्वभर के तमिल गौरवान्वित हुए हैं। चंद्रशेखर द्रविड़ काशी में कर्मकांड और संस्कृत की शिक्षा देते हैं। उन्होंने कहा, तमिल और काशी का जुड़ाव युगों-युगों से रहा है। तमिलनाडु में काशी, शिव काशी, तेन काशी, वृद्ध काशी नामक स्थान आज भी काशी-तमिल के जुड़ाव को बताते हैं। आज भी तमिलों के विवाह में जोड़ियों को काशी यात्रा का वचन दिलाया जाता है। द्रविड़ ने कहा, तमिलों के लिए अपने जीवनकाल में एक बार काशी की यात्रा करना अनिवार्य है। यह समागम उत्तर और दक्षिण की साझी संस्कृति को और नजदीक लाने का काम करेगा। पांच पीढ़ी से तमिलनाडु से आ कर काशी में कर्मकांड कराने वाले नारायण धनपति ने कहा कि दक्षिण भारत में चारधाम की यात्रा की तरह ही काशी यात्रा का भी महत्व रहा है। उन्होंने कहा, काशी-तमिल समागम




की कल्पना मोदी जी को मिली दैवीय प्रेरणा से ही संभव हुई है। यह समागम उत्तर और दक्षिण की साझाी संस्कृति को सामने लाने की अनूठी पहल है। तमिलनाडु के विश्वविद्यालय में तमिल भाषा पर शोध कर रहे पेरियाकरुप्पन के ने बताया कि काशी-तमिल समागम में हिस्सा लेने के लिए तमिलनाडु से कुल 210 शोधार्थी काशी आएं हैं। उन्होंने कहा कि काशी-तमिल समागम भारत की दो महान संस्कृतियों के बीच संपर्क और संवाद को गति व प्रगाढ़ता प्रदान करेगा। इससे उत्तर और दक्षिण भारत के रिश्तों को आत्मीय मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि 16 दिसंबर तक चलने वाले इस समागम में तमिलनाडु से 12 समूहों में कुल 2,500 लोगों को काशी आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह में छात्रों का पहला समूह मौजूद था। अधिकारियों के मुताबिक, एक महीने तक चलने वाले काशी-तमिल संगमम कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की इन दो प्राचीन अभिव्यक्तियों के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञोंविद्वानों के बीच अकादमिक आदान-प्रदान, सेमिनार, चर्चा आदि आयोजित किए जाएंगे, जहां दोनों के बीच संबंधों और साझा मूल्यों को आगे लाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि इस समागम का व्यापक उद्देश्य ज्ञान और संस्कृति की इन दो परंपराओं को करीब लाना, हमारी साझा विरासत की एक समझ निर्मित करना और इन क्षेत्रों के लोगों के बीच पारस्परिक संबंधों को मजबूत करना है।अधिकारियों के अनुसार, तमिलनाडु से आए समूह काशी की ऐतिहासिक महत्ता को समझेंगे। इस दौरान तमिलनाडु की विभिन्न सांस्कृतिक टोलियां काशी में अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगी। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की समग्र रूपरेखा और भावना के तहत आयोजित होने वाला यह संगमम प्राचीन भारत और समकालीन एकता को मजबूत करेगा। अधिकारियों के मुताबिक, काशी-तमिल संगमम ज्ञान के विभिन्न पहलुओं-साहित्य, प्राचीन ग्रंथ, दर्शन, आध्यात्मिकता, संगीत, नृत्य, नाटक, योग, आयुर्वेद, हथकरघा, हस्तशिल्प के साथ-साथ आधुनिक नवाचार, व्यापारिक आदान-प्रदान, एजुटेक एवं अगली पीढ़ी की अन्य प्रौद्योगिकी आदि जैसे विषयों पर केंद्रित होगा। इन विषयों पर विचार-गोष्ठी, चर्चा, व्याख्यान, कार्यशाला आदि आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए संबंधित विषयों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन छात्रों, विद्वानों, शिक्षाविदों, पेशेवरों आदि के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा एवं प्रशिक्षण से संबंधित कार्यप्रणालियों, कला एवं संस्कृति, भाषा, साहित्य आदि से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने का एक अनूठा अवसर होगा।

# इक्वाडोर का जीत से आगाज, कतर हारा

## ● कप्तान वेलेंसिया ने दिलाई को 2-0 से जीत

भाषा। अल खोर (कतर)



**कप्तान इनर** वेलेंसिया के दो गोल की मदद से इक्वाडोर ने फीफा विश्व कप के उद्घाटन मैच में रविवार को यहां मेजबान कतर को 2-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। वेलेंसिया ने ग्रुप ए के इस मैच में पहला गोल 16वें मिनट में पेनल्टी पर किया जबकि 31वें मिनट में उन्होंने हेडर से दर्शनीय गोल दागा। विश्वकप के 92 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जबकि मेजबान टीम ने अपना पहला मैच गंवाया। मैच में केवल 11 शॉट की गोल को लक्ष्य करके जमाए गए लेकिन पहली बार विश्वकप में खेल रहे कतर के पांचों शॉट लक्ष्य से बाहर गए। वेलेंसिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही प्रतियोगिता का पहला गोल दाग दिया था लेकिन वीडियो रिव्यू से ऑफ साइड का पता चला और यह गोल अमान्य करार कर दिया गया।

लेकिन विश्वकप 2022 का पहला गोल करने का श्रेय वेलेंसिया को ही मिलना था। उन्होंने खेल के 16वें मिनट में पेनल्टी पर यह गोल किया। कतर के गोलकीपर साद अब्दुल्ला अल शीब ने बॉक्स के अंदर फाउल किया जिससे उन्हें पीला कार्ड और इक्वाडोर को पेनल्टी मिली जिसे उसके कप्तान ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। वेलेंसिया का विश्वकप में यह चौथा गोल था और वह इक्वाडोर की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ऑगस्टन डेलगाडो को पीछे छोड़ा। वेलेंसिया ने 31वें मिनट में हेडर से खूबसूरत गोल करके इक्वाडोर की बढ़त दोगुनी की। तब मोएजेस कैसिडो बड़ी कुशलता से कतर के हाफ में गेंद लेकर गए।

उन्होंने दाहिने छोर पर एंजेलो प्रेसियाडो की तरफ गेंद बढ़ाई जिनके क्रास पर वेलेंसिया ने बेहतरीन हेडर जमाकर अल शीब को कोई मौका नहीं दिया। कतर की टीम शुरू में नर्वस नजर आई और संघर्ष करती दिखी, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ उसने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच आत्मविश्वास हासिल किया। उसके पास गोल करने का सबसे अच्छा मौका पहले हाफ के इंजरी टाइम में आया लेकिन तब अल हैदोस के क्रास पर लगाया गया अलमोज अली का हेडर बाहर चला गया। इक्काडोर ने दूसरे हाफ में शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया।

उसके पास 55वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन अल शीब ने रोमेरियो इबारा के शॉट को बड़ी खूबसूरती से रोक कर कतर पर आया संकट टाला। इसके बाद जब खेल नीरस अंदाज में आगे बढ़ रहा था तब 84वें मिनट में कतर को मौका मिला लेकिन मोहम्मद मुंतारी का शॉट क्रास बार के ऊपर से बाहर चला गया। इक्काडोर दूसरे हाफ में गोल नहीं कर पाया लेकिन इस बीच उसकी रक्षापंक्ति ने दमदार खेल दिखाया और कतर को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

## फ्रांस के स्टार बेंजेमा चोट के कारण विश्व कप से बाहर

**दोहा।** गत चैम्पियन फ्रांस की विश्व कप उम्मीदों को करारा झटका लगा क्योंकि टीम के स्टार स्ट्राइकर करीम बेंजेमा शनिवार को ट्रेनिंग के दौरान बाईं जांघ में चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। बेंजेमा का विश्व कप जीतने का सपना कतर में एक भी मैच खेले बिना ही खत्म हो गया। फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने कहा, करीम बेंजेमा विश्व कप से बाहर हो गए हैं। बाईं जांघ की क्वाड्रीसेप्स मांसपेशियों में खिंचाव के बाद रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर को विश्व कप से बाहर होने के लिए बाध्य होना पड़ा। बेंजेमा टीम के साथ पहले पूर्ण ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा ले रहे थे लेकिन बाईं जांघ में दर्द महसूस करने के बाद उन्हें बाहर होना पड़ा। उन्हें इससे उबरने के लिए तीन हफ्ते लेंगे। वह दोहा में एक अस्पताल में एमआरआई स्कैन के लिए गया, जिसमें दुर्भाग्य से इस खिंचाव की पुष्टि हुई है।

## सेनेगल के खिलाफ नीदरलैंड की कोशिश जीत के साथ अभियान शुरू करने पर



**दोहा।** दिग्गज खिलाड़ी सादियो माने की गैरमौजूदगी में फीफा विश्व कप में भाग ले रहे सेनेगल के खिलाफ शानदार लय में चल रही नीदरलैंड की टीम जीत के साथ अपना अभियान शुरू करना चाहेगी। कोच लुइस वान गाल की देखरेख में पिछले 15 मैचों से अजेय रही नीदरलैंड की टीम 2018 में रूस में हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि नीदरलैंड की यह टीम मजबूत है लेकिन सोमवार को ग्रुप ए के मुकाबले में जब यह टीम मैदान में उतरेगी तो उसके सामने जीत दर्ज करने के साथ यह साबित करने की चुनौती भी होगी कि वे ब्राजील, गत चैम्पियन फ्रांस और अर्जेंटीना की तरह जीत के दावेदारों में शामिल है। कोच के तौर पर वान गाल का यह तीसरा कार्यकाल है और पिछली बार 2014 में वह जब टीम से जुड़े थे तब नीदरलैंड ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

## मौजूदा विश्व कप चक्र में फीफा के राजस्व आंकड़े ने सात अरब 50 करोड़ डॉलर के आंकड़े को छुआ

**दोहा।** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने रविवार को बताया कि उसने कतर में विश्व कप 2022 तक चार साल के व्यावसायिक करार से रिकॉर्ड सात अरब 50 करोड़ डॉलर का राजस्व हासिल किया। फीफा ने अपने 200 से अधिक सदस्य देशों के अधिकारियों के समक्ष आय का खुलासा किया। रूस में 2018 में हुए विश्व कप से जुड़े चार साल के चक्र में हुई राजस्व कमाई से यह एक अरब डॉलर अधिक है। विश्व कप के मेजबान देश के साथ हुए व्यावसायिक अनुबंधों से यह अतिरिक्त कमाई हुई है। कतर एनर्जी शीर्ष स्तर के प्रायोजक के रूप में जुड़ा है और तीसरे टीयर के प्रायोजकों में कतर का बैंक क्यूएनबी और टेलीकॉम कंपनी ओरेडू शामिल है। फीफा के साथ इस साल दूसरे टीयर का प्रायोजक वित्तीय कंपनी क्रिप्टो.कॉम भी जुड़ी।

## फीफा विश्व कप से पहले कतर के सामने खड़ी हुई भीड़ की समस्या

**दोहा।** अधिकारियों ने कतर में शुरू होने वाले विश्व कप का जश्न मनाने वाले एक कसंर्ट (संगीत कार्यक्रम) से हजारों प्रशंसकों को वापस कर दिया। इससे दोहा में आगे की चुनौतियों का पता चलता है कि फीफा के सबसे बड़े टूर्नामेंट में वह लोगों की भीड़ से कैसे निपटता है। इतने से छोटे देश में फुटबॉल के महासमर के लिए 12 लाख फुटबॉल प्रेमियों के पहुंचने की उम्मीद है। निराश प्रशंसकों को आयोजन स्थल के बाहर कतर की पुलिस, सुरक्षा गार्ड और अन्य ने इशारा करती बड़ी बड़ी फोम की उंगलियों, बुलहॉर्न और यातायात नियंत्रण करने वाले डंडों से हजारों लोगों को हटाया। कतर ने टूर्नामेंट स्टेडियम से बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है जिससे फैन जोन्स ही फीफा से जुड़े क्षेत्र होंगे जहां अल्कोहल युक्त बीयर परोसी जाएगी जिससे ज्यादा से ज्यादा प्रशंसक इन जगहों पर इकट्ठा होंगे।

## अमेरिका की कमान एडम्स को, सबसे युवा कप्तान



**दोहा।** टाइलर एडम्स को फुटबॉल विश्व कप में अमेरिका की टीम की कप्तानी सौंपी गई है और वह इस साल के टूर्नामेंट में 23 बरस की उम्र के साथ सबसे युवा कप्तान है। वह साथ ही 1950 में वाल्टर बेहर के बाद फुटबॉल विश्व कप में अमेरिका की कमान संभालने वाले सबसे युवा खिलाड़ी है। इस साल के विश्व कप के लिए घोषित 32 कप्तानों में से अंतिम एडम्स 30 साल से कम उम्र के सिर्फ दूसरे कप्तान है। उनके अलावा इंग्लैंड के फारवर्ड हैरी केन 29 वर्ष के है और 2018 विश्व कप से टीम की कप्तानी कर रहे है जब वह 24 वर्ष के थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के कोच ग्रेग बेरहॉल्टर ने विश्व कप मैच में अमेरिका की वेल्स से भिड़ंत से एक दिन पहले रविवार को कप्तान के रूप में एडम्स के नाम की घोषणा की। यह 2014 विश्व कप के बाद अमेरिका का विश्व कप में पहला मुकाबला होगा। बेरहॉल्टर ने कहा, वह अपने कार्यों और अपने शब्दों से नेतृत्व करता है। न्यूयॉर्क के वेपिंगर के रहने वाले एडम्स इससे पहले नौ बार राष्ट्रीय टीम की कप्तानी कर चुके है जिसमें टीम को सात जीत मिली जबकि टीम को एक हार का सामना करना पड़ा और एक मैच ड्रॉ रहा।

## फीफा का कप्तानों के लिए बना आर्मबैंड नहीं पहनेंगे जर्मनी के गोलीपर नुएर



**दोहा।** जर्मनी के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नुएर विश्व कप मैचों में फीफा के कप्तानों के लिए आधिकारिक आर्मबैंड पहनने का विरोध करेंगे। फीफा के कप्तानों के लिए चलाए गए इस अभियान में केवल कुछ चुनिंदा स्लोगन वाले ही आर्मबैंड (बाजू पर पहनने वाली पट्टी) पहनने की अनुमति दी जाएगी। इस अनुभवी गोलकीपर से जब जर्मनी के ट्रेनिंग शिविर में फीफा की इस नई योजना का विरोध करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हां। विश्व कप के नियमों के अनुसार कप्तान के आर्मबैंड को फीफा द्वारा अधिकृत किया जाना चाहिए और इन्हें फुटबॉल की शीर्ष संस्था द्वारा ही मुहैया कराया जाना चाहिए। लेकिन नुएर ने कहा कि वह वन लव डिजाइन का आर्मबैंड ही पहनेंगे, भले ही इसके लिए उन पर जुर्माना लगा दिया जाए।

# भारत में भी विश्व कप फुटबॉल का चढ़ रहा खुमार





## टीमों की जर्सी और झंडों की खूब हो रही बिक्री

**कोलकाता।** फुटबॉल विश्व कप का खुमार कोलकाता में अपने चरम पर है और यहां का मैदान बाजार विश्व कप के मेजबान कतर की गलियों की तरह हो गया है जहां प्रशंसक अपने चहेते खिलाड़ी की जर्सी और अलग-अलग देशों के झंडे खरीद रहे है। ऐतिहासिक मैदान के एक कोने में स्थिति बाजार में अर्जेंटीना, ब्राजील, पुर्तगाल, जर्मनी और स्पेन जैसे देशों के झंडे और जर्सी खूब बिक रहे है। फुटबॉल के जुनूनी प्रशंसक दुकानों के बाहर कतार लग कर खरीदारी कर रहे है। मैदान बाजार के एक दुकानदार आजिज शेख ने कहा, हम पिछले एक सप्ताह से भारी मांग देख रहे हैं। अर्जेंटीना के झंडे और जर्सी की सबसे अधिक मांग है, इसके बाद ब्राजील का स्थान है। हम उम्मीद करते हैं कि यह जोश पूरे विश्व कप के दौरान जारी रहेगा। कोननगर निवासी दुलाल सरकार ने कहा, मैंने अपने इलाके में और उसके आसपास प्रदर्शन के लिए फुटबॉल खेलने वाले सभी प्रमुख देशों के झंडे खरीदे हैं। मैं पिछले दो दशकों से इस टूर्नामेंट के दौरान ऐसा ही करता हूं। पिछले चार दिनों से रोजाना औसतन करीब 500 जर्सी बिक रही हैं। गरिया में रहने वाले सोहेल खान ने कहा, हम क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल) के बड़े प्रशंसक हैं, और पूरा परिवार फुटबॉल मैच देखते हुए रोनाल्डो के नाम वाला जर्सी पहनता है। इस विश्व कप के लिए मैंने अपने चार साल के बेटे के लिए भी एक जर्सी खरीदी है।

## उपराष्ट्रपति दोहा पहुंचे

**दोहा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को खाड़ी देश की दो दिवसीय यात्रा के लिए दोहा पहुंच गए जिसके दौरान वह फीफा 2022 विश्व कप के उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। धनखड़ कतर राज्य के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के निमंत्रण पर दोहा का दौरा कर रहे है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कतर के दोहा में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## शाहिद अफरीदी की अप्रैल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की संभावना नहीं

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की चोटिल होने के कारण अप्रैल 2023 से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की संभावना नहीं है जिसका मतलब है कि वह इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले पांच टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। अफरीदी को घुटने की चोट के कारण विश्राम दिया गया था लेकिन शनिवार को उन्हें तब एक और झटका लगा जब उन्हें एपेंडिसाइटिस के ऑपरेशन के लिए अस्पताल जाना पड़ा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने कहा, अफरीदी का एपेंडिसाइटिस के लिए आज ऑपरेशन हुआ और उन्हें कम से कम छह सप्ताह के विश्राम की सलाह दी गई है। इसके बाद उन्हें रिहैबिलिटेशन से भी गुजरना होगा।

## एआईएफएफ ने पूर्व भारतीय कप्तान बाबू मणि के निधन पर शोक जताया

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को पूर्व भारतीय कप्तान बाबू मणि के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि वह देश के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। बाबू मणि ने शनिवार को यहां अंतिम सांस ली। वह 59 वर्ष के थे। अपने समय के सबसे कुशल फारवर्ड खिलाड़ियों में शामिल बाबू मणि ने 1984 में कोलकाता में नेहरू कप में अर्जेन्टीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया।

## सूर्यकुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए लंबे समय तक अच्छा करना होगा: साउदी

**माउंट मोनगानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ सूर्यकुमार यादव की 111 रन की नाबाद पारी ने टी20 प्रारूप में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में उनके रुतबे और और बढ़ाया है लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने कहा कि खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भारत का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने के लिए उन्हें खुद को लगातार साबित करते रहना होगा। उन्होंने भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज को गेंदबाजी की तो उन्होंने कहा, भारत के पास कई महान टी20 खिलाड़ी रहे है।

## विश्व कप में खेलने के बारे में नहीं सोच रहे हेल्स

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले एलेक्स हेल्स के लिए यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा पारी की तरह है जहां वह इंग्लैंड और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टीमों के लिए टी20 क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

# सूर्य के ताप में झुलसी कीवी टीम



## दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 65 रन से हराया

## दूसरा टी20 शतक, भारत श्रृंखला में 1-0 से आगे

भाषा। माउंट मोनगानुई

**शानदार फॉर्म** में चल रहे सूर्यकुमार यादव (51 गेंद, नाबाद 111 रन) के तूफानी शतक से भारत ने रविवार को यहां दूसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड को 65 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। सूर्यकुमार (11 चौके और सात छक्के) ने एक बार फिर तेजतर्रार बल्लेबाजी कौशल का नजारा पेश किया और उनके दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से भारत ने छह विकेट पर 191 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए जिससे टीम 18.5 ओवर में 126 रन पर सिमट गई। उसके लिए कप्तान केन विलियमसन (61 रन) के अर्धशतक के अलावा कोई बड़ा योगदान नहीं कर सका। भारतीय गेंदबाजों में कामचलाऊ ऑफ स्पिनर दीपक हुड्डा सबसे सफल रहे जिन्होंने 19वें ओवर में तीन विकेट से 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। युजवेंद्र चहल (26 रन देकर दो विकेट) के लिए यह अच्छी वापसी रही, जिन्हें हालिया टी20 विश्व कप में एक भी मैच में नहीं खिलाया गया था। उन्हें और मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले जबकि भुवनेश्वर कुमार और वाशिंगटन सुंदर के खाते में एक एक विकेट आए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी नहीं की। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रृंखला का तीसरा टी20 22 नवंबर को नेपियर में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर करारा झटका लगा जब फिन एलेन खाता भी नहीं खोल सके और भुवनेश्वर कुमार की आउटस्विंग लेती गेंद पर थर्ड मैन में कैच दे बैठे। डेवोन कॉनवे (22 गेंद में 25 रन) और विलियमसन (52 गेंद) ने 56 रन की साझेदारी निभाई लेकिन जरूरी रन गति को बनाए रखने के लिए बड़े शॉट नहीं लगा सके।

## टी20 शतक लगाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बने

**माउंट मोनगानुई।** सूर्यकुमार यादव खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए एक कैलेंडर वर्ष में दो शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। कप्तान रोहित शर्मा (चार) 2018 में एक कैलेंडर वर्ष में दो टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज है। न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को 111 रन की नाबाद पारी के साथ सूर्यकुमार उन भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो या उससे अधिक शतक लगाए है। इस सूची में सूर्यकुमार से पहले रोहित और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (दो) शामिल है। सूर्यकुमार ने इस प्रारूप में अपना पहला शतक इसी साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ लगाया था। रविवार को भारत की पारी के बाद सूर्यकुमार ने प्रसारकों से कहा, टी20 क्रिकेट में शतक हमेशा खास होता है। मै इस तरह से बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हूं, मै अभ्यास के दौरान नेट सत्र में भी ऐसा ही करता हूं। मै इससे बहुत खुश हूं। सूर्यकुमार 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर लगातार चौके जड़कर तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचे। पिछले साल मार्च में टी20 प्रारूप में पदार्पण करने के बाद से सूर्यकुमार शानदार फॉर्म में है।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** : किशन का साउदी बो सोढी 36, पंत का साउदी बो फर्ग्यूसन 06, सूर्यकुमार नाबाद 111, अय्यर हिट विकेट बो फर्ग्यूसन 13, पंड्या का नीशाम बो साउदी 13, हुड्डा का फर्ग्यूसन बो साउदी 00, सुंदर का नीशाम बो साउदी 00, भुवनेश्वर नाबाद 01, **अतिरिक्त** : 11, **कुल योग** : 20 ओवर में छह विकेट पर 191 रन, **विकेट पतन** : 1-36, 2-69, 3-108, 4-190, 5-190, 6-190, **गेंदबाजी** : साउदी 4-0-34-3, मिल्ने 4-0-35-0, फर्ग्यूसन 4-0-49-2, नीशाम 1-0-9-0, सोढी 4-0-35-1, सैंटनर 3-0-27-0

**न्यूजीलैंड पारी** : एलेन का अर्शदीप सिंह बो भुवनेश्वर 00, कॉनवे का अर्शदीप सिंह बो वाशिंगटन सुंदर 25, विलियमसन बो मोहम्मद सिराज 61, फिलिप्स बो चहल 12, मिशेल का अय्यर बो हुड्डा 10, नीशाम का ईशान किशन बो चहल 00, सैंटनर का एवं बो मोहम्मद सिराज 02, मिल्ने का अर्शदीप सिंह बो हुड्डा 06, सोढी स्ट पंत बो हुड्डा 01, साउदी का पंत बो हुड्डा 00, फर्ग्यूसन नाबाद 01, **अतिरिक्त** : 08, **कुल योग** : 18.5 ओवर में 126 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-0, 2-56, 3-69, 4-88, 5-89, 6-99, 7-124, 8-125, 9-125, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 3-0-12-1, अर्शदीप 3-0-29-0, सिराज 4-1-24-2, सुंदर 2-0-24-1, युजवेंद्र 4-0-26-2, हुड्डा 2.5-0-10-4

# मैं चाहता हूं और अधिक बल्लेबाज गेंद से योगदान दें : हार्दिक

भाषा। माउंट माउंगानुई



**भारत के** कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या समझते हैं कि बल्लेबाजों को जब गेंद थमाई जाएगी तो वे हर बार सफल नहीं होंगे लेकिन वह बेहतर गेंदबाजी विकल्पों के लिए अपनी टीम में और अधिक बल्लेबाजी हरफनमौलाओं को देखना चाहते हैं। ऑलराउंडर दीपक हुड्डा ने अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से चार विकेट चटकाए जिससे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रन से हराया। हुड्डा निचले मध्यक्रम में प्रभावी बल्लेबाज भी हैं। पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। सभी ने योगदान दिया लेकिन यह निश्चित रूप से सूर्या की एक विशेष पारी थी। हम 170-175 रन के स्कोर में भी खुश रहते। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और यह मानसिकता में आक्रामक होने के बारे में था। इसका मतलब हर गेंद पर विकेट लेना नहीं है लेकिन गेंद के साथ आक्रामक होना महत्वपूर्ण है। मैदान काफी गीला था इसलिए गेंदबाजों को श्रेय जाता है। मैंने काफी गेंदबाजी की है, भविष्य में मैं और अधिक गेंदबाजी विकल्प देखना चाहता हूं। ऐसा नहीं है कि यह हमेशा काम करेगा लेकिन मैं चाहता हूं कि अधिक बल्लेबाज गेंद से योगदान दें।

## टेस्ट टीम का बुलावा भी जल्द आ रहा है : सूर्यकुमार

**माउंट मोनगानुई।** विविधता पूर्ण स्ट्रोक लगाने में माहिर और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अनहोनी को होनी करने में विश्वास रखने वाले सूर्यकुमार यादव की निगाहें अब टेस्ट टीम में जगह बनाने पर टिकी है और उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें लंबे प्रारूप में खेलने का बुलावा आ सकता है। सूर्यकुमार से जब टेस्ट टीम में जगह बनाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, आ रहा है, वह (टेस्ट टीम में चयन) भी आ रहा है।

## युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: विश्वनाथ, वंशज सहित आठ भारतीय मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में

भाषा। नई दिल्ली

**गत एशियाई** युवा चैंपियन विश्वनाथ सुरेश और वंशज सहित आठ मुक्केबाजों ने स्पेन के ला नूसिया में चल रही युवा पुरुष एवं महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेन्नई के विश्वनाथ (48 किग्रा) ने इटली के अत्रावियो सल्वाटोर के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। सोनीपत के वंशज (63.5 किग्रा) ने भी अपनी ताकत और तकनीकी दक्षता का नजारा पेश करते हुए स्पेन के काकुलोव एनरिक को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जादुमनी और आशीष ने क्रमश: स्पेन के जिमिनेज एसियर और फिलीपीन्स के पामिसा एजेय को हराया जबकि दीपक ने अर्जेन्टीना के लेइवा एंटोनियो को हराया।

## एरिगेसी ने लिएम ली को हराया, प्रगानानंद को कार्लसन से मिली शिकस्त



**सान फ्रांसिस्को।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने रविवार को यहां मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स में स्पीड गेम के विशेषज्ञ क्वांग लिएम ली पर शानदार जीत हासिल की लेकिन हमवतन आर प्रगानानंद को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। एरिगेसी वियतनाम के प्रतिद्वंद्वी पर 2.5-0.5 की इस जीत से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि प्रगानांनद छठे दौर के बाद सातवें स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। कार्लसन ने भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर को 2.5-0.5 से शिकस्त देकर एक राउंड रहते ही टूर फाइनल्स जीत लिया। नार्वे के इस सुपरस्टार के 17 अंक हैं और वह बाकी खिलाड़ियों से पूरे पांच अंक आगे हैं। अमेरिका के वेस्ले सो ने पोलैंड के जीएम जान क्रिस्तोफ डुड को 3-0 से हराया जिससे वह 12 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर हैं।

## जोकोविच फाइनल में भिड़ेंगे रूड से



**तूरिन।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच सत्र के अंतिम प्रतिष्ठित एटीपी फाइनल्स में खिताब के लिए तीसरे वरीय कैस्पर रूड के सामने होंगे। जोकोविच की निगाहें अपना छठा एटीपी फाइनल्स खिताब जीतकर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर लगी हैं। उन्होंने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 7-6 (5), 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं रूड ने आंद्रे रूबलेव को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

## पुजारा को आखिर मिली अर्जुन पुरस्कार ट्राफी

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को अर्जुन पुरस्कार के लिए सिफारिश किए जाने के पांच साल बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। पुजारा अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण 2017 में पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। शनिवार को आखिरकार यहां हैंड ओवर (पुरस्कार सुपुर्द) समारोह में उन्हें ट्रॉफी उठाने का मौका मिला। खेल मंत्री से अनुराग ठाकुर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने ट्वीट किया, बीसीसीआई और अनुराग ठाकुर को बाद में अर्जुन पुरस्कार सौंपने के लिए यह सम्मान आयोजित करने के लिए धन्यवाद। इसे मैं अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण उस साल ले नहीं पाया था। इसे लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आभारी हूं। पुजारा सौराष्ट्र के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, वह विजय हजारे ट्राफी के लिए राजधानी दिल्ली में हैं। वह भारत ए टीम का हिस्सा होंगे जो अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी।

# टेस्ट कप्तान स्टोक्स टी20 विश्व कप की अपनी पारी से सफलता के बारे मे सीख सकते है : चैपल

भाषा। नई दिल्ली



**ऑस्ट्रेलिया के** पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को टी20 विश्व कप में अपने मैच जिताने वाले प्रदर्शन से काफी कुछ सीख सकते है। स्टोक्स ने टी20 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाकर एक बार फिर से बड़े मैचों में अपने कौशल का लोहा मनवाया। उन्होंने 2019 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल और एशेज टेस्ट श्रृंखला में यादगार पारियां खेली। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अपने कॉलम में लिखा कि स्टोक्स कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर अपनी हालिया टी20 सफलता से काफी कुछ सीख सकते हैं। बड़े मैचों में स्टोक्स का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का शानदार रिकॉर्ड है। उन्होंने टेस्ट और एक दिवसीय मैचों में कई उल्लेखनीय पारियां खेली है। उन्होंने अब टी20 क्रिकेट में भी ऐसी उपलब्धि हासिल कर ली है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने विश्व कप टीम में उन्हें शामिल करने की मांग की थी। स्टोक्स अपने अंदाज में ही खेले। उन्होंने लीग चरण में समय लिया लेकिन श्रीलंका के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले से बेहतर प्रदर्शन करने लगे। इंग्लैंड के लंबे समय तक खराब प्रदर्शन को देखते हुए स्टोक्स को इस साल की शुरुआत में जो रूट की जगह टेस्ट कप्तान बनाया गया था। उनकी और नए कोच ब्रेंडन मैकुलम की जोड़ी ने कम समय में ही टीम को कुछ बड़ी सफलता दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, कुछ लापरवाह पारियां खेलने के बावजूद स्टोक्स ने टेस्ट कप्तान के रूप में अपने पहले सत्र में चमत्कार वाले नतीजे हासिल किए है।